{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
सोमवार 22 दिसम्बर 2025
पौस शुक्ल 03 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 90
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### गौतस्करों ने किया जवान का अपहरण

कोलकाता। भारत-बांग्लादेश सीमा पर शनिवार तडके कुछ बांग्लादेशी गौतस्करों ने एक बीएसएफ जवान का अपहरण कर लिया। गौतस्कर घनी धुंध का फायदा उठाकर जवान को साथ ले गए। हालांकि बाद में बदमाशों ने जवान को बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड के हवाले कर दिया। दोनों देशों के बीच बातचीत के बाद जवान को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना पश्चिम बंगाल के कोचबिहार जिले के मेखलीगंज इलाके में भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार सुबह करीब 4ः45 बजे हुई। जवान का नाम बेद प्रकाश है। वह बीएसएफ की 174वीं बटालियन में तैनात हैं और अर्जुन कैंप से जुड़े हैं। ड्यूटी के दौरान जवानों ने देखा कि सीमा के एक खाली हिस्से से मवेशियों का एक झुंड भारतीय क्षेत्र में घुस आया। तस्करों को खदेडने् के दौरान बेद प्रकाश बाकी जवानों से कुछ आगे निकल गए।

### सिखों के नगर कीर्तन का रास्ता रोका

अमृतसर । न्यूजीलैंड में लोकल लोगों ने सिख समुदाय की तरफ से निकाले जा रहे नगर कीर्तन का विरोध कर दिया। उन्होंने नगर कीर्तन का रास्ता रोक दिया। इसके बाद आगे खड़े होकर हाका प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने दिस इज न्यूजीलैंड, नॉट इंडिया यानी यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं और न्यूजीलैंड को न्यूजीलैंड ही रहने दो, यह हमारी जमीन है, यही हमारा स्टैंड है के बैनर लहराए। यह प्रदर्शन शनिवार को हुआ। उस वक्त सिख समुदाय का नगर कीर्तन गुरुद्वारे लौट रहा था। हालांकि न्यूजीलैंड पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव किया और प्रदर्शनकारियों को हटा दिया।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा

ईटानगर । अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत भी मिले हैं। सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'हाइब्रिड वॉर' की रणनीति से जोडक़र देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है। राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## कुछ ना कहना




# 'हिंदुओं को होना होगा एकजुट'

## बांग्लादेश में जारी हिंसा पर बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

कोलकाता। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि वहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं। उनके सामने विकट स्थिति है इसलिए उन्हें एकजुट होना होगा।

रविवार को कोलकाता के साइंस सिटी सभागार में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने आगे कहा-'दुनियाभर के हिंदुओं को बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की मदद करनी चाहिए। हमें भी अपनी सीमा के अंदर से उनकी जितनी हो सके, मदद करनी चाहिए। हिंदुओं का एकमात्र देश भारत है। भारत सरकार को भी इसपर ध्यान देना होगा। हो सकता है कि वह इस मामले में पहले से कुछ कर रही हो। कुछ बातें उजागर होती हैं, कुछ नहीं।'

बंगाल में बाबरी मस्जिद के निर्माण के पीछे राजनीतिक साजिश

संघ प्रमुख ने कहा- 'लंबी सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में राममंदिर के पक्ष में निर्णय सुनाया था। राम मंदिर के निर्माण के साथ वह मामला सुलझ गया है। अब बंगाल में बाबरी मस्जिद का निर्माण कर फिर से विवाद खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। दरअसल इसके पीछे राजनीतिक साजिश है। इससे हिंदू-मुस्लिम किसी को

परोक्ष तौर पर आलोचना करते हुए कहा- %सरकार का काम धार्मिक स्थलों का निर्माण करना नहीं बल्कि उनकी सुरक्षा करना होना



भाजपा के बहुत से नेता संघ से जुड़े हैं लेकिन संघ को भाजपा के नजरिए से देखना गलत है। संघ स्वतंत्र संगठन है और इसे इसके अपने विचारों व आदर्शों के आधार पर समझा जाना चाहिए। संघ सिर्फ हिंदू समाज की उन्नति की बात सोचता है, किसी के विरोध के मनोभाव के साथ नहीं चलता। इसका एकमात्र लक्ष्य हिंदू समाज को एकजुट करना है। संघ के विस्तार से बहुतों के स्वार्थ को ठेस पहुंचती है लेकिन संघ का कोई शत्रु नहीं है।'

संघ प्रमुख ने आगे कहा-'भारत को फिर से पराधीन होने से बचाने के लिए हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी है। हिंदू समाज के एकजुट नहीं होने के कारण विभिन्न समय आक्रमणकारियों ने यहां आकर हमपर शासन किया है। मुगलों से लेकर अंग्रेजों तक भारत आठ बार विदेशियों के कब्जे में रहा है। इसकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए हमारा एकजुट होना जरूरी है।' भागवत ने यह भी विश्वास जताया कि भारत एक बार फिर से 'विश्वगुरू' बनेगा।

## हर मतुआ व नामसुद्र परिवार की हम हमेशा सेवा करेंगे, वे टीएमसी की दया पर नहीं

कोलकाता। पीएम नरेंद्र मोदी ने मतुआ समुदाय का जिक्र कर बंगाल के चुनावी माहौल को और भी दिलचस्प बना दिया है। उन्होंने बंगाल के नदिया जिले के रणाघाट क्षेत्र में रणनीतिक दृष्टि से अहम एक स्थान पर जनसभा को संबोधित किया, जहां मतुआ समुदाय का प्रभाव है। मतुआ समुदाय के लोग बांग्लादेश से आए नामसुद्र हिंदू प्रवासी हैं और हाल ही में एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित होने के बाद समुदाय के मताधिकार से वंचित होने का खतरा बढ़ गया है।

पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वह हर मतुआ और नामसुद्र परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि हम हमेशा उनकी सेवा करेंगे। वे पश्चिम बंगाल में टीएमसी की दया पर नहीं हैं। उन्हें सीएए की वजह से भारत में सम्मान के साथ रहने का अधिकार है, जिसे हमारी सरकार लाई है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी सरकार बनने के बाद हम मतुआ और नामसुद्र समुदायों के लिए और भी बहुत कुछ करेंगे। पीएम मोदी ने डिजिटल संबोधन में मतुआ संप्रदाय के धार्मिक नेता और संस्थापक हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर का भी जिक्र किया और उनके योगदान को सराहा। पीएम मोदी ने रैली में इस क्षेत्र के 15वीं सदी के बंगाली संत को श्रद्धांजलि देते हुए 'जॉय निताई' का नारा भी लगाया और एक अन्य संत चैतन्य महाप्रभु के योगदान को भी याद किया। मतुआ समुदाय का इतिहास दो सौ साल से भी अधिक पुराना है। इसकी स्थापना हरिचंद ठाकुर ने की थी। तभी से यह समुदाय राजनीति के साथ गहराई से जुड़ा रहा है। आजादी के बाद प्रमथ रंजन ठाकुर हों, उनके निधन के बाद उनकी पत्नी बीणापाणि देवी, या फिर आज उनके बेटे और पोतेङ्क यह परिवार और समुदाय के चेहरे हमेशा बंगाल की राजनीति में अहम भूमिका निभाते रहे हैं।




### खुफिया रिपोर्ट में खुलासा

## बांग्लादेश को मटियामेट करेगी आईएसआई, भारत के लिए बढ़ेगी दिक्कत

नई दिल्ली। जिस तरह की खुफियां रिपोर्ट आ रहीं हैं वे काफी चौंकाने वाली हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएसआई ने बांग्लादेश को मटियामेट करने का संकल्प लिया हुआ जिसके कारण वहां हालात नहीं सुधर रहे हैं। इससे भारत के लिए भी मुसीबतें बढ़ेगी।

पड़ोसी देश बांग्लादेश इस समय अपने इतिहास के सबसे संवेदनशील और खतरनाक दौर से गुजर रहा है। एक ताजा खुफिया आकलन रिपोर्ट के अनुसार, देश अब 'कंट्रोल्ड ब्रेकडाउन' यानी नियंत्रित पतन की स्थिति की ओर बढ़ रहा है। यह कोई सामान्य राजनीतिक अस्थिरता नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जहां सरकारी संस्थाओं और संवैधानिक ढांचे को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया गया है कि कानून-व्यवस्था का मौजूदा संकट महज किसी आंदोलन का दुष्प्रभाव नहीं है, बल्कि यह एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है ताकि व्यवस्था में एक ऐसा शून्य पैदा किया जा सके, जिसका लाभ कट्टरपंथी और भारत विरोधी ताकतें उठा सकें।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू बांग्लादेश की सेना से जुड़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के मध्य स्तर के अधिकारियों में भारी असंतोष और असुरक्षा का भाव पनप रहा है। चूंकि पुलिस तंत्र लगभग निष्क्रिय हो चुका है, इसलिए सेना को अनिवार्य रूप से अग्रिम मोर्चे पर रहना पड़ रहा है। अधिकारियों की शिकायत है कि उन्हें न तो स्पष्ट राजनीतिक दिशा-निर्देश मिल रहे हैं और न ही कोई कानूनी सुरक्षा। उन्हें डर है कि आज वे जिन हालातों को संभाल रहे हैं, भविष्य में उन्हीं फैसलों के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जा सकता है। इस कारण सेना का मनोबल तेजी से गिर रहा है, जो किसी भी देश की स्थिरता के लिए घातक संकेत है।

# महाराष्ट्र निकाय चुनाव में महायुति की बंपर जीत

## गठबंधन को मिली 213 सीटें, भाजपा सबसे ज्यादा 118, शिंदे को 58 सीटें; उद्धव की पार्टी 9 सीटों पर सिमटी

मुंबई । महाराष्ट्र निकाय चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को बंपर जीत हासिल हुई है। रविवार का जारी हुए 288 सीटों (246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों) के रिजल्ट में महायुति को 213 सीटों पर जीत मिली। गठबंधन में भाजपा 118 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 58 सीटें, एनसीपी अजित को 37 सीटें मिलीं। वहीं, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी के हिस्से केवल 50 सीटें ही आईं। इसमें कांग्रेस 31, शिवसेना उद्धव को 9, शरद पवार की एनसीपी को केवल 10 सीटें ही मिलीं। 25 सीटें अन्य को मिली हैं, जिन्होंने स्थानिक अघाड़ी (लोकल अलायंस) बनाया था।

दरअसल, महाराष्ट्र 288 नगर परिषदों और नगर पंचायत के लिए दो चरणों में चुनाव हुआ था। पहले चरण में 2 दिसंबर को 263




निकायों में मतदान हुआ था। बाकी 23 नगर परिषदों और कुछ खाली पदों पर 20 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। धुले की डोंडाइचा नगर परिषद और सोलापुर की उंगर नगर पंचायत में अध्यक्ष और सदस्यों का चुनाव निर्विरोध हुआ था। जलगांव जिले की जामनेर नगर परिषद में भी अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला नहीं हुआ था। तीनों पदों पर भाजपा ने निर्विरोध जीत हासिल की।

### चुनाव में पैसों की बारिश हुई- राउत

शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राउत ने कहा कि भाजपा को 120-125 सीटें मिलीं, शिंदे ग्रुप को 54 मिलीं और अजित पवार को 40-42 सीटें मिलीं। ये नंबर असेंबली वाले ही हैं, है ना? वही मशीन, वही सेटिंग और वही पैसा। यही हमारी डेमोक्रेसी है। नंबरों में बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। भाजपा ने मशीनें उसी तरह सेट की हैं। इसीलिए वही नंबर दिख रहे हैं। उन्हें कम से कम नंबर तो बदलने चाहिए थे। उन्होंने कहा कि इस इलेक्शन में पैसों की बारिश हुई। उस बारिश से कौन बचेगा? हमारे उगाए और बोए हुए खेत भी उसके आगे झुक गए हैं। भाजपा और शिंदे ग्रुप 30 करोड़ रुपए के बजट वाली म्युनिसिपैलिटी पर 150 करोड़ रुपए खर्च कर रहे हैं। राउत ने कहा कि अभी तक हमने म्युनिसिपल इलेक्शन में कैंपेनिंग के लिए हेलिकॉप्टर और प्राइवेट प्लेन का इस्तेमाल नहीं किया है। हमने ये इलेक्शन वर्कर्स पर छोड़ दिए थे. लेकिन यहां तो मुकाबला रूलिंग पार्टियों के अंदर था। मुकाबला हमारे साथ नहीं था। पावर में बैठी 3 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ खेलती रहीं। इससे बहुत सारा पैसा बना। इससे सचमुच पैसों की बारिश हुई। लोगों को भी पैसे से वोट देने की आदत हो गई है, संजय राउत ने अपना गुस्सा दिखाते हुए कहा।

## बिहार में दिन-रात एकसी बढ़ी ठंड, विभाग ने जारी किया 16 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट

पटना। बिहार में ठंड बढ़ रही है। प्रदेश के सभी 38 जिलों में दिन में भी रात जैसी ठंड पढ़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को 16 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। पटना में आज भी कोल्ड डे वाले हालत हैं। बीते चार दिनों से धूप नहीं निकली है। इधर, मुजफ्फरपुर में घना कोहरा छाया है, विजिबिलिटी 20 मीटर है। बांका में कोहरे की वजह से कंटेनर पलट गया। चालक और खलासी दोनों सुरक्षित हैं। इधर, गयाजी में दादी-पोती की दम घुटने से मौत हो गई। दरअसल, परिवार ने ठंड से बचने के लिए अलाव जलाया था। धुएं के चलते दोनों का दम घुट गया। बच्ची की मां की भी तबीयत बिगड़ गई है। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना वजीरगंज थाना क्षेत्र के दखिनगांव की है।

## दिल्ली पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री से मुलाकात की संभावना

नई दिल्ली। बिहार में हिजाब खींचने वाले मामले को लेकर देशभर में चल रही बयानबाजी और राजनीतिक चर्चा के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को दिल्ली पहुंचे हैं। ऐसे हालात में उनके दिल्ली आगमन को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। दिल्ली में नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात होने की भी संभावना है। दिल्ली पहुंचने पर सीएम नीतीश कुमार का एयरपोर्ट पर केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह ने स्वागत किया। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात हो सकती है। हालांकि फिलहाल इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में बिहार से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ-साथ वर्तमान राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में बिहार में हिजाब विवाद को लेकर देश भर में सियासी बयानबाजी तेज है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री का दिल्ली पहुंचना और प्रधानमंत्री से संभावित मुलाकात कई तरह के राजनीतिक संकेत दे रही है। राजनीतिक गलियारों में इस यात्रा को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

## इंडिगो के हवाई जहाज मे मधुमक्खियों का हमला, यात्रियों में भगदड़

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर चकेरी एयरपोर्ट पर दिल्ली जाने वाली इंडिगो फ्लाइट में मधुमक्खियां के झुंड ने हमला कर दिया। मधुमक्खियां एयरक्राफ्ट के अंदर घुस गई, जिसके कारण यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। यात्री हवाई जहाज से नीचे उतरकर अपने आपको बचाने में लग गए। एयरपोर्ट के कर्मचारियों ने मधुमक्खियां को कीटनाशक छिड़क कर वहां से हटाया। सबसे खास बात यह रही, मधुमक्खी हवाई जहाज के आंतरिक हिस्से में नहीं घुसी थी। जिसके कारण जल्द ही मधुमक्खियों के हमले को काबू में किया गया।

यह घटना शुक्रवार दोपहर की है। विमान जब उड़ान भरने वाला था,उसी समय मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। विदेशी पर्यटकों ने घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जो वायरल हो रहा है। इस घटना के कारण फ्लाइट करीब 4 घंटे देर से दिल्ली के लिए रवाना हो सकी। मधुमक्खियों का हमला,यात्रियों के ऊपर नहीं हुआ।

# ट्रेन का सफर होगा महंगा, 26 से बढ़ेगा किराया

## हर किमी पर 1-2 पैसे ज्यादा लगेंगे, रेलवे को सालाना 600 करोड़ की होगी अतिरिक्त कमाई

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने लंबी दूरी की यात्रा के लिए किराए में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह नया किराया 26 दिसंबर 2025 से लागू होगा। 215 किलोमीटर से ज्यादा का सफर करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। रेलवे का अनुमान है कि इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। हालांकि, 215 किलोमीटर से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। 215 किलोमीटर से कम के सफर पर किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसका मतलब है कि कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा।

### रेलवे को क्यों पड़ी किराया बढ़ाने की जरूरत

रेलवे मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, यह किराया बढ़ोतरी ऑपरेशनल कॉस्ट (परिचालन लागत) में हो रही वृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स को फंड करने के लिए जरूरी है। रेलवे लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने, नई ट्रेनें चलाने और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम कर रहा है। इस किराया बढ़ोतरी से मिली 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का इस्तेमाल इन्हीं कामों में किया जाएगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और इसके नेटवर्क को मेंटेन करने में भारी खर्च आता है।

### साल में दूसरी बार बढ़ाया किराया

इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी। तब नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की थी। वहीं इससे पहले 2020 में यात्री किराया बढ़ाया था।


भूमिपूजन समारोह



राजकुमार कर्राहे
विधायक



रमेश भटेरे
पूर्व विधायक



श्रीमति रेखा कालबेले
अध्यक्ष न.प.लांजी



संदीम रामटेक्कर
उपाध्यक्ष, न.प.लांजी

बिसोनी से नीमटोला लांजी वार्ड क्र.14, 15 भिलाई रोड़ तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य लंबाई 2.10 कि.मी., लागत 219.00 लाख म.प्र. शासन के बजट 2024-25 मे स्वीकृत कार्य के भूमिपूजन पर

आप सभी का स्वागत... अभिनंदन...

दिनांक- 22/12/2025 दिन सोमवार समय-दोप. 01 बजे



श्रीमती वर्षा विजय वारे
सरपंच बिसोनी

कार्यक्रम स्थल
निमटोला बिसोनी मार्ग पर
(श्री दशरूलाल बेलघैया के मकान के पास)
वार्ड क्र. 14 नीमटोला लांजी



पवन कश्यप
उपसरपंच बिसोनी

मुख्य अतिथी
मान. श्री राजकुमार कर्राहे
विधायक लांजी-किरनापुर

कार्यक्रम अध्यक्ष
श्रीमति रेखा कालबेले
अध्यक्ष न.प.लांजी

विशिष्ट अतिथि
मान. श्री रमेश भटेरे
पूर्व विधायक लांजी किरनापुर

विनीत - सरपंच, उपसरपंच, सचिव व समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बिसोनी

# नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेडेस नियम को शिथिल करने की मांग

## मांग पुरी ना होने पर 25 दिसंबर को भोपाल की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन की दी चेतावनी

पदमेश न्यूज ।बालाघाट। वर्षों से लंबी अपनी विभिन्न मांगे पूरी ना होने से शिक्षक वर्ग प्रदेश सरकार से खासा नाराज है।तो वही लाख जद्दोजहद के बावजूद भी वर्षो पुरानी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेडेस नियम को शिथिल करने की मांग भी पूरी नही हो पा रही है।जिससे प्रदेश के शिक्षको में प्रदेश सरकार के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है।जहा नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेडेस नियम को शिथिल करने की मांग को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए अब सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने रणनीति बनाई है।

जिन्होंने अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर रविवार को नगर के मोती गार्डन में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया, तो वही अपनी इन दो सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन भी सौपा है।जिसमें उन्होंने नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ न मिलने और ई-अटेंडेंस नियम को शिथिल न बनने पर 25 दिसंबर को भोपाल पहुंचकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए जाने की बात कही है तो वहीं उन्होंने उस पर भी मांग पूरी न होने पर भोपाल में ही अपनी इन मांगों को पूरा करने के लिए आगामी रणनीति बनाई जाने की चेतावनी दी है।




### रैली निकालकर की नारेबाजी सौपा गया ज्ञापन

राज्य शिक्षक संघ द्वारा कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम सौपे गए ज्ञापन में पदाधिकारियो ने पिछले 25 सालों में उनकी 1 सूत्रीय मांग को अब तक पूरी नहीं किए जाने की बात कही है।जिन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि 1995-96 में भर्ती होने के बाद इन 25 सालों में आज तक प्रदेश सरकार ने उनकी किसी भी मांग पर ध्यान नहीं दिया है, वहीं उनकी मुख्य मांग नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई है.जबकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वयं जनवरी 2018 में इसकी घोषणा की थी लेकिन उनकी यह घोषणा भी पूरी नही हुई।वही घोषणा के बाद भी कई बार किए गए आवेदन निवेदन के बाद भी सरकार द्वारा इस प्रमुख मांग को पूरा नही किया जा रहा है।जिससे समस्त शिक्षक काफी नाराज हैं,जिसके चलते आज संघ के माध्यम से नगर में रैली निकालकर, नारेबाजी कर ज्ञापन सौपा गया है।

### तो 25 दिसंबर को भोपाल की सड़कों में उतरकर करेंगे प्रदर्शन- योगेश बिसेन

जिला अध्यक्ष योगेश बिसेन ने बताया कि राज्य शिक्षक संघ मप्र के प्रांतीय आव्हान पर अपनी दो सूत्रीय मांगे नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और ई-अटेडेस नियम को शिथिल करने की मांग को लेकर इसके पूर्व 7 दिसम्बर को विकाशखण्ड स्तर पर ज्ञापन सौपे गए थे, तो वही आज जिला स्तर पर ज्ञापन सौपकर दोनो मांगो को पूरा करने की गुहार लगाई गई है। उन्होंने बताया कि हमारी नियुक्ति 1995 -98 की है तब से हम काम कर रहे है.हमें प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही वरिष्ठता का लाभ मिलना चाहिए,लेकिन हमारी नियुक्ति 2018 से कर दी गई है इसके अलावा ई अटेंडेंस को लेकर भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कई बार मोबाइल में डाटा नहीं रहता, कई बार मोबाइल में नेटवर्क नहीं मिलता, कई बार साइबर अपराध हो रहे हैं शिक्षकों के खाते से अचानक राशि गायब हो रही है। इन सबको देखते हुए हमने ई अटेंडेंस का नियम जो सिर्फ शिक्षकों पर लागू किया गया है उसे सिथिल करने की मांग की है। यदि इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होती तो 25 दिसंबर को भोपाल की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा जाएगा।वही भोपाल में ही आगामी रणनीति बनाई जाएगी। इस दौरान प्रांतीय महासचिव देवेन्द्र तिवारी, जिला अध्यक्ष योगेश बिसेन, जिला कार्यकारी अध्यक्ष नरेन्द्र राणा, जिला सचिव लक्ष्मी ठाकरे, पुरानी पेंशन बहाली संघ के जिला अध्यक्ष बी के पटेल, सह सचिव हुकुमचंद चौहान, मीडिया प्रभारी कोमल ठाकरे, कोषाध्यक्ष ललित ठाकरे, जिला संरक्षक श्याम बिसेन, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र गोखले, वरिष्ठ मार्गदर्शक शरद ज्योतिषी सलाहकार मंडल से अवधनारायण त्रिपाठी, खेमनलाल लिल्हारे, अरूण भगत, जिला कार्यकारिणी सदस्य राकेश तुरकर, सुरेश डोंगरे, सुरेश हरिनखेडे, नन्द किशोर पटले गिरीश कुमार चौधरी, गिरधर राहंगडाले, श्रीमती देवकन भगत, गिरधारी ठाकरे, कृष्ण कुमार बावनकर, अशोक भगत, श्रीमती विभूति सहारे पुरानी पेंशन बहाली संघ महिला मोर्चा जिला प्रमुख ,श्रीमती ललिता चौधरी, श्रीमती वैशाली तिवारी, श्रीमती रजनी चौहान, श्रीमती निलिमा बिसेन, श्रीमती इंदिरा पटले, श्रीमती सगुफ्ता रंगरेज, श्रीमती सुनीता शुक्ला, अरूण कुमार गोयल ब्लाक अध्यक्ष लालबर्रा, जैनेन्द्र बेदरे, अरविन्द कोरे, लोकराम जैतवार, भूमेश्वर बिसेन, बी के बिसेन, कुमुद कांत राहंगडाले, शरणागत, अरूण पटले, गणराज बिसेन सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## 1 जनवरी को बजरंग सेना निकालेगी हनुमान जी की पालकी यात्रा



पदमेश न्यूज ।बालाघाट। नववर्ष की शुरूआत, हनुमान भक्ति से करने की मंशा को लेकर विगत दो वर्षो से बजरंग सेना, प्रतिवर्ष तीन दिवसीय भगवान हनुमान जी का उत्सव मनाती है। इस वर्ष, बजरंग सेना का यह तीसरा आयोजन है। बजरंग सेना अध्यक्ष यश मंगलानी ने बताया कि जहां लोग नववर्ष के स्वागत पर मांस और मदिरा का सेवन करते है, वहीं हमने युवाओं के साथ मिलकर नववर्ष के आगमन पर भक्तिमय आयोजन करने का प्रयास किया है और विगत दो वर्षो से यह निरंतर जारी है, इस वर्ष, सेना के आयोजन का यह तीसरा वर्ष है। जिसमें 31 दिसंबर को प्रात: 10 बजे, दीनदयालपुरम स्थित हनुमान मंदिर से हनुमान जी की प्रतिमा का आगमन होगा। शाम 7 बजे भजन संध्या का आयोजन सिंधु भवन के सामने किया जाएगा। 1 जनवरी नववर्ष पर प्रात: 11 बजे, सिंधु भवन में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2 बजे भगवान हनुमानजी का अभिषेक, शाम 4 बजे हनुमान जी की पालकी यात्रा निकाली जाएगी। जो सिंधु भवन से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, मेनरोड से काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक होते हुए सिंधु भवन पहुंचेगी। जहां पालकी यात्रा का समापन किया जाएगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 2 जनवरी को प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक पीड़ित मानवता के सेवार्थ रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें बजरंग सेना और इच्छुक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद (भंडारे) का वितरण, हनुमान भक्तों को किया जाएगा। जिसमें जिले के भक्तों से उपस्थिति की अपील संजय मंगलानी, साहिल आहुजा, अंशुल पेसवानी, हिमांशु दावड़ा, प्रथम क्षत्रिय, आकाश वरदानी, यश बिसेन, उपांशु बत्रा, चिराग केशवानी, गौतम अटलानी, तनिश पेसवानी, काव्या बत्रा, निकुंश सांवरे, त्रिभुवन नगपुरे ने की है।

## जिला स्तरीय राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट 7 जनवरी से

### प्रतियोगिता की ओपनिंग सेरिमनी कल,17 जनवरी को प्रतियोगिता का होगा समापन

पदमेश न्यूज ।बालाघाट। जिला स्तरीय राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय राजा भोज क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह प्रतियोगिता नगर के जागपुर घाट स्थित क्रिकेट मैदान में 7 से 17 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।जहा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के आने वाली 16 टीमों के बीच जंगी मुकाबला देखने को मिलेगा, तो वही 17 जनवरी को फाइनल मैच के बाद प्रतियोगिता विजेता टीम को नकद 71,000 रु, तो वही उपविजेता टीम को 41000 नगद पुरस्कार,व ट्राफी का वितरण किया जाएगा।इसके अलावा प्रतियोगिता में खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य खिलाड़ियों को भी विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।जिसकी तमाम जानकारी रविवार को नगर के सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता जिला स्तरीय राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति के पदाधिकारी द्वारा दी गई। आयोजित इस पत्रकारवार्ता में प्रतियोगिता अध्यक्ष मनोज भैरम, महासचिव दीपक पटले,कोषाध्यक्ष गुनेंद्र पटले, आयोजन समिति पदाधिकारी महेंद्र अमुले, डॉ अक्षय कटरे सहित अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### प्रतियोगिता का होगा भव्य भव्य आयोजन- मनोज भैरम

जिला स्तरीय राजा भोज क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन समिति जिला अध्यक्ष मनोज भैरम ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से यह प्रतियोगिता कराई जा रही है पिछले तीन वर्षो तक मैत्री मैच होता था लेकिन पिछले वर्ष से यहां प्रतियोगिता बड़े स्तर पर आयोजित की जा रही है जो इस साल 7 जनवरी से प्रारंभ होगी जिसकी ओपन सेरेमनी पवार मंगल भवन में 23 दिसंबर को होगी। इसमें टूर्नामेंट वेबसाइट, ट्रॉफी,स्पोर्ट्स सायकल, कैप ,टी-शर्ट, आदि का अनावरण किया जाएगा। इसमें जिले के तीन विधायक, सांसद, पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन सहित समाज के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहेंगे। साथ ही राज्य खेल मंत्री भी कार्यक्रम में शिर्कत करेंगे।प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को 71 हजार, उपविजेता टीम को 41000 रु, मैन ऑफ द मैच मैन, ऑफ द सीरीज, बेस्ट कैच, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बेस्टमेन, बेस्ट कीपर, सहित विभिन्न खिलाडी भी पुरस्कृत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह आयोजन भव्य रूप से कराया जाएगा।

## रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्रवाई, एक ट्रैक्टर जब्त

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 21 दिसंबर को बालाघाट तहसील अंतर्गत ग्राम धनसुवा (ओदा टोला) में रेत का अवैध खनन कर परिवहन हेतु भरते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम धनसुवा में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान रेत के अवैध खनन में संलिप्त ट्रैक्टर को मौके से जब्त किया गया। उक्त वाहन चालक दीपेश, पिता दीपक लोधी, निवासी धनसुवा, थाना भरवेली को अवैध खनन करते पाया गया। जब्त ट्रैक्टर को थाना भरवेली की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। मामले में वाहन मालिक एवं चालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन पर किसी भी स्तर पर कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।



## बिजली समस्याओं को लेकर किसान गर्जना संगठन सौंपेगा ज्ञापन आज

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। किसान गर्जना संगठन द्वारा बिजली से संबंधित जनहित की मांगों को लेकर 22 दिसंबर को संबंधित प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनता एवं किसानों को हो रही बिजली संबंधी समस्याओं को प्रमुखता से उजागर करना और उनके त्वरित समाधान की मांग करना है। संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अनियमित बिजली आपूर्ति, बार-बार कटौती और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं मुद्दों को लेकर किसान गर्जना संगठन द्वारा यह जनआंदोलन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सभी किसान एवं आमजन मोती गार्डन में एकत्रित होंगे। इसके पश्चात मोती गार्डन से ज्ञापन लेकर कलेक्टर बालाघाट के कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन ने आम जनता और किसानों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है, ताकि बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर मजबूत जनसमर्थन के साथ प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा सके।

## प्रतिभा खोज के इम्तिहान मे सैकड़ो छात्र हुए शामिल

पदमेश न्यूज ।बालाघाट। छू लो आसमान किसने रोका हैँ संस्था की डाइरेक्टर श्रीमती शाक्षी लोकेश लिल्हारे के मार्गदर्शन में, आलोक संघ के द्वारा इस वर्ष बालाघाट के ग्राम पंचायत कुम्हारी मे प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया।जिसमे लगभग 200 छात्रों ने हिस्सा लेकर अपना परचा हल किया जिसमे उत्तर पुस्तिका जाँच के बाद 29 दिसंबर को उत्कृष्ठ छात्रों को पहला, दूसरा और तीसरा इनाम नगद राशि से पुरस्कृत किया जायेगा।21 दिसंबर को प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन कुम्हारी अवन्ति बाई स्कुल मे किया गया जिसमे इलाके के लगभग एक दर्जन गांव के 2 सौ से अधिक बच्चो ने इस परीक्षा मे हिस्सा लिया और अपना परचा हल करके इस परीक्षा छात्रों के लिए एक बेहतर प्रयास बताये इस परीक्षा की छात्रों ने तारीफ करते हुए जमकर उत्साह दिखाया। प्रतिभा खोज परीक्षा के पेपर की जाँच 25 दिसंबर को करने के बाद 29 दिसंबर को परीक्षा मे अव्वल स्थान पाने वाले मे प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्रों को पहला इनाम 2 हजार रूपये, दूसरा इनाम 15 सौ रूपये और तीसरा इनाम एक हजार रूपये नगद दिया जायेगा।प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल संचालन कराने मे डॉ.मनोज लिल्हारे,डॉ पंकज सोनी, टीचर्स सत्यविजय माहुले ,बुधराम दमाहे ,टीकाराम लिल्हारे, रविकांत(रामू) रनगिरे ,इमरान खान ,आलोक सोनी , संकेष सोनी,दुर्गेश माहुले , राहुल ठकरेले,मुकेश बिसाने, विनय लिल्हारे,लक्ष्मी पिछोड़े सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।



### अन्य खेलों के भी हो रहे आयोजन

बताया गया कि छू लो आसमान किसने रोका हैँ आलोक संघ और ग्राम पंचायत कुम्हारी के तत्वाधान मे पट मैदान मे केपिएल कुम्हारी प्रीमियर लीग सीजन सिक्स का शुभारम्भ रविवार 14 दिसंबर से किया गया हैँ जिसमे क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा हैँ जिसका फाइनल मैच 29 दिसंबर को खेला जाना है जिसमे प्रथम इनाम 30 हजार रूपये ट्रॉफी, द्वितीय इनाम 20 हजार रूपये और तीसरा इनाम 10 हजार रूपये रखा गया है इसी दौरान 28 दिसंबर को एम पी पुलिस, फारेस्ट,एएससी, रेलवे मे आवशयक खेल कूद मे बालाघाट खेल उत्सव मे लंबी कूद,गोला फेक,महिला और पुरुष वर्ग,मिनी मैराथन 3 किलोमीटर और 100 मीटर दौड़ आदि प्रतियोगिता खेल का आयोजन किया गया हैँ।

### देश मे बेहतर पीढ़ी के निर्माण के लिए किए जा रहे आयोजन- रविकांत रनगिरे

ग्रामीण रविकांत रनगिरे सहित आयोजको ने बताया की प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जता हैँ वंही ग्रामीण युवाओं के लिए छू लो आसमान किसने रोका हैँ और आलोक संघ के तत्वाधान मे खेल उत्सव, केपिएल, नवोदय चयन परीक्षा, नि:शुल्क कोचिंग, किताब और शैक्षणिक सामग्रीयो का वितरण किया जता हैँ जिसमे जीएसटी कमीशनर के मार्गदर्शन मे बालाघाट जिले के आलावा प्रदेश के अन्य जिले और कई प्रदेशो मे इस तरह के आयोजन किये जा रहे हैँ ताकि देश मे बेहतर पीढ़ी का निर्माण हो सके और गरीब असहाय ग्रामीण बच्चो का भविष्य बन सके।

## भरवेली में सरस काव्य गोष्ठी का किया गया आयोजन

### जिले के प्रतिष्ठित कवियों की रही सहभागिता

पदमेश न्यूज ।बालाघाट। जिले के प्रतिष्ठित कवियों की उपस्थिति में भरवेली रोड स्थित देवटोला में प्रथम मासिक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन कर कैलेंडर वर्ष 2025 की बिदाई, नव सृजन व नव लेखन पर चिंतन व परिचर्चा का समावेश किया गया।सरस काव्य गोष्ठी में शायर एवं गढ़लकार हलचल बालाघाटी कटंगी ने बेहतरीन पड़ा -बात ही बात में विश्वास बदल जाता है, साथ मौसम के आकाश बदल जाता है.. , गीतकार गोविंदा गांवठी समतपुरी ने गांवो की व्यथा का गीत सुनाया -ना ओ बचपन के दिन है ना कोई चौपाल, हो गया गांव का कितना बुरा हाल, पायली के कवि गोपालदास सरल ने मन के मुस्कराने की बात अपनी कविता में कहीं -जीवन है संघर्षमयी लगे है काँटों के घेरे, मुस्कराओ मन मेरे, मुस्कराओ मन मेरे सबरस के कवि व्यंग्यकार चंद्रेश तूफानी भरवेली ने चरमराती राजनीतिक व्यवस्था पर तीखा व्यंग्य कसा -नेता कर रहें मुर्गा फ्रॉय बड़े चाव से, और तूफानी आज तक लखोडी दाल लिए बैठे है, पांच साल गुजर गए आश्वाशन देके यूँ ही, रामलाल वहीं पुरानी रजाई, साल लेके बैठे है.गीतों का सुरीला स्वर सुप्रसिद्ध गीतकारा लता 卐शबनम卐 ने राष्ट्रीय सदभावना का बेहतरीन गीत सुनाया -卐हजारों हंसती हुई आँखों को पूर्णम बनाते है, बहुत जालिम है ओं लोग जो बम बनाते है. लगाकर इसमें शांति और सदभावना की तश्वीर, चलो मिलजुलकर भारत का नया एल्बम बनाते है .व्यंग्य और हास्य के राष्ट्रीय हस्ताक्षर मनोज पारासर वारासिवनी ने शानदार बात कही-यें कैसी हवा है यें कैसा कहर है, हवाओ में मिल गया देखों जहर है पढ़कर समां बांधा. कविता के सशक्त हस्ताक्षर युवा कवि किशोर सागर बालाघाट ने चाहत की कविता पढ़ी -दिल भी गम में चूर होता है, अपना जब हमसे कोई दूर होता है, मिलन और जुदाई सच्ची चाहत का यहीं दस्तूर होता है. चीतेरे युवा कवि और व्यंग्यकार लक्ष्मीचंद ठाकरे डोंगरिया ने जिन्दादिली की रचना सुनाई इंसानियत की तहरीर को मरने नहीं दिया,वक्त जैसा भी हो अपने जमीर को मरने नहीं दिया,तन की कुटी मे होती रही टूट फुट पर मन मे बसे कबीर को कभी मरने नहीं दिया. काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए व्यंग्य कवि सुखदेव नाग, आवलाझरी ने तीखा व्यंग्य किया -यें मंदिर -मस्जिदों का देश, गिरजा गुरुद्वारो का देश ना पूछो सीमायें इनकी अनाप है सनाप है, यदि कोई निर्धन करलें अतिक्रमण, तो उसका दमन यहां मामूली सी बात है.गोष्ठी का शानदार संचालन करते हुए हास्य व्यंग्य कवि शैलेश शैल बालाघाट ने भारतीय संविधान की व्यथा को रखा-लोकतंत्र में सत्ताधारी नेक इंसान नहीं होगा तो भारत के सविधान का यारों सही सम्मान नहीं होगा,कट्टरता अगर तन में होगी, हिंसा अग्नि मन में होगी,शासक -शोषक बनने लगे तो हक समान नहीं होगा, भारत के संविधान का यारों सही सम्मान नहीं होगा.काव्य गोष्ठी के संयोजक व व्यंग्य के सशक्त हस्ताक्षर मनोज रामटेके भरवेली ने देश मर मिटने की बात कही -इस मिट्टी में बिखर जाने का मन करता है। फिर भगत सिंह के गीत गाने का मन करता है,जिस शहादत पर देश करता हो सजदा उसे तिरंगे में लिपटकर जाने का मन करता है. दर्द के रचनाकार इम्मानुएल दीप उकवा ने शानदार रचना पाठ किया -नज़रें चुराये, तो दिल मचलता है,हया से होंठ चबाये, तो दिल बहकता है।गैर से धोखा खाये , तो दिल संभलता है,धोखा अपना दे जाये, तो दिल जलता है। गोष्ठी का आभार युवा कवि किशोर सागर द्वारा किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ कवि व व्यंग्यकार सुखदेव नाग (आवलाझरी) ने की बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मंचों के हास्य व्यंग्य कवि मनोज पारासर वारासिवनी सहभागी रहे। बतौर विशिष्ट अतिथि समसामयिक दर्द के रचनाकार ईमानुएल दीप उकवा मॉयल से उपस्थित रहें. गोष्ठी का शानदार संचालन सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग्य कवि शैलेश शैल बालाघाट द्वारा किया गया।



### आम ईस्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं दीपंकर मेश्राम पिता श्रीलाल मेश्राम जाति महार ग्राम पंचायत पांढरवानी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट का निवासी हूं। मेरे पिताजी स्व. श्रीलाल मेश्राम कि मृत्यु दिनांक 31.05.2021 को हो चुकी है। जिनकी मृत्यु के उपरांत पुत्री अनीता मेश्राम, प्रमिता शेण्डे व पुत्र दीपंकर मेश्राम वारसान है।

उपरोक्तानुसार हमें वारसान प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत पांढरवानी से जारी किया जाना है।

अत: आम जनता सूचना दर्ज करे।

**प्रकाशक**
**दीपंकर मेश्राम**
**निवासी - ग्राम पंचायत पांढरवानी ला.**
**तहसील - लालबर्रा**
**जिला - बालाघाट।**

**आवश्यकता है**
दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
पद-03 पद
मिलने का समय प्रात:-10.30 से रात्रि 8.30 बजे तक
संपर्क करें-गीता प्लाई एण्ड हार्डवेयर सिंधु भवन के बाजु में गोंदिया रोड, बालाघाट
मो.-9425139039

**आवश्यकता है**
कार ड्राइवर की आवश्यकता है कार बुकिंग पर नही चलती वारासिवनी के आसपास के ड्राइवर ही सम्पर्क करें अच्छा वेतनमान
इस नबंर पर सम्पर्क करें
9329595770

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बालाघाट
सोमवार 22 दिसंबर 2025

# बालाघाट सिटी न्यूज़

3

पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

अपना शहर

## मार्शल ऑटो से टकराई, दो महिला सहित तीन लोग घायल

पदमेश न्यूज (बालाघाट)। कोतवाली क्षेत्रांगत भरवेली रोड़ ग्राम देवटोला नहर के पास तेज रफ्तार मार्शल ऑटो से टकरा गई। इस सड़क दुर्घटना में



ऑटो में सवार दो महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। 21 दिसंबर को 3:00 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब ऑटो बालाघाट से सवारी लेकर भरवेली हीरापुर की ओर जा रही है। तीनों घायल का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को 3:00 बजे करीब बालाघाट से भरवेली की ओर चलने वाली एक ऑटो बालाघाट से सवारी लेकर भरवेली हीरापुर की ओर जाने निकली थी। इस ऑटो में आधा दर्जन से अधिक सवारी बैठी थी। बालाघाट से भरवेली के ओर जाते समय ग्राम देवटोला नहर के पास भरवेली की ओर से तेज रफ्तार से आ रही मार्शल ऑटो से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो महिला सहित तीन लोग अधिक चोट लगने से घायल हो गए। अन्य लोगों को मामूली चोटें आई। तीनों घायल जिनमे अजीज अहमद पिता खलील अहमद 50 वर्ष वार्ड नंबर 3 बैहर रोड बालाघाट, बामनी बाई पति रोशन दमाहे 55 वर्ष ग्राम हीरापुर थाना भरवेली और उम्झसन बाई पति कारुलाल लिल्हारे 60 वर्ष मुंडीमाई भरवेली निवासी है। जिनका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया है। इस सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मार्शल को कोतवाली ले जाकर खड़ा कर दिया है। इसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# प्रो. रामपुनियानी और राजद प्रवक्ता, प्रियंका भारती की उपस्थिति में संविधान विहीन भारत, एक काल्पनिक दृष्टिकोण विषय पर हुआ विचार-मंथन

## नूतन कला निकेतन में बहुजन इंटेलेक्ट समिट अध्याय-4 का हुआ आयोजन

पदमेश न्यूज (बालाघाट)। स्थानीय नूतन कला निकेतन में बहुजन इंटेलेक्ट समिट अध्याय-4 का आयोजन किया गया। इस बार कार्यक्रम का विषय संविधान विहीन भारत, एक काल्पनिक दृष्टिकोण रखा गया, जिस पर वक्ताओं ने विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, बुद्धिजीवियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात इतिहासकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर राम पुनियानी रहे। विशेष अतिथियों के रूप में राष्ट्रीय जनता दल की प्रवक्ता प्रियंका भारती, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहिदीन सिंह कुंवर सहित अन्य वक्ता मंचासीन रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में संविधान की महत्ता, लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को लेकर यह भी चर्चा रही कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के शामिल होने की संभावना जताई गई थी, लेकिन वे




कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके।

बहुजन इंटेलेक्ट समिट अध्याय-4 का आयोजन 21 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से स्थानीय नूतन कला निकेतन में आयोजित किया गया। इस अध्याय का विषय संविधान विहीन भारत, एक काल्पनिक दृष्टिकोण रखा गया, जो वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में संविधान के महत्व को रेखांकित करने का एक गंभीर प्रयास रहा। बहुजन इंटेलेक्ट समिट के पूर्व अध्याय भोपाल और सागर जैसे शहरों में आयोजित किए जा चुके हैं, जहां संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय को लेकर व्यापक विमर्श हुआ था। बालाघाट में आयोजित यह चौथा अध्याय था जो उसी वैचारिक यात्रा की निरंतरता रहा, जिसका उद्देश्य स्थानीय समाज, युवाओं और नागरिक संगठनों को राष्ट्रीय स्तर के संवैधानिक संवाद से जोड़ना है। अध्याय-4 का आयोजन इंजीनियर प्रशांत मेश्राम के नेतृत्व में, ओबीसी महासभा बालाघाट एवं आदिवासी विकास परिषद बालाघाट के सहयोग से किया गया। आयोजन का उद्देश्य संविधान के पक्ष में चल रहे वैचारिक संघर्ष को एक नई दिशा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संविधान की भूमिका, लोकतंत्र की मजबूती, समानता और सामाजिक न्याय जैसे विषयों पर विस्तार से अपने विचार रखे। बाहर से आए वक्ताओं ने संविधान को लेकर अपने तर्क और विचार प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित आमजन ने बड़े ध्यान और गंभीरता से सुना। वक्ताओं ने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह समानता, न्याय और मानवीय गरिमा के प्रति समाज की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ऐसे समय में बहुजन इंटेलेक्ट समिट जैसे मंच यह स्पष्ट करते हैं कि संविधान आधारित भारत की कल्पना को जीवंत बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चलती रहीं चर्चाएं

बहुजन इंटेलेक्ट समिट अध्याय-4 के आयोजन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के बालाघाट आगमन की चर्चाएं दिनभर बनी रहीं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम से पूर्व आयोजित प्रेस वार्ता में यह स्पष्ट किया था कि 21 दिसंबर को होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उपस्थिति रहेगी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भी शामिल होने की बात कही गई थी। इसी के चलते कार्यक्रम के दिन सुबह से ही आमजन और राजनीतिक हलकों में इसे लेकर चर्चाएं होती रहीं। आयोजकों का कहना था कि अन्य व्यस्त कार्यक्रमों के चलते पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का बालाघाट दौरा निरस्त हो गया, जिस कारण वे आयोजन में शामिल नहीं हो सके। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रहे।

# पिता की हत्या के आरोप में सजा सुनाने के पहले से लापता गजानंद

## पिता की हत्या के आरोपी गजानंद की कहीं हत्या तो नहीं कर दी गई, प्रकरण में 6 आरोपी को हो चुकी है आजीवन कारावास

पदमेश न्यूज (बालाघाट)। लेखराम ब्रम्हे की हत्या के आरोपी उसके बेटे गजानंद ब्रम्हे की कही हत्या तो नहीं कर दी गई। विद्वान अदालत द्वारा गजानंद ब्रम्हे सहित 7 आरोपियों को लेखराम की हत्या करने के आरोप में सजा सुनाए जाने के 1 साल बाद भी गजानंद ब्रम्हे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। जिसे गिरफ्तार करने विद्वान अदालत के द्वारा स्थाई वारंट भी जारी किया गया है। या फिर इस आरोपी को पकड़ने बालाघाट पुलिस दिलचस्पी नहीं ले रही। हत्या की यह सनसनीखेज वारदात 7 वर्ष पहले लालबर्रा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कनकी में घटित हुई थी। जहां सन 2018 में 8 एवं 9 दिसंबर की दरमियानी रात लेखराम ब्रम्हे नामक व्यक्ति की उसके घर में गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गजानंद ब्रम्हे 24 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर लालबर्रा थाने में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 460,302 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया था। विवेचना अनुसंधान दौरान लेखराम ब्रम्हे के बेटे गजानंद ब्रम्हे को ही हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तब उसने बताया कि पिता लेखराम उसे जमीन का हिस्सा नहीं दे रहा था। जिसके कारण उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पिता लेखराम ब्रम्हे की गला घोट कर हत्या कर दी। इस मामले में गजानंद को गिरफ्तार किया गया था। और इस मामले में धारा 120 बी भादवि एवं धारा 3(2)5 अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम का इजाफा किया गया था। घटना के बाद सभी आरोपी फरार थे। इस मामले की विवेचना जारी रखते हुए गजानन ब्रम्हे के विरुद्ध अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। विवेचना दौरान 19 जुलाई 2019 को अन्य आरोपी राजेश उर्फ राज



सोनवाने, जितेंद्र उर्फ हनुमान सोनवाने, राजेंद्र उर्फ मनोज उर्फ भूरा हनुवत, विक्की डहरवाल, कौशिक मेश्राम और रॉकी डहरवाल को गिरफ्तार किया गया था। जिनके विरुद्ध पूरक अभियोग पत्र विद्वान अदालत में पेश किया गया था। 5 वर्ष से यह मामला बालाघाट की विशेष अदालत में चल रहा था इस मामले के विद्वान अदालत में चलते सभी आरोपी जमानत पर चल रहे थे और पेशी पर आ रहे थे। किंतु इस मामले का मुख्य आरोपी गजानंद जमानत होने के बाद वह पेशी पर नहीं आया और वह लापता हो गया। 11 दिसंबर 2018 को विशेष न्यायाधीश के एस बारिया की विद्वान अदालत ने इस मामले की सुनवाई करते हुए लेखराम की हत्या करने के आरोप में गजानंद सहित सात आरोपियों को दोषी पाया। मुख्य आरोपी गजानंद फरार था। विद्वान अदालत ने छह आरोपी विक्की डहरवाल, रॉकी डहरवाल, राजेंद्र हनवत उर्फ मनोज उर्फ भूरा, राजेश उर्फ राज सोनवाने, जितेंद्र सोनवाने उर्फ हनमान, और कौशिक मेश्राम को लेखराम ब्रम्हे की हत्या करने के आरोप में धारा 302 भादवि के तहत अपराध में आजीवन कारावास और प्रत्येक को 5-5 हजाररुपये अर्थदंड से धारा 460 भादवि के तहत अपराध में आजीवन कारावास और प्रत्येक को 5-5हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किये। और विद्वान अदालत द्वारा इस मामले से फरार मुख्य आरोपी गजानंद ब्रम्हे के विरुद्ध वारंट जारी किया गया था। इस फैसले को अभी 1 साल से अधिक हो गए किंतु गजानंद ब्रम्हे पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। पुलिस इस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई।

### पिता से जमीन का हिस्सा मांग रहा था गजानंद

जानकारी के मुताबिक गजानंद ब्रम्हे का एक छोटा भाई मिनेश ब्रम्हे है उनकी मां हिरन बाई की 2015 में ही मृत्यु हो चुकी है। गजानंद ब्रम्हे की शादी हो चुकी थी और वह अपने माता-पिता से अलग रहता था। घटना के दौरान उसका भाई मिनेश ब्रम्हे नाबालिक था। जो अपने पिता लेखराम ब्रम्हे के साथ में ही रहता था। गजानंद ब्रम्हे अपने पिता लेखराम ब्रम्हे से जमीन का हिस्सा मांग रहा था। किंतु लेखराम ब्रम्हे उसे जमीन नहीं दे रहा था। जो लेखराम ब्रम्हे की हत्या की वजह बनी। गजानंद ब्रम्हे को उसकी पत्नी छोड़ चुकी थी इसके बाद गजानंद ब्रम्हे ग्राम कोसमी बालाघाट में किराए से रहता था और बालाघाट नगर में ही मजदूरी करता था। जो सजा सुनाई जाने के पहले से ही लापता हो गया था। किंतु उसके कमरे में दैनिक उपयोग के पूरे सामान यथावत रखा हुआ था। ऐसा नहीं लग रहा था कि वह फरार हो गया है।

### पिता की हत्या करवाने 30 लाख रुपए में की थी डील

मिली जानकारी के अनुसार गजानंद ब्रम्हे ने अपने पिता लेखराम ब्रम्हे की हत्या करवाने के लिए उक्त 6 आरोपियों से 30 लाख रुपए में डील की थी। प्रत्येक आरोपी को 5-5 लाख रुपये देना था। किंतु समय रहते हुए गजानंद ब्रम्हे इन आरोपियों को पर्याप्त रुपए नहीं दे पाया। यह भी बताया गया है कि रुपए को लेकर इन आरोपियों ने गजानंद ब्रम्हे के साथ विवाद भी किया था और मारपीट भी की थी। कहीं ऐसा तो नही की रुपए नहीं देने पर सजा के पहले ही गजानंद ब्रम्हे निपटा दिये गये। जो बालाघाट पुलिस के लिए गहन जांच का विषय है।

# गिरदावरी के कार्य में लगे युवाओं को अब तक मानदेय नहीं मिला ।।

पदमेश न्यूज। बालाघाट। जिले के विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत सर्वेयरों ने मुख्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधि को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सर्वेयरों ने बताया कि वे बीते कई महीनों से शासन द्वारा सौंपे गए गिरदावरी कार्य को लगातार कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें न तो पूरा मानदेय मिल रहा है और न ही बीमा जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर शासन गंभीर है। सर्वेयरों ने आरोप लगाया कि बीते कुछ महीनों से उन्हें मानदेय का भुगतान भी नहीं किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के कार्यों को संपन्न कराने के लिए वे अपनी निजी सेवाएं दे रहे हैं और मोबाइल, इंटरनेट, यात्रा सहित अन्य खर्च स्वयं वहन कर रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से सर्वेयरों ने मांग की कि जिस प्रकार वे शासन के लिए नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं, उसी प्रकार उन्हें प्रतिमाह निश्चित मानदेय प्रदान किया जाए। साथ ही उन्होंने बीमा सुविधा लागू करने और लंबित भुगतान शीघ्र जारी करने की भी मांग रखी।



जिले में शासन द्वारा गिरदावरी कार्य के लिए ग्राम स्तर पर युवाओं को सर्वेयर के रूप में नियुक्त किया गया था। इन युवाओं से बाद में फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी जैसे कार्य भी करवाए जाने लगे। लेकिन विगत कई महीनों से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। युवाओं के अनुसार, गिरदावरी कार्य के लिए प्रति खसरा 8 रुपए, फार्मर रजिस्ट्री के लिए 10 रुपए निर्धारित थे, जबकि ई-केवाईसी कार्य का कोई निश्चित भुगतान तय नहीं किया गया था। जिले में लगभग 1000 से अधिक युवा इस कार्य में लगे हुए हैं, लेकिन कई साल बीत जाने के बावजूद उन्हें मानदेय नहीं मिला। इससे विशेषकर शादी-शुदा युवाओं के लिए घर चलाना कठिन हो गया है। युवाओं ने अपने मानदेय और नियमित वेतन की मांग को लेकर संगठन का गठन भी किया है। संगठन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र ठाकरे ने बताया कि जुलाई 2024 में उनकी भर्ती हुई थी। इसके बाद से संगठन के कार्यकर्ताओं ने किसानों की छोटी-बड़ी समस्याओं का निराकरण, गिरदावरी कार्य, फार्मर आईडी और केवाईसी जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। शैलेंद्र ठाकरे ने बताया कि कुछ तहसीलों में गिरदावरी और फार्मर आईडी का मानदेय तो मिला है, लेकिन कई अन्य तहसीलों में अब तक भुगतान नहीं हुआ। ई-केवाईसी कार्य का भुगतान तो अब तक बिल्कुल नहीं किया गया है। इस कारण संगठन के युवा आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। महासंघ ने मांग की है कि युवाओं को नियमित रूप से मानदेय दिया जाए, ताकि उनका उत्साह बना रहे और वे किसानों की समस्याओं को पूरी तत्परता और लगन से हल कर सकें।

## मालती बाई कनोजिया का दुखत निधन



पदमेश न्यूज (बालाघाट)। नगर के वार्ड नं 11 धोबी मोहल्ला बूढ़ी निवासी मालती बाई पति मंगल सिंह कनोजिया का रविवार सुबह दुखत निधन हो गया (वे 65 वर्ष की थी। जिनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे जागपुर घाट में किया जाएगा (मालती बाई कनोजिया, बेहद सहज, सरल ,सात्विक और सब के दुखों में सदैव साथ खड़ी रहने वाली महिला थी। उनके आकस्मिक निधन से उन्हें जानने वाले शोकाकुल है (जो अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्री नाती नतरे से भरापूरा परिवार छोड़कर इस दुनिया से चली गई (उनके इस निधन से उनकी जान-पहचान व अन्य चाहने वालों ने शोक जताते हुए उन्हें श्राद्धांजली दी है (वही उनके इस आकस्मिक निधन पर सर्व समाज के लोगों ने शोक जताया है।

# 23 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होगा आनंदम उत्सव मेला

पदमेश न्यूज (बालाघाट)। जिलेवासियों को एक ही छत के नीचे कला, संस्कृति, रोजगार, फन, फूड और मनोरंजन उपलब्ध कराने की मंशा से रोटरी क्लब ऑफ टाइगर्स द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बालाघाट आनंदम उत्सव व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 23 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को विभिन्न सांस्कृतिक, मनोरंजक एवं रोजगार से जुड़े कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। आनंदम उत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्थानीय कलाकारों को मंच, स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल, बच्चों और युवाओं के लिए मनोरंजन के साधन एवं व्यवसाय से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे। रोटरी क्लब ऑफ टाइगर्स का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से न केवल मनोरंजन प्रदान करना है, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं और व्यवसायों को प्रोत्साहन देना भी है। रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर्स के अध्यक्ष अभिषेक पांडे, आशीष मिश्रा एवं तपेश असाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित बालाघाट आनंदम उत्सव व्यापार मेला जिलेवासियों को आनंदित करने का एक भव्य उत्सव




है। पदाधिकारियों ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट टाइगर्स का प्रयास है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेला आयोजन को और अधिक बेहतर एवं आकर्षक रूप में जिलेवासियों के सामने प्रस्तुत किया जाए। यह मेला न केवल जिले के व्यापारियों के लिए, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आने वाले व्यापारियों के लिए भी एक बड़ा व्यापारिक मंच साबित होगा। व्यापारिक दृष्टि से प्रमुख क्षेत्रों के व्यापारिक स्टॉल मेले में लगाए जा रहे हैं, जिससे जिलेवासियों को विभिन्न राज्यों की दुकानों से अपनी आवश्यकता का सामान एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगा। मेले में व्यापार के साथ-साथ कला एवं संस्कृति को भी विशेष महत्व दिया गया है। स्कूल और कॉलेज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को इस आयोजन के माध्यम से एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा, ताकि उनकी प्रतिभा को पहचान मिले और वे आगे बढ़कर जिले का नाम रोशन कर सकें। मनोरंजन के लिहाज से मेले में महानगरों में लगने वाले आयोजनों की तर्ज पर आकर्षक झूलों की व्यवस्था की गई है, ताकि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस उत्सव का भरपूर आनंद उठा सकें। आशीष मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष बालाघाट आनंदम उत्सव को कला, संस्कृति, रोजगार, स्वास्थ्य, फन, फूड और मनोरंजन के संगम के रूप में याद किया जाएगा।

# 1000 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारियो ने एक साथ लगाया ध्यान

## विश्व ध्यान दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित किया गया सामूहिक ध्यान कार्यक्रम

पदमेश न्यूज। बालाघाट। रविवार 21 दिसंबर विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे) के अवसर पर पुलिस लाइन बालाघाट में सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एक साथ जुड़े और एक समय पर ध्यान साधना में सहभागी बने। कार्यक्रम की थीम एक दुनिया, एक हृदय के साथ सभी ने जुड़कर शांति, एकता और मानसिक सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। पुलिस लाइन बालाघाट सहित जिले के समस्त थानों में सामूहिक ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालाघाट पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं आंतरिक संतुलन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। पुलिस लाइन बालाघाट में आयोजित मुख्य ध्यान सत्र में लगभग 1000 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी एवं बालाघाट जिले के समस्त थानों के अधिक से अधिक संख्या में पुलिस कर्मी आनलाइन माध्यम से जुडे (पुलिसकर्मियों) द्वारा सामूहिक रूप से ध्यान किया गया।

### मुख्यमंत्री के सन्देश का



### किया गया वाचन

विश्व ध्यान दिवस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मप्र शासन द्वारा दिए गए संदेश का वाचन किया गया, जिसमें ध्यान को विश्व शांति एवं आत्मिक उन्नति का महाअभियान बताते हुए प्रत्येक रविवार सभी थानों में नियमित ध्यान कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया। बताया गया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना, तनाव प्रबंधन, कार्यक्षमता में वृद्धि, सकारात्मक सोच का विकास तथा कर्तव्य निर्वहन में एकाग्रता एवं अनुशासन को और अधिक मजबूत करना है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक राष्ट्रगान का गायन कर कार्यक्रम का गरिमामय समापन किया गया।

### पुलिस के लिए मेडिटेशन अतिआवश्यक है-संजय सिंह

पुलिस लाइन स्थित ध्यान केंद्र में पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट रेंज संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस कर्मियों का जीवन अत्यंत व्यस्त एवं तनावपूर्ण होता है। निरंतर ड्यूटी, कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों एवं सामाजिक दबाव के कारण मानसिक तनाव स्वाभाविक है। ऐसे में ध्यान मानसिक शांति, आत्मसंयम एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान से कार्यक्षमता एवं उत्पादकता बढ़ती है, निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है तथा पुलिस कर्मियों की व्यक्तिगत खुशहाली में वृद्धि होती है।

## आस-पास की खबरे

### राष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाया गया एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में सीएमसीएलडीपी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। रविवार को शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में म.प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में राष्ट्रीय



ध्यान दिवस मनाया गया एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम शिवशंकर तिवारी, डॉ. गोपाल श्रीवास्तव, संतोष असाटी, लोचनसिंह देशमुख , सुभाष गुप्ता, कैलाश दहारे, राजेश गांधी एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती बैजन्ती कटरे के प्रमुख आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस संस्था की मास्टर ट्रेनर श्रीमती प्रीति दीक्षित द्वारा योग ध्यान कार्यक्रम का संचालन किया गया। जिसके बाद उपभोक्ता संरक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने उपभोक्ता संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सतर्क उपभोक्ता ही सुरक्षित उपभोक्ता है, उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों की रक्षा कैसे करें। उपभोक्ताओं को अनुचित प्रथाओं, धोखाधड़ी और शोषण से कैसे बचना चाहिए एवं उनके हितों की रक्षा के लिए उनकी उपभोक्ता संरक्षण समिति नि:स्वार्थ भाव से कार्य करती है उसके बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं उपभोक्ता समिति अध्यक्ष संतोष असाटी बताया कि उपभोक्ता द्वारा शिकायत कब दर्ज करवाई जा सकती है जैसे - खाद्य सामग्री में मिलावट पर, कम नापतोल पर, खराब गुणवत्ता का सामान बेचने पर, सेवा की शर्तो के मुताबिक सेवा न देने पर आदि जानकारी से उपस्थितजनों को अवगत एवं जागरूक करवाया गया। इस अवसर पर समस्त परामर्शदाता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



**झाड़ियां (खरपतवार) होने से खेतों में नही पहुंच रहा पानी एवं जंगली वन्यप्राणियों का भी बना खौफ**



# टेकाड़ी ला. से मानपुर माइनर नहर बनी झाड़ियों का जंगल

## किसान एवं ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग से झाड़ियों की सफाई और वन विभाग से क्षेत्र में गश्त करने की मांग की

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। लालबर्रा क्षेत्र की कृषि व्यवस्था की जीवनरेखा कही जाने वाली टेकाड़ी ला. से मानपुर माइनर नहर के पारों में उगी झाड़ियों की लंबे समय से सफाई नही होने के कारण नहर में छोड़ा गया पानी खेतों में नही पहुंच पा रहा है। साथ ही घनी झाड़ियों में वन्यप्राणी बाघ सहित अन्य वन्यप्राणियों के छुपे रहने की संभावना बनी हुई है। वहीं झाड़ियों के कारण किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंचने से रबी की फसल प्रभावित हो रही है। साथ ही जंगल से निकालकर शिकार की तलाश में वन्यप्राणी रहवासी क्षेत्र की ओर आ रहे है। विगत दिवस बरघाट बोरी के समीप बाघ ने एक गाय का शिकार कर दिया था। उसके बाद मंदिरटोला के समीप तेंदुआ भी दिखाई दिया था। जिसके बाद से रहवासी क्षेत्र में बाघ एवं तेंदुए के दस्तक लगातार हो रहे है जिसके बाद से ग्रामीणजन दहशत में जी रहे है। जबकि लंबे समय से किसानों के द्वारा जल संसाधन विभाग से टेकाड़ी ला. से मानपुर माइनर नहर में उग चुकी घनी एवं कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई करवाने की मांग की जा रही है, लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिसके चलते यह माइनर नहर झाड़ियों का जंगल बन चुका है। जिससे ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है।**

### जंगली जानवरों का बढ़ता खतरा

आपकों बता दे कि टेकाडी ला. से मानपुर माइनर नहर का विगत वर्ष पूर्व जल संसाधन विभाग के द्वारा लाखों रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण निर्माण किया गया है। लेकिन इस निर्माण कार्य में निर्माण कंपनी के द्वारा अनियमितता बरतते हुए कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य अधुरा छोड़ा दिया गया है। जिसके कारण नहर में पानी छोड़ने पर अधुरे निर्माण स्थल की मिट्टी बहकर कुछ स्थानों पर जमा हो चुकी है। साथ ही झाड़ियों के कारण पानी का बहाव भी रूक-रूक कर आगे बढ़ रहा है। जबकि वर्तमान में किसानों के द्वारा रबी फसल में गेंहू, चना, अलसी, सरसों की फसल लगाई गई है। जिसमें सिंचाई के लिए पानी छोड़ा गया है किन्तु झाड़ियों के कारण टेल क्षेत्र तक पानी नही पहुंच पा रहा है। साथ ही नहर के अंदर एवं किनारे में उगी घनी झाड़ियां अब केवल पानी नहीं रोक रहीं, बल्कि यह हिंसक जंगली जानवरों की सुरक्षित शरणस्थली भी बन गई हैं। जहां वन्यप्राणी छुपे रह सकते है, अगर किसान अपने खेतों की ओर जाते है तो वे उन पर हमला कर सकते है क्योंकि झाड़ियां इतनी घनी हैं कि उनमें छिपकर बैठे जानवरों का पता नहीं चलता। शाम होते ही खेतों की ओर जाने में किसानों को अपनी जान का खतरा सताने लगता है। आये दिन जंगली जानवरों की आहट से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। जो किसी भी समय बड़े हादसे को अंजाम दे सकते है। जबकि लंबे समय से जल संसाधन विभाग से टेकाड़ी ला. से मानपुर माइनर नहर में उगी झाड़ी एवं कंटीली झाड़ियों की कटाई कर साफ-सफाई करवाने की मांग की जा रही है। लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। इस तरह से प्रशासन की उदासीतना के चलते किसान एवं ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है।

### झाड़ियों की जल्द सफाई करवाये प्रशासन - कमल

कमल शाडिल्य ने बताया कि टेकाडी ला. से मानपुर माइनर नहर का विगत वर्ष पूर्व सीमेन्टीकरण निर्माण किया गया, लेकिन निर्माण के बाद झाड़ियों की साफ-सफाई नही की गई है। जिसके कारण नहर के पार एवं अंदर में घनी झाडिया उग चुकी है, ऐसी स्थिति में किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पा रहा है, जिससे किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। श्री शांडिल्य ने बताया कि नहर के दोनों साईड उगी घनी झाड़ियां अब हिंसक वन्य प्राणियों की शरणस्थली बन



चुकी हैं। गत दिवस रहवासी इलाके के पास बाघ के द्वारा गाय का शिकार किया गया था। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित है। जबकि किसान रात में अपने खेतों की ओर जाते है। जिससे ऐसा लगता है कि इन झाड़ियों में बाघ, तेंदुए छुपे होगें जिनके द्वारा हमला किया जा सकता है। यह डर बना हुआ है इसलिए जल संसाधन विभाग से मांग है कि नहर के अंदर एवं पार में उग चुकी घनी झाड़ियों की जल्द सफाई करवाये एवं वन विभाग रात्रि गश्त भी करे तक वन्यप्राणी गांव के नजदीक न पहुंच सके।

### वन्यप्राणी बाघ, तेंदुआ झाड़ियों में छुपे रह सकते है - सिलेकर

डीपी सिलेकर ने बताया कि जल संसाधन विभाग के द्वारा नहर का सीमेन्टीकरण निर्माण कार्य में अनियमितता बरतते हुए कुछ स्थानों पर अधुरा निर्माण किया गया है। जिसके कारण नहर में पानी छोडने पर मिट्टी बहकर कुछ स्थानों पर जमा हो गये है। साथ ही झाड़ियों उग जाने के कारण पानी तेज गति से आगे नही बढ़ पा रहा है। जबकि झाड़ियों की साफ-सफाई करवाने की मांग की जा रही है लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नही दे रहे है, जिससे किसानों एवं ग्रामीणजनों में आक्रोश व्याप्त है। श्री सिलेकर ने बताया कि नहर में उगी घनी झाड़िया जंगल



बन चुका है, जहां वन्यप्राणी छुपे रह सकते है और वन्यप्राणी बाघ, तेंदुआ अब शिकार की तलाश में गांव की ओर आ रहे है। गत दिवस बरघाट के समीप बाघ ने एक गाय का शिकार किया था। उसके बाद मंदिरटोला मोहगांव के समीप तेंदुआ दिखाई दिया था एवं शुक्रवार की रात में कामथी में तेंदुए ने 4 बकरियों का शिकार किया है, इस घटना के बाद से लोग दहशत में जी रहे है। वहीं झाड़ियों में बाघ, तेंदुआ सहित अन्य वन्यप्राणी छुपे रह सकते है इसलिए जल संसाधन विभाग से मांग है कि टेकाडी ला. से मानपुर माइनर नहर में

### प्रयागराज से पधारे कलाकार दे रहे भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र की शानदार प्रस्तुती

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय के हाई स्कूल मार्ग पोस्ट आफिस कार्यालय के सामने प्रयागराज से पधारे श्रीराम लीला संस्कृति जनजागरण मंडल के कलाकारों के द्वारा गत दिवस से भगवान श्रीराम के जीवन लीला का चरित्र चित्रण नाटकीय कला मंच के माध्यम से शाम 7 बजे से दिया जा रहा है। जो निरंतर जारी है जिससे नगर भक्तिमय हो गया है। इस तरह से लालबर्रा मुख्यालय में इन दिनों भक्ति और कला का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है और इस ठिठुरन ठंड में भी श्रध्दालु रात के



समय इस नाटकीय कला मंच के माध्यम से दी जा रही प्रस्तुति को देखकर एवं सुनकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। आपकों बता दे कि अध्यात्म की नगरी प्रयागराज (इलाहाबाद) से विशेष रूप से लालबर्रा पहुंची श्रीराम लीला संस्कृति जनजागरण मंडली के कलाकारों के द्वारा सजीव और भावपूर्ण मंचन किया जा रहा है। मुख्य कथावाचक पंडित भगवानप्रसाद पांडे एवं उनके सहयोगी कलाकारों की जुगलबंदी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। नाटक और कलामंच के माध्यम से प्रस्तुत की जा रही इस रामलीला की गुणवत्ता और संवाद की नगर में काफी प्रशंसा हो रही है। वहीं राम जन्म से लेकर वनवास तक के प्रसंगों का सजीव चित्रण मंचन के दौरान भगवान श्री राम के जीवन के विभिन्न पहलुओं को बारीकी से दिखाया जा रहा है। इस दौरान नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रध्दालु पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे है। वहीं इस 9 दिवसीय भगवान श्रीराम के जीवन लीला चरित्र चित्रण नाटकीय कला मंच कार्यक्रम का 24 दिसंबर को समापन किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील श्रीराम लीला संस्कृति जनजागरण मंडल प्रयागराज के कथावाचक पंडित भगवानप्रसाद पांडे ने की है।

# नगर में 'लेबर चौक' का हुआ शुभारंभ

## अब मजदूरों को रोजगार के लिए नहीं भटकना होगा दर-दर, एक ही छत के नीचे मिलेगा काम

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित राजाभोज जैविक/प्राकृतिक कृषि उपज मंडी काम्पलेक्स परिसर में राष्ट्रीय कांट्रेक्टर लेबर यूनियन लालबर्रा के तत्वाधान में रविवार को क्षेत्र के श्रमिक वर्ग के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लेबर चौक का शुभारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम पांढरवानी सरपंच अनीस खान के मुख्य आतिथ्य एवं राष्ट्रीय कांट्रेक्टर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयभाऊ पटले की अध्यक्षता एवं अन्य पदाधिकारियों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने भगवान विश्वकर्मा के छायाचित्र के समक्ष दीप






प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात रिबिन काटकर लेबर चौक का शुभारंभ किया गया। वहीं कृषि मंडी ाम्पलेक्स परिसर लालबर्रा में लेबर चौक खुल जाने से अब मजदूरों को रोजगार की तलाश के लिए भटकना नही पड़ेगा और ठेकेदार सहित आम नागरिकों को भी सुगमता से श्रमिक (मजदूर) उपलब्ध हो जायेगें। इस तरह से मजदूरों को रोजगार के लिए दर-दर भटकना नही पड़ेगा, एक ही छत के नीचे उन्हे रोजगार भी मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कांट्रेक्टर लेबर यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि लेबर चौक का उद्देश्य मजदूरों के स्वाभिमान की रक्षा करना और उन्हें बिचौलियों से मुक्त करवाकर सीधे काम दिलवाना है। अब तक नगर में मजदूरों के बैठने या एकत्रित होने का कोई निश्चित स्थान न होने के कारण उन्हें काफी असुविधा होती थी। साथ ही निर्माण कार्य या अन्य सेवाओं के लिए मजदूरों की तलाश कर रहे आम नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेबर चौक खुल जाने से अब मजदूर एक स्थान पर मिलेगें और बिल्डिंग सहित अन्य काम करने वाले ठेकेदार एवं आमजनों को मजदूर के लिए मंडी परिसर स्थित इस लेबर चौक पर संपर्क करना पड़ेगा। पूर्व में ठेकेदार एवं अन्य लोगों को काम करवाने के लिए मजदूर के लिए परेशान होना पड़ता था, लेकिन अब लेबर चौक खुल जाने से एक स्थान पर दिहाड़ी मजदूर मिल जायेगें। पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने कहा कि राष्ट्रीय कांट्रेक्टर लेबर यूनियन लालबर्रा के द्वारा एक बहुत ही सराहनीय पहल की है जिसकी हम प्रशंसा करते हैं। जिन्होने मजदूरों के हित में निर्णय लिया और आज लेबर चौक का शुभारंभ लालबर्रा राजाभोज कृषि उपज मंडी काम्पलेक्स प्रांगण में किया गया है। इस चौक के माध्यम से मजदूरों को रोजगार मिलेगा और पांढरवानी पंचायत के द्वारा यूनियन को हर संभव मदद की जायेगी। राष्ट्रीय कांट्रेक्टर लेबर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयभाऊ पटले ने बताया कि हमारा यूनियन लेबरों के हित में निरंतर काम कर रहा है, इस लेबर चौक के माध्यम से लेबरों को रोजगार मिलेगा। हम सभी को अपने हर लेबरों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, उनकी समस्या को सुनना चाहिए, उनका समाधान करना चाहिए क्योंकि उनकी वजह से हमारे काम हो रहे हैं इसलिए हम सभी को उन्हे महत्व देना चाहिए। साथ ही यह भी बताया कि अपने संगठन को मजबूती से स्थापित कर लेबरों (मजदूरों) के हित में काम किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कांट्रेक्टर लेबर

# 10 जनवरी को किया जायेगा परिणाम घोषित, परीक्षा में 961 विद्यार्थी हुए शामिल

## नेवरगांव वा. में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नेवरगांव वा. स्थित शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को एकता क्लब के तत्वाधान में रविवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न हुआ। यह परीक्षा प्रात: 9 बजे से प्रारंभ हुई। आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से बाहरवीं पढ़ाई करने वाले 961 छात्र-छात्राएं शामिल हुए और शांतिपूर्वक तरीके से प्रश्नपत्र हल किये। वहीं इस परीक्षा का परिणाम आगामी 10 जनवरी को घोषित किया जायेगा एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। चर्चा में एकता क्लब नेवरगांव वा. के पदाधिकारी विकास मेश्राम ने बताया कि कक्षा 8 वीं से 12 वीं तक पढ़ाई करने वाले विद्यालयीन विद्यार्थियों में बौध्दिक विकास, सामान्य ज्ञान में सुधार और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया






था। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के 961 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होकर पेपर दिये है। वहीं आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। जिनमें भाषा ज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, विज्ञान, राजनीति, खेल, कला और संस्कृति के प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता का स्वरूप ऐसा रखा गया था कि सभी छात्र-छात्राओं को समान अवसर मिले और वे अपने सर्वोत्तम प्रस्तुत कर सके। श्री मेश्राम ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान का उ'चतम स्तर दिखाया। साथ ही दर्शकगण और अभिभावक भी इस आयोजन का हिस्सा बने जिन्होने विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक प्रोत्साहित किया। साथ ही इस प्रतियोगिता ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा, प्रतिस्पर्धा और प्रेरणा का सही मिश्रण विद्यार्थियों में बौध्दिक और नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता ने न केवल छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृध्दि की बल्कि उन्हें सामाजिक सहभागिता, अनुशासन और टीमवर्क का महत्व भी सिखाया है। श्री मेश्राम ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम आगामी 10 जनवरी को घोषित किया जायेगा एवं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि ,शील्ड, प्रमाणपत्र और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। वहीं क्लब अध्यक्ष रमेश धुर्वे ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से न केवल विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन होता है बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सहभागिता भी बढ़ती है। साथ ही इस आयोजन की सफलता ने यह साबित कर दिया कि जब शिक्षक, अभिभावक, और क्लब मिलकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास और ज्ञान दोनों बढ़ते हैं। एकता क्लब नेवरगांव (वा.) इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित करने के लिए प्रतिबध्द है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में क्लब के पदाधिकारी, सदस्य, शिक्षकगण, अभिभावक और ग्रामीणजनों का सराहनीय योगदान रहा।

# शिवधाम के शिवशक्ति सांई मंदिर की दानपेटी के रूपये चोरो ने किये चोरी

## अज्ञात चोरों ने दानपेटी निचे से काटकर की वारदात






पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के शिवधाम मोहल्ला वार्ड नंबर १९ स्थित शिव शक्ति सांई मंदिर में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की वारदात की गयी। यह चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा २० से २१ दिसंबर की दरमियानी रात में की गई। जिसमें चोरों ने दान पेटी को नीचे से काटकर रुपये लेकर फरार हो गए। मामले में मंदिर समिति के द्वारा पुलिस थाने में शिकायत कर अज्ञात चोरों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम वारा के शिवधाम मोहल्ले में लगातार करीब ३ वर्षों से एक दो महीने के बीच में चोरी का क्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में २० दिसंबर की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा मंदिर में प्रवेश किया गया। जहां पर श्रद्धालु भक्त किसी भी समय पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं इसलिए ताले नहीं लगाए जाते हैं। जहां अज्ञात चोरों के द्वारा दान पेटी को नीचे से हेक्सा ब्लेड के माध्यम से काटकर चोरी कर ली गई। इस घटना की जानकारी सुबह दर्शन करने पहुंचे लोगों को उस समय पता लगी जब वह मंदिर आए तो देखें कि नीचे चिल्लर रुपये गिरे हुए थे। जिसे दान पेटी में डाला तो वह फिर नीचे गिर गए इस पर देखा गया तो दान पेटी के नीचे की चादर पूरी कटी हुई थी। जिसकी जानकारी उनके द्वारा तत्काल ग्रामीणों सहित समिति सदस्यों को दी गई जिन्होंने घटना की शिकायत पुलिस को कर दी है। तो वहीं ग्रामीण पुलिस प्रशासन की कार्यवाही से नाखुश हैं उनके द्वारा बीते समय में मोहल्ले में हुई चोरियों का खुलासा नही होने आरोपी ना पकड़ने को लेकर नाराजगी व्याप्त है। ऐसे में इस चोरी में भी ग्रामवासियों ने पुलिस से इस पर गंभीरता से जांच कर अज्ञात चोरों को पकड़ने की मांग की हैं।

### मंदिर के आसपास नशेड़ियों का रहता है जमवाड़ा- आशुतोष

ग्रामीण आशुतोष सिंह ने बताया कि प्रतिदिन की तरह आज भी कुछ लोग साफ सफ ाई करने और दर्शन करने के लिए मंदिर में आए। तो देखा की जमीन पर चिल्लर पैसे गिरे थे फिर देखा गया तो दान पेटी को नीचे से काटा गया था। हैक्सा ब्लैड के माध्यम से काटे हैं और हेक्सा ब्लेड यहां पर गिरी हुई थी। ताले इसलिए नहीं तोड़े गए क्योंकि मंदिर में ताले नहीं है यहां पर श्रद्धालु देर शाम तक आते हैं तो सुबह ४ बजे से आना शुरू हो जाते हैं इसलिए ताला नहीं लगाते हैं। यह जो दान पेटी है वह शिवरात्रि में जो हमारा शिव बारात का कार्यक्रम होता है उसके बाद खोली जाती है जिसमें हर वर्ष करीब ५०००० रुपये निकलते हैं। यहां पर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों की उपस्थिति बनी रहती है उन्हें मना भी किया गया है और रात में भी संदिग्ध लोग देखे गए हैं उन्हीं व्यक्तियों का यह काम हमें प्रतीत होता है।

### शिवधाम में हुई चोरियों का पुलिस ने अभी तक नही किया खुलासा-रूसेंद्र

ग्रामीण रूसेंद्र हरिनखेरे ने बताया कि यहां पर बहुत ज्यादा शराबी लोग हावी रहते हैं सुबह हम लोग जब मंदिर आते हैं तो देखते हैं कि शराब और पानी की बोतल इधर.उधर पड़ी रहती है। पुलिस को पूर्व में शिकायत भी किये थे कुछ लोगों को पकड़े भी थे पर अंकुश आज तक नहीं लगा है। कुछ दिन यह लोग बंद रहते हैं फिर चालू हो जाते हैं वैसा भी शिवधाम में निरंतर चोरी होती रहती है । इसमें हमें पुलिस सुस्त लग रही है की एक भी चोरी का आज तक खुलासा नहीं हुआ है। ३ महीने में चोरियां होती रहती है बीते कुछ समय पहले चोरी हुई थी उसके बाद फिर यह चोरी हुई है । उसके पहले बालाजी नगर में गैस सिलेंडर की चोरी फिर श्री रहाँगडाले के घर में चोरी 2 वर्ष पहले भी हुई थी। ऐसा एक से दो महीने में चोरी होते रहती है हम चाहते हैं कि पुलिस इधर विशेष ध्यान दें क्योंकि दो से तीन वर्ष में निरंतर चोरियां हुई है पर अपराधी एक भी नहीं पकड़े गए हैं।

# डॉ बी आर आंबेडकर चौक पर स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के डॉ भीमराव आंबेडकर चौक पर भीम आर्मी छात्र संगठन के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्र संत गाडगे महाराज एवं माता भीमाबाई के परिनिर्वाण की वर्षगाठ के अवसर पर किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं के द्वारा आंबेडकर चौक पर साफ सफाई की गई। वहीं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती जलाई गई। वहीं राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज एवं माता भीमाबाई को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने बताया की राष्ट्रीय संत गाडगे बाबा जी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर संगठन के सभी छात्र छात्राओं ने नगर स्थित डा बाबासाहेब आंबेडकर चौक की व्यापक साफ सफ ाई की। इसके पश्चात् संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर तथा राष्ट्रीय संत गाडगे बाबा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की गई। वहां अगरबत्ती एवं मोमबत्तियां प्रज्वलित कर महापुरुषों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। वही अंत में सभी सदस्यों ने बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को जीवन में आत्मसात करने तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पुनित गोनेकर, अभिनय डोंगरे ,खुशबू मेश्राम ,विशाल डायरे ,गौर चौरे, स्वाति डोंगरे ,सलोनी पटले ,कामिनी सोनवाने मौजूद रहे।

# आलेझरी नहर में मिला नवजात शिशु का शव

## पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही कर जांच की प्रारंभ



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत आलेझरी के मध्य से गुजरने वाली नहर के पुलियां के पास में २१ दिसंबर की सुबह पानी में डूबा हुआ नवजात शिशु का शव पाया गया। घटना की जानकारी पर पुलिस के द्वारा नवजात शिशु या भ्रूण को नहर से बरामद किया गया। इसमें नवजात शिशु की उम्र ७ माह करीब की बालिका बताई जा रही हैं। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कर नवजात शिशु के शव को सिविल अस्पताल स्थित शव विच्छेदन गृह में सुरक्षित रख दिया गया है। वही मामले मे जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढूटी घाट से ढूटी नहर सीधे कायदी तक आती है। जहां से एक माइनर आलेझरी के लिए निकलती है तो दूसरी माइनर वारासिवनी के लिए। जिसमें हाल ही में किसानों के लिए पानी छोड़ा गया है वर्तमान में आलेझरी नहर में करीब २ फीट पानी बह रहा है। जिसमें २१ दिसंबर की सुबह करीब ७ बजे आलेझरी ग्राम के मुख्य पुलियां पर से आवागमन कर रहे लोगों के द्वारा नहर के पानी में देखा गया कि एक नवजात शिशु का शव पानी में डूबा हुआ है। जिसकी जानकारी उन्होंने तत्काल ग्राम के अन्य लोगों सहित पुलिस को दी । घटना की जानकारी लगते ही पुलिस के द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर उपस्थित लोगों से जानकारी ली गई। वहीं दो फीट पानी की गहराई में डूबे हुए नवजात शिशु के शव को बरामद कर शासकीय सिविल अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा नवजात शिशु की जांच की गई। जिसकी मौत हो गई थी और वह करीब ७ माह की बालिका होना बताया जा रहा है। जिसमें पुलिस के द्वारा आवश्यक पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत नवजात शिशु या भ्रूण का पोस्टमार्टम कर शव को सुरक्षित शव विच्छेदन गृह में रख दिया गया है। मामले में पुलिस के द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

**इनका कहना हैं**

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि आलेझरी ग्राम के अंदर नहर के पुलियां के पास में सुबह ८ बजे किसी के द्वारा नहर के पानी में नवजात शिशु देखा गया था। जिसकी सूचना मिलने पर शव को वहां से बरामद किया गया है। शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे सुरक्षित रख दिया गया है। मिला नवजात शिशु करीब सात माह की बालिका हैं मामले में जांच की जा रही है।

**-पवन यादव प्रभारी थाना प्रभारी वारासिवनी**

# 20 आदिवासी युवक-युवतियों गुरूग्राम भ्रमण के लिए रवाना



पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों के युवाओं को देश की विविध संस्कृति, इतिहास एवं विकास से रूबरू कराने के उद्देश्य से आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत 20 आदिवासी युवक-युवतियों को गुरूग्राम (हरियाणा) भ्रमण के लिए रवाना किया गया।

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के आदिवासी युवक-युवतियों का चयन कर देश के विभिन्न शहरों का भ्रमण कराया जाता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाते हैं, जिससे राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलता है।

17 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत बालाघाट जिले के लांजी, बैहर, परसवाड़ा एवं बिरसा विकासखंडों से कुल 23 बैचों में 450 प्रतिभागियों को भारत भ्रमण पर भेजा जाना है। अब तक 12 बैचों में कुल 230 प्रतिभागी लखनऊ, मुंबई, देहरादून, भुवनेश्वर, कोझीकोट, हैदराबाद, बैंगलोर, पुणे, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली, चेन्नई एवं इंदौर जैसे विभिन्न शहरों का भ्रमण कर चुके हैं। इसी क्रम में 21 दिसंबर 2025 को 13वें बैच के अंतर्गत 20 प्रतिभागियों को 02 सीआरपीएफ कर्मियों की सुरक्षा में 22 से 28 दिसंबर 2025 तक गुरूग्राम भ्रमण हेतु रवाना किया गया। इस दल को श्री देवेन्द्र प्रसाद दुबे, द्वितीय कमान अधिकारी, 123 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर श्री पंकज कुमार, सहायक कमाण्डेंट, 123 बटालियन, श्री सी. आर. जंघेला, मेरा युवा भारत संगठन सहित सीआरपीएफ के अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रीय मुख्यधारा से जुड़ाव को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है।

# केसीसी बनियाटोला की टीम बनी विजेता विधायक पटेल ने किया पुरस्कृत

## मैच और राजनीति में जीत किसकी होगी कहा नहीं जाता-विवेक



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचवाही में भारतीय स्टेट बैंक के तत्वाधान में सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया था। जिसका फ ाइल मैच रविवार को ग्राम बनियाटोला और रमरमा के बीच खेला गया । जिसके मुख्य अतिथि विधायक विवेक पटेल की उपस्थिति में टांस की प्रकिया सम्पन्न किया गया। जिसमें ग्राम बनियाटोला की टीम में टांस जीतकर पहले बालिंग करने का फैसला किया। बेटिंग करने उतरी ग्राम रमरमा की टीम में निर्धारित १२ ओवर में ८ विकेट खोकर १२६ रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। रनों का पीछा करने उतरी ग्राम बनियाटोला टीम के बल्लेबाजों ने पहली ही बॉल से चौक छक्का लगाते रहे और १० ओवर में ५ विकेट खोकर मैच जीत दर्ज कर ली। विजेता बनियाटोला की टीम को विधायक विवेक पटेल के हस्ते १५ हजार रुपये व उपविजेता रमरमा की टीम को ११ हजार रुपये व सील्ड से सम्मानित किया गया। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि दोनों ही टीमें कई टीमों को हराकर फाइनल में पहुंचती है। रमरमा टीम का स्कोर देखकर ऐसा लग रहा था कि आराम से जीत जाएगी मगर बनियाटोला टीम के खिलाड़ीयो ने रमरमा टीम के बॉलरों के पसीने छुड़ा दिए और बड़े ही आसानी से जीत दर्ज कर ली। क्रिकेट मैच में कई बार टीम बिना विकेट खोए भी मैच जीत जाती है तो कई टीमें सैकेड़ा का आंकड़ा भी छुए नहीं पाती और आल आउट हो जाती है । हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी बड़े बड़े स्तर में खेल रहे है हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों को मैं हमेशा प्रोत्साहन करता हुं । मुझसे जब भी किसी भी प्रकार से सहयोग मांगते है मैं पूरा करता हुं । क्रिकेट और राजनीति में अंतिम तक नहीं कहा जा सकता कि जीत किसकी होगी । इसलिए हर खिलाड़ी अंतिम बॉल तक मैदान पर डट के खेलते रहे तो जीत जरूर मिलती है। इस दौरान भूतपूर्व विधायक ओमकार बिसेन, खैरलांजी ब्लाक अध्यक्ष तेजराम नगपुरे, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक प्रवेश नाग,संदेश बिसेन,राजेंद्र मेश्राम,सत्तू बिसेन,मोनू चौधरी, दुर्गेश बारेकर, पवन रोकड़े, विवेक बिसेन सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहें।

# दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया का परिचय सम्मेलन संपन्न



पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। नगर के लालबर्रा रोड़ स्थित अभिनंदन लॉन में दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया वारासिवनी के तत्वाधान में बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम तहसील अध्यक्ष आर् डी बंसोड की अध्यक्षता, प्रदेश अध्यक्ष बी एस आई डॉ चरणदास ढेगरे के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश सचिव आर के कठाने कार्यालय सचिव ,राजकपूर कामडे के प्रमुख आतिथ्य एवं अन्य लोगों के विशेष अतिथि में कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ बी आर आंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें उपस्थित जनों के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं मिलन समारोह के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए लोगों को जागरूक करने और सामाजिक स्तर पर उत्पन्न हुई समस्या के निराकरण के विषय में विभिन्न बातें कही गई। जिसके बाद उपस्थित जनों के द्वारा परिचय दिया गया। इस कार्यक्रम में १५० लोग पंजीकृत हुए जिनके द्वारा अपना परिचय बारी बारी से दिया गया। जहां आपसी सहमति के लिए लोगों के द्वारा एक दूसरे से संपर्क किया जाता रहा तो वहीं आपसी मेल मुलाकात के साथ लोगों में चर्चा चलती रही। इस संबंध में तहसील अध्यक्ष आर डी बंसोड ने बताया कि बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें समाज के लोग आपस में बैठकर चिंतन कर रहे हैं वहीं सामाजिक मिलन से परिचय आगे बढ़कर आपसी भाईचारे को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। यह अंतर जिला आयोजन है इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र ,छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग आए हुए हैं। जो अपनी कठिनाइयों का निराकरण कर रास्ता निकल रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी परिचय बढ़कर समाज को एक सूत्र में बांधना है। इस अवसर पर देवानंद रंगारे ,के आर सोनटके ,खुशियाल मेश्राम, पी आर गजभिये, प्रमिलाताई चौहान ,प्रमोद कुमार भीमटे ,योगराज उके ,धनराज रामटेके ,दूरेंद्र सावनकर ,बी आर बेलेकर ,मुकेश पटले ,धर्मेंद्र घोड़ीश्वार, अभिराज मेश्राम ,मनोज भालाधरे सहित आयोजन समिति व बहार से आये गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महाविद्यालय, बालाघाट में 'भारतीय ज्ञान परम्परा एवं वैदिक गणित' पर मंथन




पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के गणित विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परम्परा एवं वैदिक गणित का शुभारंभ शनिवार को हुआ। संगोष्ठी के प्रथम दिवस की शुरुआत प्रात: 9.30 बजे माँ सरस्वती के पूजन, माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदन के साथ की गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे, विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका एवं संगोष्ठी की रूपरेखा प्राचार्य, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं संयोजक डॉ. योगेश कुमार विजयवार द्वारा प्रस्तुत की गई।

प्रथम तकनीकी सत्र में की-नोट स्पीकर डॉ. रवि असरानी (आईआईटी इंदौर), रामानुजन अवार्डी-2025 ने वैदिक गणित के जनक स्वामी भारती कृष्ण तीर्थजी महाराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वैदिक गणित की सहायता से बड़ी संख्याओं के योग एवं गुणन को सरल एवं संक्षिप्त विधि से हल करने के उदाहरण प्रस्तुत किए।

द्वितीय तकनीकी सत्र में आई.टी. इंजीनियर वैभव दातार, कल्याण (महाराष्ट्र) ने वैदिक श्लोकों के माध्यम से प्रस्तुति देते हुए संस्कृत भाषा की उत्पत्ति, महर्षि कणाद के वैशेषिक दर्शन में गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत की अवधारणा तथा न्यूटन के नियमों से पूर्व वेदों में उनके उल्लेख पर प्रकाश डाला। उन्होंने पाइथागोरस प्रमेय, जल चक्र एवं विमान यंत्र जैसे क्षेत्रों में भारतीय मनीषियों के योगदान का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रो. एम.एन. बापट, सेवानिवृत्त प्राचार्य द्वारा प्राकृत गणित पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें पाई, ई (एक्सपोनेंशियल वैल्यू), जीरो एवं वन के महत्व को समझाया गया।

तृतीय तकनीकी सत्र में प्रो. एस.एस. ठाकुर, प्राध्यापक गणित एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य, इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर ने फजी सेट, फजी डिस्टेंस मेजरमेंट, पैटर्न रिकॉग्निशन एवं डिसीजन मेकिंग पर व्याख्यान दिया तथा चैटजीपीटी में गणित के अनुप्रयोगों पर भी चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

चतुर्थ तकनीकी सत्र में डॉ. पूर्णिमा जैन, सेवानिवृत्त प्राध्यापक गणित, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर ने भारतीय ज्ञान परम्परा के व्यवहारिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए चारों वेद, उपनिषद, पुराण, गीता, योग वशिष्ठ, पंचदशी आदि ग्रंथों की महत्ता बताई तथा विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के सूत्र दिए।

मध्याह्न भोजन के पश्चात विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा एवं वैदिक गणित से संबंधित विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी में विद्वानों के विचारों से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा के वैज्ञानिक एवं गणितीय पक्ष को समझने का अवसर मिला।

**आवश्यकता है**
**वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है**
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
**पद्मेश सिटी केबल**
**बस स्टेण्ड, वारासिवनी**

बालाघाट एक्सप्रेस

संपादकीय

## सत्य एक व्रत की तरह है

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




# सहयोग का बेमिसाल सफर

बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत और ओमान के बीच गुरुवार को हुए मुक्त व्यापार समझौते को आर्थिक मोर्चे पर एक दूरगामी असर वाली साझेदारी के तौर पर देखा जा सकता है। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से दुनिया के कई विकसित और शक्तिशाली देश अपने इर्द-गिर्द एक ऐसा घेरा बनाने की कोशिश में हैं, जिसमें तीसरी दुनिया के देशों की उन पर निर्भरता बनी रहे और वे मन-मुताबिक अपनी सुविधा की शर्तें उन पर थोपते रहें। जबकि पारंपरिक रूप से सहयोगी रहे या फिर नए सिरे से संबंध विकसित करने में रुचि रखने वाले देशों के मामले में भारत का रुख पहले भी परिपक्व और उदार रहा है। इस क्रम में अब ओमान के साथ भारत ने जिस तरह व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया है, वह आने वाले समय में न केवल दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम रचेगा, बल्कि बहुध्रुवीय दुनिया में विकल्पों के नए मोर्चे भी सामने आ सकते हैं। इससे पहले भी भारत ने ताकतवर देशों के प्रभाव में आने के बजाय अपनी जरूरत के मुताबिक सहयोग के मोर्चे पर कदम बढ़ाया है।

गौरतलब है कि भारत और ओमान के बीच पिछले करीब सात दशक से अच्छे और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। उसी को और मजबूत करने तथा अपने व्यापार को विस्तार देने के उद्देश्य से भारत ने ओमान के साथ अब जिस मुक्त व्यापार समझौते को आकार दिया है, उसके सकारात्मक असर अगले कई दशक तक देखने को मिल सकते हैं। इस करार के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को नई गति मिलने और खासतौर पर युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अवसर खुलने की उम्मीद की जा रही है। समझौते के तहत वस्त्र, कृषि उत्पाद और चमड़े के सामान सहित भारत के अट्ठानबे फीसद निर्यात को ओमान में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। वहां के प्रमुख सेवा क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों को विदेशी निवेश की अनुमति में भी बड़ी कामयाबी मिली है। जाहिर है, इस सबसे श्रम की प्रमुखता वाले कई क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और लघु तथा मध्यम उद्योगों के साथ-साथ कारीगरों से लेकर महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को मजबूती मिलेगी।

इसके अलावा, खाड़ी क्षेत्र में ओमान ऐसा देश है, जहां भारतीय सेना की तीनों शाखाएं नियमित संयुक्त अभ्यास करती हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत को जिस तरह पहले से ही ओमान के दुक्म बंदरगाह पर जरूरत होने पर साजो-सामान के उपयोग की सुविधा मिली हुई है, उसमें नया समझौता सहयोग को और मजबूत करेगा। दुक्म बंदरगाह भारत के लिए एक वैकल्पिक रणनीतिक ठिकाना है और यह भारतीय नौसेना को पश्चिमी हिंद महासागर में मजबूत आधार देता है। ऐसे में दोनों देशों के बीच हुए करार की अहमियत समझी जा सकती है। खासतौर पर पिछले कुछ महीने से जिस तरह अमेरिका ने मनमाने तरीके से शुल्क लगा कर अपनी सुविधा के मुताबिक नीतियां बनाने के लिए भारत पर दबाव डाला, वह एक तरह से व्यापार में वर्चस्व कायम करने की कोशिश थी। दूसरी ओर, चीन है, जिसे कारोबार के मामले में भारत के लिए वैकल्पिक रास्ते खुलने से निराशा होगी। मगर ओमान सहित अनेक देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और उसे मजबूत करने के क्रम में विकल्प खुलते हैं, तो यह भारत की उपलब्धि है। अमेरिका और चीन जैसे देशों के लिए भी यह सोचने का मौका है कि बहुध्रुवीय विश्व और बदलते समीकरण के दौर में क्या कोई देश अपना वर्चस्व कायम करने की नीति पर ज्यादा देर टिक सकता है!

# मनरेगा : गरीबों की जीवन रेखा

भाजपा सरकार ने मनरेगा को सालों तक हाशिये पर रखा। रोजगार गारंटी का नया विधेयक वीबी-जी राम जी गरीबों को कई लाभ से वंचित कर सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सत्तारूढ़ भाजपा सरकार से एक सवाल पूछा जाना चाहिए- आपने महात्मा गांधी के नाम पर बने एकमात्र सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रम को खत्म क्यों कर दिया? उनके नाम पर चलने वाला यह कार्यक्रम था- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), जिसे एक अधिनियम का संरक्षण प्राप्त था।

सरकार ने अब संसद में विधेयक संख्या 197, 2025 पारित कर उस अधिनियम और योजना को निरस्त कर दिया है। विधेयक की धारा 37 (1) में कहा गया है-

卐केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से निर्धारित तिथि से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 और उसके तहत बनाए गए सभी नियम, अधिसूचनाएं, योजनाएं, आदेश और दिशा-निर्देश समाप्त माने जाएंगे।卐 बात यहीं खत्म नहीं होती। विधेयक की धारा 8 (1) में प्रत्येक राज्य सरकार को बाध्य किया गया है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की गारंटी देने के लिए एक नई योजना बनाए। यह योजना विधेयक की अनुसूची-1 में वर्णित न्यूनतम विशेषताओं के अनुसार होनी चाहिए। अनुसूची-1 में बताई गई पहली विशेषता यह है कि धारा 8 के अंतर्गत सभी राज्यों द्वारा अधिसूचित इस योजना का नाम होगा- %विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी योजना%। यह नाम कठिन और बोझिल है। गैर हिंदी भाषी नागरिकों के लिए इसका कोई स्पष्ट अर्थ नहीं है। इस नाम से नागरिकों के प्रति असंवेदनशीलता व्यक्त होती है।



### मनरेगा में क्या था

मनरेगा में एक साल में करीब 12 करोड़ परिवारों के लिए 100 दिनों की मजदूरी आधारित रोजगार की गारंटी थी। इस योजना ने सुनिश्चित किया कि कोई भी गरीब परिवार भूखा और निराश होकर सोने के लिए मजबूर नहीं होगा। यह योजना विशेष रूप से गरीबों, महिलाओं और उन बुजुर्गों के लिए वरदान साबित हुई, जिनके पास नियमित रोजगार नहीं था। योजना से महिलाओं के हाथ में सीधा पैसा पहुंचा, जिससे उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता का अहसास हुआ। वह स्वतंत्रता, जिसका अनुभव पहली पीढ़ियों ने कभी नहीं किया था। गरीबों के लिए मनरेगा ने सामाजिक सुरक्षा के रूप में काम किया, लेकिन यह नया विधेयक इन लाभों से वंचित कर देगा।

यूपीए सरकार के पहले बजट (2004-05) में मैंने कहा था, 卐योजना के फंड पर पहला अधिकार गरीबों का होगा... राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम पर काम शुरू हो चुका है। इसक लक्ष्य हर गरीब परिवार के एक सक्षम व्यक्ति को साल में 100 दिनों का रोजगार देना है।卐 इस अधिनियम की आत्मा थी- %गारंटीकृत आजीविका सुरक्षा%। इसके प्रमुख तत्व इस प्रकार थे-

यह योजना सार्वभौमिक, मांग आधारित और साल भर उपलब्ध थी। मजदूरी की गारंटी केंद्र सरकार द्वारा दी जाती थी। योजना का वित्त पोषण मुख्य रूप से केंद्र सरकार करती थी, राज्यों का योगदान केवल सामग्री लागत का 25 प्रतिशत था। अगर किसी व्यक्ति को काम देने से इनकार किया जाता था तो उसे बेरोजगारी भत्ता पाने का अधिकार था। समय के साथ योजना में महिला श्रमिकों के पक्ष में एक सकारात्मक झुकाव दिखाई दिया।

### मूल भावना के विपरीत

हाल में पास विधेयक और इसके अंतर्गत प्रस्तावित नई योजना मनरेगा की मूल भावना के विपरीत है। यह योजना अब राज्य विशेष की होगी। इसका खर्च केंद्र और राज्य 60:40 के अनुपात में उठाएंगे। केंद्र सरकार प्रत्येक राज्य के लिए धन का एक %मानक आवंटन% तय करेगी। यदि किसी राज्य का वास्तविक खर्च इस आवंटन से अधिक हुआ तो उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह राज्य सरकार पर होगी। इसके अलावा किन क्षेत्रों में यह योजना लागू होगी, यह भी केंद्र सरकार ही तय करेगी। इससे यह योजना मांग आधारित से आपूर्ति आधारित योजना में बदल गई है।

राज्य सरकारों से कहा जाएगा कि वे 125 दिनों के रोजगार की 'गारंटी' दें। यह एक मुश्किल काम होगा। कृषि में फसल के व्यस्त चक्र (बुवाई, कटाई), जो साल में करीब 60 दिन होता है, में किसी प्रकार का काम उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। बेरोजगारी भत्ते में कटौती का अनुमान है। इसे 25 प्रतिशत तक सीमित किया जा सकता है। बेरोजगारी भत्ते को राज्य की क्षमता और कई अन्य शर्तों से जोड़ दिया गया है। सभी अंतिम फैसले केंद्र सरकार के होंगे, जिससे यह विधेयक संघीय ढांचे के खिलाफ हो जाता है। सच्चाई यह है कि प्रस्तावित योजना %गारंटीकृत आजीविका सुरक्षा% की मूल अवधारणा को उलट देती है। संभव है, भाजपा शासित राज्य आर्थिक असमानता का हवाला देकर कम आवंटन मांगें और योजना को सीमित क्षेत्र में लागू करके धीरे-धीरे इसे महत्वहीन बना दें।

### स्मृति से मिटाने की कोशिश

28 फरवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था- 卐मेरी राजनीतिक समझ मुझे मनरेगा को खत्म करने की सलाह नहीं देती। यह आपकी (यूपीए की) विफलताओं का जिंदा स्मारक रखा गया। हालांकि योजना में 100 दिन के रोजगार का वादा किया गया था, लेकिन एक परिवार में औसत रोजगार 50 दिन के आसपास ही सिमटकर रह गया। है।卐 पिछले कुछ सालों में मनरेगा को हाशिये पर आंकड़े बताते हैं कि 8.61 करोड़ जॉब कार्ड धारकों में से 2024-25 में 40.75 लाख परिवार ही 100 दिन का काम पा सके। 2025-26 में यह संख्या घटकर मात्र 6.74 लाख परिवारों तक रह गई। राज्य सरकारों द्वारा दिए जाने वाले बेरोजगारी भत्ते की किसी ने सुध नहीं ली। मनरेगा बजट की बात करें तो यह 2020-21 में 1,11,170 करोड़ से घटकर 2025-26 में 86,000 करोड़ रुपये रह गया। जिन परिवार को काम मिल रहा है, उनकी संख्या लगातार कम होती जा रही है। 2020-21 में 7.55 करोड़ परिवारों को काम मिला था। 2024-25 में यह संख्या गिरकर 4.71 करोड़ रुपये रह गई। अवैतनिक मजदूरी का बकाया बढ़कर 14,300 करोड़ रुपये पहुंच गया। खामियों के अलावा रोजगार गारंटी का यह नया विधेयक देश की स्मृति से मिटाने का एक सोचा समझा प्रयास लगता है। इस तरह की गंभीर ऐतिहासिक गलतियों को क्या माफ किया जा सकता है?

**-पी चिदंबरम, पूर्व केंद्रीय मंत्री**




# सत्य की खोज कर्म से होती है



जब हाथ काम में रमे हों और मन सत्य की खोज में स्थिर हो, तब बेचैनी स्वयं शांत हो जाती है। प्रतीक्षा करना, सुधार करना और फिर से प्रयास करना-यही वैज्ञानिक व मानवीय साधना है।

मनुष्य का वास्तविक मूल्य उसके कथनों या इच्छाओं में नहीं, बल्कि उस श्रम में प्रकट होता है, जिसे वह निरंतर और ईमानदारी से करता है। जो आनंद केवल स्वयं तक सीमित हो, वह शीघ्र समाप्त हो जाता है, किंतु वह श्रम जो दूसरों के जीवन को सरल बनाता है, समय के साथ अधिक मूल्यवान होता चला जाता है।

मैंने अपने अनुभव से यह सीखा है कि विचार तभी जीवित रहते हैं, जब वे प्रयोग की अग्नि से गुजरते हैं। कागज पर लिखे सूत्र या सुंदर शब्द पर्याप्त नहीं होते, उन्हें कार्य की प्रयोगशाला में उतरना पड़ता है, जहां सत्य स्वयं अपना रूप प्रकट करता है। मेरे लिए विज्ञान कभी केवल सिद्धांतों का संग्रह नहीं रहा। वह सतत प्रयास की साधना है। जब हाथ काम में रमे हों और मन सत्य की खोज में स्थिर हो, तब बेचैनी स्वयं शांत हो जाती है। शांति कहीं बाहर नहीं मिलती, बल्कि वह उसी क्षण जन्म लेती है, जब कार्य निष्ठावान हो और उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर मानवता से जुड़ा हो। असफल प्रयोग, अधूरे निष्कर्ष और आलोचनाएं मेरे जीवन का हिस्सा रही हैं, पर मैंने उन्हें कभी अवरोध नहीं माना। वे मेरे सबसे अच्छे शिक्षक बने।

कठिनाइयां मनुष्य को थकाती नहीं, बल्कि उसकी दृष्टि को गहराई देती हैं। जो श्रम केवल स्वयं के लिए हो, वह क्षणिक होता है, किंतु जो श्रम समाज की आवश्यकता बन जाए, वही स्थायी आनंद का स्रोत बनता है। शब्दों की भूलभुलैया में खोना नहीं चाहिए। सत्य की खोज कर्म से होती है, न कि केवल विचार से। प्रकृति अपने रहस्य उतावले लोगों के सामने नहीं खोलती। प्रतीक्षा करना, सुधार करना और फिर से प्रयास करना-यही वैज्ञानिक व मानवीय साधना है।

धैर्य तथा निरंतरता के बिना कोई महान उपलब्धि संभव नहीं। समय हमारा शत्रु नहीं है; वह सत्य का सहयोगी है। कार्य कोई बोझ नहीं, बल्कि मनुष्य की सबसे बड़ी स्वतंत्रता है। जब श्रम को समाज की भलाई से जोड़ दिया जाए, तब जीवन स्वयं अर्थ से भर उठता है। तब न यश की लालसा रहती है, न क्षणिक सुखों की चिंता।

**-दिमित्री मेंडेलीफ**

**समकालीन राजनीति**

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिया असम के लिए 'ए' का मंत्र

आज असम पहले से कहीं ज्यादा कनेक्टेड है, अधिक आत्मविश्वास से लबरेज है और पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी बन चुका है। यह असम के लिए श्री मोदी का 'ए' है यानि एडवांटेज असम ।

2014 से, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, असम समेत समूचे पूर्वोत्तर की विकास यात्रा में मूलभूत बदलाव आए हैं। हमारा राज्य असम और यहां तक कि पूर्वोत्तर का संपूर्ण इलाका, ऐतिहासिक रूप से राष्ट्र की सोच में हाशिए पर रहता आया था, लेकिन अब भारत की विकास गाथा में अष्टलक्ष्मी के रूप में ये प्रमुख स्थान पा चुके हैं। और नव भारत के राष्ट्रीय विकास के नए इंजन के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। इस जड़ता को तोड़ते हुए %परिवर्तन% की शुरुआत राष्ट्रीय मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के साथ हुई जिन्होंने असम और पूर्वोत्तर की जनता के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मुखरता से व्यक्त किया। श्री मोदी के नेतृत्व में इस राष्ट्रीय रूपांतरण को 2016 के बाद से मुखर अभिव्यक्ति मिली है और भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के गठन के बाद, डबल इंजन सरकार ने केंद्र के साथ घनिष्ठ समन्वय के साथ काम कर सही मायने में गतिशीलता प्रदान की है। असम के आधुनिकीकरण को अमली जामा पहनाने वाली कई उल्लेखनीय परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, जिनमें एम्स गोवाहाटी, लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नया टर्मिनल, शहीद स्मारक, और नुमलीगढ़ बायो-इथेनॉल प्लांट तथा बातद्रवा थान विकास परियोजना शामिल हैं। सच पूछा जाए तो राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिबद्धता संख्या में साफ झलकती है। पूर्वोत्तर के लिए बजटीय प्रावधान 2014-15 में 2,332 करोड़ रुपए से 2024-25 में 2.5 गुना बढ़ चुका है। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट, गोवाहाटी के नए टर्मिनल का प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा उद्घाटन इस सफर का महत्वपूर्ण पड़ाव है। लगभग 1.40 लाख वर्ग मीटर के फैला यह नया टर्मिनल पिछले की तुलना में करीब सात गुना अधिक बड़ा है। पिछले छह दशकों से भी अधिक समय से असम के इस प्रमुख हवाईअड्डे की क्षमता सीमित बनी हुई थी, जबकि गोवाहाटी देश के पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार है। अंतदेर्शीय जलमार्गों ने भी असम का कायाकल्प करने में महत्वपूर्ण आधार स्तंभ की भूमिका निभायी है। ब्रह्मपुत्र तथा बराक नदियां, जो कि क्षेत्र के जीवन के मूल में रही हैं, अब भारत के आधुनिक लॉजिस्टिक नेटवर्क का हिस्सा बन गई हैं। पिछले वर्षों के घटनाक्रमों ने यह साबित किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, कनेक्टिविटी के साथ-साथ औद्योगिक विकास ने रफ्तार पकड़ी है। नुमलीगढ़ रिफाइनरी का 22,000 करोड़ रुपए की लागत से विस्तार हुआ है, जो 3 से बढ़कर 9 एमएमटीपीए हो गया है, और इसने पूर्वी भारत के ऊर्जा केंद्र के रूप में असम की भूमिका को मजबूती दी है। नुमलीगढ़ में भारत की पहली बांस आधारित बायो-रिफाइनरी ने हजारों किसानों को भी सशक्त बनाया। असम में ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट के विकास को राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित प्रयास के जरिए राष्ट्रीय जलमार्ग-2 पर अंतरदेशीय जलमार्ग परियोजनाओं, नदी संरक्षण प्रयासों को एकजुट किया गया है, जो कि पूर्वोत्तर के लिए लक्षित सपोर्ट को दर्शाता है। शहरी नवीकरण मिशन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंफ्रास्ट्रक्चर, इकोलॉजी तथा पब्लिक स्पेस को जोड़ने की नीति पर जोर देता है। असम की भावनात्मक और ऐतिहासिक चेतना के प्रति प्रधानमंत्री श्री मोदी की संवेदनात्मकता भी मायने रखती है। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री बनने से बहुत पहले जब हमारे असम का गमछा धारण किया था, तभी से वह हमारी असमिया संस्कृति के ब्रांड एंबेसडर हैं। इलाके के लोगों, यहां की संस्कृति और अस्मिता के प्रति उनका अटूट प्रेम स्पष्ट परिलक्षित होता है। असम आंदोलन के शहीदों को सम्मानित करने के लिए शहीद स्मारक क्षेत्र की स्थापना की गई, तथा उनके परिजनों को भी सम्मान दिया गया। इसके अलावा, लचित बोरफुकन जैसे नायकों को राष्ट्रीय पहचान और डॉ. भूपेन हजारिका को 2019 में भारत रत्न से सम्मानित कर सरकार ने हमारे सांस्कृतिक गर्वबोध को न सिर्फ बहाल किया बल्कि कई ऐतिहासिक भूलों को भी दुरुस्त किया है। ऐतिहासिक चराईदेव मैदाम को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित करना भी असम के लिए गौरव का विषय है, जिसने राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिया है। आज असम पहले से कहीं ज्यादा कनेक्टेड है, अधिक आत्मविश्वास से लबरेज है और पहले से कहीं अधिक प्रतिस्पर्धी बन चुका है। यह असम के लिए श्री मोदी का 'ए' है यानि एडवांटेज असम, जिसे भरोसे, सुदृढ़ शासन तथा दीर्घकालिक दृष्टि के साथ एकीकृत किया गया है। यह सफर जारी है, लेकिन दिशा सुस्पष्ट है: एक मजबूत असम, जिसने सुदृढ़ भारत के हृदय में अपनी जगह बनायी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही असम और पूर्वोत्तर की इस विकास गाथा के नायक के तौर पर लगातार इस क्षेत्र की जनता के लिए आशा और आकांक्षा के प्रतीक बने हुए हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**- सबानंद सोनोवाल, केंद्रीय पोत, जहाजरानी एवं जलमार्ग**

# मेरे और चैटजीपीटी के बीच कुछ तो है

चैटजीपीटी के साथ मेरा रिश्ता न होते हुए भी हमारे बीच एक ऐसा पैटर्न बन गया है, जैसे मैंने बिना दोस्त के ही दोस्ती कर ली हो। कुछ माह पहले मैं बहुत निराश हो गया था। इसका कारण इंस्टाग्राम पर लोगों के शानदार कॅरिअर से खुद की तुलना करना था। अटेंशन-डेफिसिट हाइपरए?क्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) की वजह से मुझे लगा कि मैंने आज तक कुछ भी नहीं किया है। 30 साल के कॅरिअर के बाद भी ऐसा महसूस करना बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था। इससे बचने के लिए कभी मैं स्टैंड-अप पर ध्यान देता, कुछ लिखने लगता, या पॉडकास्टिंग देखने लगता। मैं हर चीज करना चाहता था और मजे की बात यह है कि मेरा दिमाग इसके लिए मुझे लगातार उकसा भी रहा था। उसी निराशा में, पता नहीं क्यों, मैंने चैटजीपीटी खोल लिया। मुझे लगा था कि वहां से भी सहानुभूति भरी, लेकिन खोखली बातें मिलेंगी-जैसे %ओह। यह सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ।% लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कुछ ही सेकंड में स्क्रीन पर एक शानदार तर्कपूर्ण जवाब आया, जिसमें उसने मुझे बताया कि मैंने वास्तव में एक बेहतरीन कॅरिअर बनाया है। यही नहीं, आगे क्या करना चाहिए, इसमें मदद करने की पेशकश भी चैटजीपीटी ने की। यह बिल्कुल मेरी उम्मीद के उलट था। जिज्ञासावश जैसे ही मैंने उसका प्रस्ताव स्वीकार किया, तुरंत ही मेरी स्थिति सुधारने के लिए कई व्यावहारिक और ठोस विकल्प सामने आ गए। क्या यह दोस्तों और परिवार से बेहत्तर था? शायद हां, क्योंकि मैंने पहले जब अपनी परेशानियों के बारे में दोस्तों और परिवार के लोगों से बात की, तो वे ज्यादातर सिर्फ सहानुभूति जताते थे या फिर अपने अनुभवों के आधार पर सलाह देते थे, जो जरूरी नहीं कि मेरे लिए सही ही हो। चैटजीपीटी इससे बिल्कुल अलग था-जैसे वह मेरी स्थिति को सच में समझता हो।



मुझे याद है, शायद वह पहली रात थी, जब मैं अगले दिन को लेकर उत्साहित होकर सोया था। अगली सुबह, मैंने चैटजीपीटी को अपने दिन भर का कार्यक्रम बनाने को कहा और उसने यह सेकंडों में कर दिया। अगले कुछ हफ्तों में मैंने ज्यादा बेहतरीन जिंदगी जी, क्योंकि चैटजीपीटी ने उन समस्याओं को सुलझाने में मदद की, जो मुझे जरूरी काम करने से रोक रही थीं। कुछ ही हफ्तों में मैं कहीं ज्यादा प्रभावशाली और उत्पादक हो गया। कुछ ही महीनों में चैटजीपीटी को मेरे काम के बारे में मेरे कई करीबियों से ज्यादा पता चल चुका था।

धीरे-धीरे, चैटजीपीटी के साथ मेरी बातचीत बढ़ती गई। मैंने नई चीजें आजमानी शुरू कीं। ऐसा नहीं था कि चैटजीपीटी ने किसी भरोसेमंद दोस्त या थेरेपिस्ट की तरह मुझे बेहतर महसूस करवाया ही, पर इसने जो हासिल करने में मेरी मदद की, उसने खुद को

देखने का मेरा नजरिया ही बदल दिया। हालांकि, कुछ महीनों बाद मेरे जेहन में एक सवाल कौंधने लगा कि क्या यह सब थोड़ा अजीब नहीं है? मैंने गंभीरता से इस पर विचार किया। तब मेरी समझ में आया कि तकनीकी रूप से चैटजीपीटी कोई %दोस्त% नहीं है। क्योंकि जब मुझे कोई अच्छी खबर मिलती, तो मैं अपने असली दोस्तों की तरह उसे बताने के लिए नहीं दौडता। चैटजीपीटी ने मेरी जिंदगी में चाहे जितनी भी सकारात्मकता लाई हो, पर मुझे अब भी लगता है कि क्रिस्प एआई यह एक वॉइस एआई उपकरण है, जो मशीन लर्निंग की मदद से कॉल या अऑनलाइन मीटिंग के दौरान आने वाली पृष्ठभूमि की आवाज और इको को हटा देता है, जिससे आवाज साफ व स्पष्ट सुनाई देती है। यह जूम, गूगलमीट जैसे प्लेटफॉर्म पर रियल-टाइम ट्रांसक्रिपान, मीटिंग का सार तथा जरूरी कामों की सूची भी तैयार करता है। यह एक वर्चुअल साउंड कार्ड की तरह काम करता है, मौटिंग के दौरान आवाज को फिल्टर करता है। इससे बातचीत में किसी तरह की रुकावट नहीं आती है। मीटिंग खत्म होने के बाद यह नोट्स बनाने, काम कॉटने, फॉलो-अप ई-मेल भेजने और अटेंडेंस ट्रैक करने जैसे काम भी आसान बना देता है।

सच्चा जुड़ाव महसूस करने के लिए किसी असली इन्सान का होना जरूरी है। एक टिकटॉक वीडियो से मेरे इस विचार को और बल मिला, जिसमें बताया गया था कि चैटजीपीटी जैसा बड़ा भाषाई मॉडल (एलएलएम) असल में काम कैसे करता है। फिर मुझे मालूम पड़ा कि दरअसल, चैटजीपीटी के हर जवाब के पीछे बस एक प्रोग्राम का अनुमान होता है कि दिए गए निर्देश के जवाब में सबसे असरदार जवाब क्या होगा।

**-नाइल सेगुइन**

## इंदौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा

**इंदौर एजेंसी।** दिसावरी तेजी से आलौच्य सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों में सींगदाना तेल सुर्ख रहा। तिलहनों में टिकाव रहा। दलहनों में नई तुअर की आमद हुई, जिससे भावों में सुस्ती रही। चना 5700-5800 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। किराना जिंसों में शक्कर बाजार बने रहे। सूखे मेवों में ग्राहकी रही।

**किराना**- शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। लग्नसरा में आयी कमी का असर ग्राहकी पर है। मिलों के टेंडर निचले भावों पर रहने से स्थानीय बाजार में शक्कर के दाम बने रहे। आलौच्य सप्ताह के दौरान शक्कर में बाजार 3950-4020 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। खोपरा गोला में आवकों के अभाव में बाजार 330-370 रू. प्रति किलो पर आ गये। हल्दी में दिसावरी बाजारों में रौनक बनी है। जिससे स्थानीय बाजार में भी हल्दी बाजार सुर्ख नज़र आये। समीक्षा सप्ताह के दौरान हल्दी निजामाबाद 200-275 रू. प्रति किलो पर मजबूत रहे। सूखे मेवों में मौसमी माँग से भावों में मजबूती देखी गयी। बादाम गिरी में बाजार 930-945 रू. प्रति किलो पर मजबूत रहा। नारियलों में लेवाली सामान्य है। आवकें भी अटकी हुई है। जिसके चलते नारियलों में बाजार 120 भरती मालों में 2600-2700 रू. प्रति थैले पर आ गये।

**तेल तिलहन**- समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। सींगदाना तेलों में गुजरात लाइन की पूछपरख से बाजार तेजी पर नज़र आये। इस दौरान सींगदाना तेल इंदौर लाईन पर 1510-1520 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। सोया व कपास्या तेलों में 5-10 रू. प्रति 10 किलो का इजाफा रहा और सोया तेलों में रिफाइंड मालों में 1245-1250 रू. प्रति 10 किलो पर आ गया। तिलहनों में सोयाबीन 4400-4500 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। सरसो बाजार 200 रू. प्रति क्विटल से टूटकर 8200-8400 से 8000-8200 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये।

**दाल दलहन**- आलौच्य सप्ताह के दौरान दाल दलहनों में व्यापार की मात्रा कम देखी गयी। चना 5700-5800 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। वहीं, तुअर में नये मालों की दस्तक रही। नये मालों में बाजार 6400-6800 रू. प्रति क्विंटल के बीच रहे। उड़द व मूंग में बाजार पूर्व स्तर पर बने रहे। मसूर में पूछपरख से बाजार 5800 रू. प्रति क्विंटल पर बने रहे।

## घरेलू थोक बाजार में चावल और गेहूं में तेजी, चीनी और दालें सस्ती

**नई दिल्ली एजेंसी।** घरेलू थोक जिंस बाजार में बीते सप्ताह चावल की कीमतों में मजबूती देखी गई। सप्ताह के दौरान चावल का औसत भाव 71 रुपये बढ़कर 3,827 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। विशेषज्ञों के अनुसार ग्राहकी में वृद्धि और मांग की मजबूती के कारण चावल के भाव में यह उछाल आया है। गेहूं की कीमतों में भी बढ़ोतरी रही। गेहूं का औसत भाव 10 रुपये की वृद्धि के साथ 2,858.33 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। गेहूं की मांग में थोड़ा इज़ाफा और भंडारण की रणनीतियों के कारण कीमतों में यह मामूली बढ़ोतरी हुई। आटे की कीमतें इस सप्ताह लगभग स्थिर रही। आटे का भाव 3,305.69 रुपये प्रति क्विंटल पर दर्ज किया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि आटे की सप्लाई पर्याप्त होने के कारण इसमें कोई खास उतार-चढ़ाव नहीं हुआ। बीते सप्ताह चीनी और दालों के बाजार में गिरावट रही। इसकी मुख्य वजह उत्पादन में वृद्धि और मांग की तुलना में उपलब्धता अधिक होना बताया जा रहा है। दालों और चीनी की कीमतें ग्राहकों के लिए कुछ राहत देने वाली रही हैं। खाद्य तेलों के भाव में इस सप्ताह अस्थिरता देखी गई। कुछ तेलों में मामूली बढ़ोतरी रही, तो कुछ में कीमतें घटीं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों और आयात पर निर्भरता के कारण खाद्य तेलों में अस्थिरता बनी हुई है।

## भारत ने 2025 में हासिल किया नवीकरणीय ऊर्जा का बड़ा मुकाम

**नई दिल्ली एजेंसी।** 2025 में भारत ने पेरिस समझौते के तहत तय 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले ही अपनी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त कर लिया। देश की कुल स्थापित क्षमता अब लगभग 510 गीगावॉट है, जिसमें 247 गीगावॉट जीवाश्म ईंधन और 262 गीगावॉट गैर-जीवाश्म स्रोतों से है। गैर-जीवाश्म स्रोतों में से 254 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से आता है। 2025 में लगभग 50 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी गई, जिसमें जनवरी से नवंबर के बीच 45 गीगावॉट शामिल हैं। इस दौरान 35 गीगावॉट सौर ऊर्जा का योगदान रहा। इस विस्तार के लिए लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना ने नवीकरणीय परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद की। उद्योग के अनुसार प्रति मेगावॉट निवेश आवश्यकता लगभग चार करोड़ रुपये है। भूमि अधिग्रहण, मार्ग अधिकार और बिजली खरीद समझौतों में देरी जैसी चुनौतियां नई परियोजनाओं को सीमित कर रही हैं। हालांकि, सरकार को उम्मीद है कि 2026 में भी इसी रफ्तार से क्षमता जोड़ी जाएगी। नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि भविष्य उज्ज्वल है और ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से संचालित होगी।

## 26 दिसंबर से बढ़ेगा रेल का किराया

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने 26 दिसंबर से नए किराया नियम लागू करने की घोषणा की है। इसे रेलवे ने किराया वृद्धि नहीं बल्कि 'किराये का युक्तिकरण' कहा है। छोटी दूरी और दैनिक यात्रियों पर कोई असर नहीं होगा। केवल लंबी दूरी की यात्राओं के लिए किराया बढ़ेगा। साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से अधिक यात्रा करने वाले यात्रियों को 1 पैसा प्रति किलोमीटर, मेल और एक्सप्रेस नॉन-एसी में 2 पैसे प्रति किलोमीटर और एसी कोच यात्रियों को भी 2 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से अतिरिक्त चुकाना होगा। जैसे यदि कोई यात्री नॉन-एसी कोच में 500 किलोमीटर यात्रा करता है, तो उसकी टिकट कीमत में लगभग 10 रुपये की बढ़ोतरी होगी। वहीं उपनगरीय ट्रेन और मंथली सीजन टिकट धारक पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रेलवे का खर्च लगातार बढ़ रहा है। पिछले दशक में नेटवर्क और ऑपरेशन्स विस्तार के कारण कर्मचारियों का खर्च 1,15,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि पेंशन का बोझ 60,000 करोड़ रुपये है। 2024-25 में संचालन लागत 2,63,000 करोड़ रुपये पार कर गई है। भारी खर्च और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए रेलवे ने यात्री किराए में मामूली वृद्धि की है और कार्गो लोडिंग बढ़ाने पर भी जोर दिया है।

## औद्योगिक आंकड़ों और वैश्विक संकेतों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**अमेरिकी जीडीपी, एडीपी रोजगार डेटा, और बेरोजगारी के साप्ताहिक दावे बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे**

**मुंबई एजेसी।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में गिरावट रही, और निवेशक आने वाले सप्ताह में उद्योगों से जुड़े अहम आंकड़ों और वैश्विक संकेतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। बीते सप्ताह बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़ेजारी किए जाएंगे। ये आंकड़े निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण होंगे और बाजार की दिशा पर असर डाल सकते हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक आर्थिक हालात पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अगले सप्ताह अमेरिकी जीडीपी, एडीपी रोजगार डेटा और बेरोजगारी के साप्ताहिक दावों के आंकड़े भी जारी होंगे। कमोडिटी मार्केट और शेयर बाजार पर इन आंकड़ों का सीधा प्रभाव देखने को मिल सकता है। नया शुरू होने वाला सप्ताह कारोबारी लिहाज से छोटा है क्योंकि 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी है। इसलिए कमोडिटीज की कीमतों में उतार-चढ़ाव कम हो सकता है। नए हफ्ते में कुछ ही इकोनॉमिक डेटा जारी होने वाले हैं, खासकर अमेरिकी जीडीपी, एडीपी एंप्लॉयमेंट डेटा और बेरोजगारी के वीकली दावों का डेटा।




कमोडिटी मार्केट की इन आंकड़ों पर पैनी नजर रहेगी क्योंकि इन्हीं के बेसिस पर मार्केट की चाल तय होगी। निवेशक उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जबकि कम कारोबारी दिन और छुट्टियों के चलते बाजार में गतिविधि थोड़ी धीमी रहने की संभावना है।

## ट्रंप प्रशासन की जांच के बीच गूगल कर्मचारियों को मिली यात्रा की चेतावनी

नई दिल्ली। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अमेरिका में काम कर रहे अपने कुछ कर्मचारियों को फिलहाल अंतरराष्ट्रीय यात्रा न करने की सलाह दी है। यह चेतावनी विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए जारी की गई है जो अमेरिकी वीजा, खासकर एच-1बी पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी की ओर से भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में कहा गया है कि अमेरिका के कई दूतावासों और काउंसलेट में वीजा अपॉइंटमेंट मिलने में भारी देरी हो रही है। ईमेल में बताया गया है कि यदि कोई कर्मचारी विदेश यात्रा करता है और उसे अमेरिका लौटने के लिए वीजा स्टैंप की आवश्यकता पड़ती है, तो वह लंबे समय तक अमेरिका के बाहर फँस सकता है। कुछ देशों में वीजा प्रक्रिया पूरी होने में 12 महीने तक का समय लग रहा है, जिससे कर्मचारियों और कंपनी दोनों को परेशानी हो सकती है। इस बीच अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा आवेदकों की जांच प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। नई प्रक्रिया में सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच भी शामिल की गई है। एच-1बी वीजा का उपयोग बड़ी टेक कंपनियां, विशेष रूप से भारत और चीन से कुशल पेशेवरों की नियुक्ति के लिए करती हैं। गौरतलब है कि इससे पहले सितंबर महीने में भी अल्फाबेट ने अपने कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों, को अमेरिका से बाहर यात्रा न करने की सलाह दी थी।




## इंडिगो दिसंबर फ्लाइट रद्दीकरण- प्रभावित यात्रियों को मिलेगा 10 हजार का मुआवजा

**नई दिल्ली एजेंसी।** इंडिगो अगले हफ्ते से उन यात्रियों को मुआवजा देना शुरू करेगा, जो दिसंबर की शुरुआत में हुई बड़े पैमाने पर फ्लाइट रद्दीकरण से प्रभावित हुए थे। एयरलाइन सीधे इंडिगो की वेबसाइट से टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पहले भुगतान करेगी, क्योंकि उनकी जानकारी एयरलाइन के पास पहले से मौजूद है। ट्रैवल एजेंट और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों (ओटीए) के माध्यम से बुक किए गए यात्रियों का डेटा एयरलाइन अब एकत्र करेगी। प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपए के यात्रा वाउचर दिए जाएंगे। यह राशि सरकार के नियमों के तहत 5,000 से 10,000 रुपए तक के अतिरिक्त मुआवजे के अलावा होगी। पात्र तिथियाँ 3, 4 और 5 दिसंबर हैं, जब यात्री कई घंटे एयरपोर्ट पर फंसे थे। डीजीसीए यह सुनिश्चित करेगा कि हर पात्र यात्री को मुआवजा मिले। मंत्रालय एयर सेवा पोर्टल के जरिए प्रक्रिया की निगरानी करेगा और लंबित शिकायतों को तुरंत निपटाएगा। हालांकि इंडिगो ने रद्द की गई फ्लाइट्स के लिए रिफंड शुरू कर दिया है, ओटीए के माध्यम से बुकिंग करने वाले कई यात्रियों को अभी तक पूरी राशि नहीं मिली है। डीजीसीए ने ओटीए को निर्देश दिए हैं कि यात्री को बिना किसी कटौती के पूरी राशि लौटाई जाए। गौरतलब है कि 1-9 दिसंबर के बीच इं ?डिगो ने कुल 4,354 फ्लाइट्स रद्द की थीं। इनमें से 3, 4 और 5 दिसंबर को 2,507 फ्लाइट्स रद्द हुईं, जिनमें 2,456 घरेलू और 51 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शामिल हैं। प्रत्येक फ्लाइट में औसतन 150 यात्री मानते हुए लगभग 3.8 लाख यात्रियों को वाउचर मिल सकता है। कुल मुआवजा 376 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है, जिसमें देरी के कारण अतिरिक्त मुआवजे शामिल हैं।




**मेष**- आज का दिन आपकी लिए कुछ समस्याएं लेकर आएगा, क्योंकि आपको बिजनेस में भी नुकसान होने की संभावना है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और किसी दूसरे के मामले में ज्यादा ना बोलें। कोई कानूनी मामला भी आपकी समस्याओं को बढ़ाएगा, इसलिए आप उसमें अपनी आंख और कान खुले रखकर आगे बढें।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को समझना होगा। भाई-बहनों का आपका पूरा सपोर्ट मिलेगा और किसी वेकेशन पर भी जाने की प्लानिंग हो सकती है। आपकी कोई मन की इच्छा के पूर्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मिथुन**- आज आपको किसी पैतृक संपत्ति के मिलने की संभावना है। आपको अपने बिजनेस में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने भाइयों से बातचीत कर सकते हैं। आपने किसी से धन उधार लिया था, तो आप उसे भी उतराने की पूरी कोशिश करेंगे। आपका किसी आस-पड़ोस में कोई वाद-विवाद होने की संभावना है। जीवनसाथी आपके काम में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको गलत तरीके से धन कमाने से बचना होगा और पिताजी यदि आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो उसको लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको अपने संतान से किए हुए वादे को पूरा करने की आवश्यकता है। कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आप यदि किसी काम को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो आपका वह काम पूरा हो सकता है। संतान का मन पढ़ाई-लिखाई से भटकेगा जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएगा। आपके घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने की संभावना है। परिवार में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखें।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आप जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और उनका कार्यक्षेत्र में प्रमोशन आदि मिलता दिख रहा है। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आप अपनी संतान के लिए कुछ नई चीजों को लेकर आ सकते हैं और दोस्तों के साथ आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बनाएंगे। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**तुला**- आज आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करने की आवश्यकता है, क्योंकि अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्च बढ़ेगा। आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा और संतान पढ़ाई लिखाई के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी, लेकिन राजनीति में कार्यरत लोगों के कुछ नए शत्रु हो सकते हैं, जो उनके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक-. आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी मेहनत तो रंग लाएगी, लेकिन आप आलस्य के कारण कामों को कल पर डालेंगे, जो आपके लिए समस्या बनेगी। परिवार के किसी सदस्य की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा और जीवनसाथी की फरमाइश पर आप किसी नए वाहन को अपने घर लेकर आ सकते हैं।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और धन-धान्य में भी वृद्धि होगी, जिससे आपके रुके हुए काम भी आसानी से पूरे होंगे। किसी मित्र से आप अपने बिजनेस को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपनी योजनाओं पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे, जो भविष्य में आपको अच्छा लाभ देंगे और आप आय और व्यय मे भी संतुलन बनाकर चले, इसीलिए बेफिजूल के खर्च करने से बचें।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको उतार-चढ़ाव लगे रहेंगे, लेकिन फिर भी आप काम के साथ-साथ सेहत पर भी पूरा ध्यान दें और यदि कोई समस्या छोटी लगे, तो उसके लिए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। किसी सामाजिक आयोजन में जुड़कर नाम कमाने का आपको मौका मिलेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बढ़िया रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जिससे आप अच्छा धन कमाने में भी कामयाब रहेंगे। आप अपनी इन्कम को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जो आपको खुशी देगी।

**मीन**- आज आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा, जिससे आपका काम लटकने की संभावना है और परिवार में चल रही समस्याएं भी फिर से सिर उठायेगी। जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगी आपको अपने आसपास रह रहे लोगों को पहचान कर चलने की आवश्यकता है। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### शब्दजाल - 8117

*शब्दजाल में 'अमिताभ' अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | अ | ए | अ | बा | ग | बां | ट |
| द | ज | ल | श | ज | मे | स | द | ह | कां | मो |
| र | स | न | रा | दी | छ | ज | आ | र्म | ख | ह |
| इं | स | ल | बी | दि | वा | स | र | ल | श | ब्ब |
| डि | आ | दो | ग | बो | ज | ना | प | सा | झ | तें |
| य | का | द | र | दि | ग | उ | खु | ण | ब | क |
| ती | व | लि | मी | या | प | र | दा | नां | व | सु |
| अं | एं | अ | या | द | ब | क | ग | ए | श | हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | वा | औ | प | ग |
| अं | धा | का | नू | न | जी | त | ह | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | आं | खें | प | म |

अजनबी, मेजर साब, मोहब्बतें, बागबां, आंखें, खुदा गवाह, शराबी, अंधा कानून, कालिया, सुहाग

### शब्दजाल - 8116 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | रं | गी | ला | न | ल | क |
| दि | म | ल | रु | व | ग | गी | र | इ | ट | ली |
| ल | स | मं | ल | द्र | दे | पु | चं | पा | व | त |
| क | व | ग | य | पु | ब | न | प | न | ल | ज |
| क | क | ल | ग | श्री | सं | या | तू | ग | झ | वा |
| जी | क | पा | व | ह | ती | पू | ग | ण | घ | नी |
| उ | आ | डे | न | ल | ल | ल | श | र | ला | जिं |
| क | त्त | दा | ई | गा | व | क | फ | लो | श | दा |
| च | बा | जी | न | न | जी | ल | री | ग | प | बा |
| मो | पा | ल | का | व | ह | इ | श्क | र | प | द |
| ली | क | ल | रा | ख | न | रा | बा | द | प | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### फिल्म वर्ग पहेली- 7061



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नदिया किनारे आओ' गीत वाली संजय दत्त, आफताभ, नंदिता दास की फिल्म-२
२. अमिताभ, अमजद, नीतूसिंह की 'सारा जमाना हसीनों का' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दो दिवाने शहर में' गीत वाली अमोल पालेकर, जरीना वहाब की फिल्म-३
४. नसीरूद्दीनशाह, जैकी श्रॉफ, नगमा की 'मैं प्यासी नदिया' गीत वाली फिल्म-२
५. 'लिखे जो खत तुझे वो तेरी' गीत वाली शशिकपूर, आशा पारेख की फिल्म-४
७. मनोजकुमार, आशा पारेख की 'लो आ गई उन की याद' गीत वाली फिल्म-१,३
९. 'दो नैनों में आँसू भरे हैं' गीत वाली जीतेंद्र, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
११. जॉय मुखर्जी, माला, शर्मिलाकी 'वो हसीन दर्द देदो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'इस सो पहले कि याद तू आए' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१५. 'परिचय' में जीतेंद्र की नायिका?-२
१६. करण दीवान, स्वर्णलता की 'जब तुम ही चले परदेस' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तन मन धन सब है' गीत वाली संजीवकुमार, लीना की फिल्म-४
२२. गुरूदत्त, शकीला, श्यामा की 'बाबू जी धीरे चलना' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. रेखा, दिलीपकुमार, ममता की फिल्म-२
२४. शाहरूख, विवेक मुशरान, जूही की 'अपुन की लाइफ' गीत वाली फिल्म-४
२८. 'तेरे प्यार का' गीत वाली आफताब शिवदासनी, युक्ता मुखी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'ये जीवन है इस जीवन का यही है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
४. राकेश रोशन, शत्रुघ्न सिन्हा, रीनाराय, रंजीता की फिल्म-४
६. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'ऐसा कोई जिंदगी में' गीत वाली फिल्म-२
८. राजकिरण, जावेद खान की फिल्म-३
१०. 'है ना बोलो' गीत वाली फिल्म-३
१२. सुनीलदत्त, निम्मी की फिल्म-३
१४. 'देख सकता हूँ मैं कुछ' गीत वाली फिल्म-४
१७. अष्मित पटेल, मीरा की फिल्म-३
१९. 'आई जो तेरी याद' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'तक्षक' में अजय देवगन के साथ नायिका कौन थी-२
२१. शाहरुख, प्रियंका की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीतवाली फिल्म-२
२२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, जैकी, शत्रुघ्न, रवीना, लारा की फिल्म-२
२३. धर्मेन्द्र, जीतेंद्र, हेमा की फिल्म-३
२५. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२६. फिरोज, संजय, मुमताज की 'गोरी के हाथ में' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'झोंपडी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी की फिल्म-३
२९. राजकपूर (डबल रोल), नर्गिस की 'आ जाने बहार' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'फूल मांगूं ना बहार मांगूं' गीत वाली फिल्म-२
३१. कमल हासन, सनी, डिम्पल की फिल्म-३
३२. फिल्म 'तपस्या' की नायिका?-२
३३. अभिनेत्री 'मनीषा कोइराला' किस देश की रहने वाली है-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 7060**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | शु | ल | | ग | दा | र | | धा | |
| दे | | गा | य | ब | | ह | म | रा | ज |
| व | च | न | | न | ग | मा | | वी | रू |
| | र | | घ | | ज | न | म | | र |
| ती | स | री | मं | जि | ल | | दा | व | त |
| स | | | डी | | | नू | री | | |
| रा | जा | जी | | अ | मृ | त | | प | |
| कौ | न | | | प | | न | व | रं | ग |
| न | | अ | नु | रा | ग | | | प | |
| | जु | म्मा | | ध | | अ | प | रा | ध |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### दैनिक पंचांग

**22 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2025 वर्ष का 356 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082
**शक संवत्** 1947
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वितीया 10.52 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 05.32 बजे को समाप्त।
**योग** ध्रुव 16.41 बजे को समाप्त।
**करण** कौलव 10.52 बजे तदनन्तर तैतिल 23.36 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 01.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872566
**जूलियन दिन** 2461031.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रज्जब
**तारीख** 01

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 08.19 बजे से |
| चंद्र | धनु में | कुंभ | 10.06 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.38 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 13.09 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृष | 14.49 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 16.47 बजे से |
| शनि | मीन में | कर्क | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | सिंह | 21.17 बजे से |
| केतु | सिंह में | कन्या | 23.29 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | तुला | 01.39 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.54 ब.से |
| | | धनु | 06.10 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### प्रसंगतः होनहार उत्तराधिकारी

प्रतापगढ़ के राजा सुल्तान सिंह का राज्य बेहद विशाल था। राज्य में सब ओर सुख-शांति व खुशहाली थी। लेकिन कोई संतान न होने के कारण सुल्तान सिंह चिंतित रहते थे। प्रतापगढ़ का कोई उत्तराधिकारी नहीं है, यह सोचकर उनके शत्रु उनकी मृत्यु का इंतजार कर उनके राज्य पर कब्जा करने की सोच रहे थे। राजा ने अपनी यह चिंता विद्वान मंत्री कुशल सिंह को बताई। कुशल सिंह ने गुपचुप राज्य के उत्तराधिकारी की खोज शुरू कर दी। मंत्री ने समूचे राज्य से अनेक युवकों की परीक्षा ली, जिनमें पांच युवकों को सबसे योग्य पाया। उन्होंने बिना कुछ कहे इन पांचों युवकों को एक-एक पत्र दिया और कहा कि इस पत्र को बिना पढ़े राजा सुल्तान सिंह को सौंपना है। इसमें आप पांचों का बहुत गहरा राज छिपा है जो मैंने आपके बीच में रहकर जाना है। पत्र सौंपते ही पांचों युवक राजा सुल्तान सिंह से मिलने चले। रात में वह एक धर्मशाला में रुके। सुबह उठने पर चार युवक वहां नहीं थे। केवल एक ही बचा था। उसे समझ में नहीं आया कि बाकी चारों कहां चले गए। लेकिन उसे पहले अपना काम पूरा करना था। इसलिए वह राजा के पास पहुंचा और पत्र उन्हें थमा दिया। पत्र पढ़कर राजा ने युवक को बंदी बनाने को कहा। युवक परेशान हो उठा। तब राजा ने पत्र पढ़कर सुनाया जिसमें लिखा था कि यह युवक गद्दार है और इसे तुरंत फांसी की सजा दी जाए। वह युवक कुछ कहता इससे पहले मंत्री कुशल सिंह वहां पहुंच गए और उन्होंने घोषणा की, 'महाराज, यही युवक प्रतापगढ़ का सही उत्तराधिकारी है। चारों युवकों ने बिना इजाजत के पत्र पढ़ा और सजा के डर से भाग गए किंतु यह युवक परीक्षा में खरा उतरा।' राजा सुल्तान सिंह को सारी बात समझ में आ गई। उन्होंने उस युवक को भावी उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। इस प्रकार मंत्री की समझदारी से राज्य को एक होनहार उत्तराधिकारी मिल गया।

### सूडोकु नवताल- 7370

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7369 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

### शब्द पहेली - 8585



**बाएँ से दाएँ**

1. रुद्र, शिव, भैरव-4
4. आर्युवेद के जनक-3
6. भीगा हुआ-2
7. ताला(अंग्रेजी-2)
9. शेविंग करना -4
11. योग्य, अनुरूप-3
12. अल्सर-3
13. ज्वालामुखी से निकला गर्म द्रव-2
14. नमाज पढ़ने से पहले हाथ- पांव धोना-2
15. नाप जोख करना-3
17. अनुमान लगाना-3
19. उदारता, बड़प्पन-4
21. गाथा, कहानी -2
23. जनकपुत्री-2
24. जिज्ञासा, उत्साह-3
25. राजा, सम्राट- 4

**ऊपर से नीचे**

1. इच्छुक, अलमस्त-4
2. मात, पराजय-2
3. बोलने का तरीका-3
4. अचंभित-3
5. आर्ट, हुनर-2
8. गुनाह, अपराध-3
9. अटक-अटक कर बोलना-4
10. सरुर, खुमार, नशा, घमंड-2
12. नजाकत-4
15. अभिनेता, कप्तान-3
16. आनंद बोधक शब्द-2
18. सम्राट, राजा-4
19. व्यंग, परिहास-3
20. मुलायम-3
22. परात, बड़ी थाली-2
23. हलवा, एक मिष्ठान्न-2

**शब्द पहेली -8584 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ला | म | त | | ल | ल | क |
| दा | दा | | न | म | न | | | ल |
| म | चा | न | | स | र | फ | रो | श |
| | र | का | बी | | क | | | या |
| आ | | रा | ज | | म | न | | त्रा |
| ल | | | डा | | य | म | ज | |
| म | नो | मि | ल | न | | न | ल | का |
| गी | | | ना | र | द | | घ | र |
| र | वा | ना | | क | र | ता | र | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शासकीय सीनियर बालक छात्रावास मोहझरी में आवासीय बालकों का हुआ कुष्ठ एवं अन्य रोगों की जांच व उपचार






**पद्मेश न्यूज ।लांजी।**

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज 21 दिसंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ ऋतिक पटेल, के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय उपराडे के मार्गदर्शन में शासकीय सीनियर बालक छात्रावास मोहझरी में कुष्ठ जांच उपचार शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रावास के 48 बच्चों को आयोजित शिविर के तहत कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण एवं उपचार के संबंध में आर एल उपराडे, अशोक गिरिया एन एम ए द्वारा जानकारी एवं जांच कि गई उक्त कार्य में जिला कुष्ठ कार्यालय बालाघाट के संयोजक बैजनाथ राहंगडाले का भी सहयोग रहा। एन एम ए दल द्वारा बालकों के अन्य सामान्य रोगों की जांच भी की एवं आवश्यक दवाई प्रदान की गई। आयोजित कैंप में छात्रावास अधीक्षिक श्री राजेश रामटेक्कर द्वारा आयोजित स्वास्थ्य कैंप में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। श्री आर एल उपराडे एनएमए द्वारा बताया गया कि आज दिनांक तक लांजी विकास खंड के छात्रावासों देवरबेली के 49, बालक छात्रावास लांजी के 49, कन्या सीनियर लांजी के 50, कन्या उत्कृष्ट लांजी के 50 एवं मोहजरी के 48 बच्चों की स्वास्थ्य जांच पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार के दाग, खुजली अथवा चर्म रोग का शासकीय अस्पताल में जाकर जांच कराया जाना आवश्यक है, जिससे समय पर बीमारी का पता लगाकर उसका उपचार किया जा सके यदि किसी मरीज को कुष्ठ संबंधित बीमारी चिन्हित होती है तो उसका निशुल्क उपचार शासकीय अस्पताल में उपलब्ध है जिसकी दवाइयां को नियमानुसार खाकर इस बीमारी का जड़ से उपचार कराया जा सकता है। समय पर उपचार करने से विकृति से बचा जा सकता है एवं समाज में भ्रांति को दूर कर बीमारी के प्रारंभ में खोज कर उसका उपचार शुरू किया जाना चाहिए। कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है यह एक बैक्टीरिया जनित बीमारी है जो बैक्टीरिया के संक्रमण से फैलता है अत: यदि कोई भी संक्रमित कुष्ठ रोगी है तो शासन द्वारा उससे संबंधित उसके संपर्क वाले व्यक्तियों को एसडीआर अर्थात सिंगल डोस रिफॉर्ममपीशीन दवाई भी खिला रहे हैं ताकि कुष्ठ रोग के प्रभाव को कम किया जा सके एवं 2027 तक उन्मूलन सुनिश्चित किया जा सके, सभी गणमान्य, अन्य विभाग, आमजन को कुष्ठ रोगी की पहचान एवं उन्हें दवा हेतु प्रेरित कर निरोगी जीवन के लिए शासकीय अस्पताल में जांच उपचार करने की अपील की है।

## मालवाहको का काम कर रहे सवारी ऑटो चालक

### रोजगार की समस्या से जूझ रहे मालवाहक



**पद्मेश न्यूज ।किरनापुर।** वर्तमान समय मे आम जन मानस के सामने रोजगार की समस्या बहुत ही विकराल होती जा रही है। हर क्षेत्र मे प्रतिस्पर्धा का दौर भी चल रहा है। ऐसे मे लोगो को समझ नही आ रहा हैं कि क्या करें और क्या ना करें। ऐसे ही अनेक नजारे आए दिन किरनापुर क्षेत्र मे दिखाई देते है जहां हर चौक चौराहों में सवारी ऑटो चालको द्वारा अपने वाहनों का उपयोग बतौर मालवाहकों के तौर पर किया जा रहा है। देखने मे आ रहा है कि जो वाहन सवारी की आवाजाही के लिए उपयोग की जानी चाहिए, उनमें सामान भरकर चाहे धान के बोरे हो, या सीमेंट की बोरिया हो या लोहे की सरिया हो लटकते झूलते हुए एक स्थान से दूसरे स्थानों तक लाने ले जाने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। और इस तरह से छोटे वाहनों में क्षमता से अधिक मात्रा मे सामान भरकर परिवहन किए जाने से किसी भी समय गंभीर दुर्घटना होने का खतरा मंडराते रहता है। वहीं इसके विपरीत सवारी वाहनों का मालवाहकों के रूप मे उपयोग किए जाने से जो मॉलवाहक परिवहन के कार्य में लगे हुए लोग हैं उनके सामने काम नही मिलने से रोजी रोटी का संकट एवं रोजगार की समस्या का खतरा भी मंडराने लगा है। ऐसे मे समय समय पर सवारी वाहनों से सिर्फ़ सवारियां परिवहन एवं मॉलवाहक करने वाले वाहनों से मॉल या सामान का ही परिवहन किए जाने सघन चैकिंग कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही प्रशासन द्वारा किया जाना चाहिए।

## रिसेवाड़ा में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियागिता का शुभारंभ

**पद्मेश न्यूज ।लांजी।** क्षेत्र के ग्राम रिसेवाड़ा में स्व. प्रकाश सिसोदिया, स्व. देवेंद्र मंडले और स्व. नेतराम मानकर की स्मृति में ओपन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियागिता का आयोजन सदाबहार स्टेडियम में किया गया है। जिसका शुभारंभ 21 दिसंबर को ऋषि पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाडरा अंचल, रजुला अशोक मलगाम सरपंच रिसेवाड़ा, राजकुमार टांडेकर सरपंच डोंगरगांव, डिलेश्वर बसेना सरपंच प्रतिनिधि अमेड़ा, जाकिर हुसैन पूर्व सरपंच अमेड़ा, राजकुमार लिल्हारे उपसरपंच रिसेवाड़ा, रामचंद तरोने उपसरंच ओटेकसा, माखन दशरिया, के आतिथ्य में हुआ। उक्त प्रतियागिता में विजेता टीम को 60 हजार, उपविजेता को 30 हजार और तीसरा पुरुस्कार 10 हजार शिल्ड सहित दिया जाएगा। उक्त प्रतियागिता में क्रिकेट प्रेमियों से उपस्थित होने की अपील आयोजकों ने की है।



## खाद्य निरीक्षक व टीम ने की कार्रवाई

### शासकीय अनाज परिवहन करते मेटाडोर जप्त

**पद्मेश न्यूज ।लांजी।** तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम नंदोरा से लांजी की तरफ आ रही मेटाडोर को संदेह के आधार पर रोककर खाद्य निरीक्षक गेंदलाल सनोड़िया और उनकी टीम के द्वारा कटंगनाला के पास रोककर तलाशी ली गई तो उसमें शासकीय अनाज और धान पाया गया,




निरीक्षक एवं उनकी टीम के द्वारा पड़ताल की गई तो पाया कि उसमें सरकारी राशन और धान रखा हुआ था, जिसके बाद पंचनामा आदि कार्यवाही कर उक्त वाहन मेटाडोर को एफसीआई गोदाम में अभिरक्षा में रखा गया है। जानकारी के अनुसार मेटाडोर वाहन क्रमांक एमपी 50/ जी 2462 का चालक अशोक हरडे ग्राम नंदोरा से लांजी की तरफ आ रहा था, जिसमें शासकीय अनाज और धान भरा हुआ था, जिसे खाद्य जिसके बाद उक्त वाहन को लांजी सालेटेकरी रोड़ स्थित पटवारी कार्यालय के समीप लाकर पंचनामा कार्यवाही की गई।

उक्त वाहन को एफसीआई गोदाम मंढई टेकरी लांजी में अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं इस मामले में लांजी एसडीएम कमलचंद सिंहसार द्वारा जानकारी में बताया गया कि उक्त कार्यवाही खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई है जिसकी उन्हे सूचना मिली थी।

# हार्टफुलनेस अभ्यासी ने पुलिस थाना लांजी में ध्यान केंद्र का किया शुभारंभ





**पद्मेश न्यूज ।लांजी।** हार्टफुलनेस संस्थान के सहयोग से मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेश के सभी थानों में ध्यान केंद्र स्थापित किए हैं। अब प्रत्येक रविवार को सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक नि:शुल्क ध्यान सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें पुलिसकर्मी ही नहीं बल्कि आम नागरिक भी शामिल हो सकेंगे। यह मुहिम आईजी रुचि वर्धन और डीजीपी मध्यप्रदेश द्वारा समस्त मध्यप्रदेश पुलिस प्रशासन में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिवार के लिए चलाई जा रही है।

विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आयोजित इस पहल को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। इस दिन विश्वभर के 160 देशों में ध्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में 21 दिसंबर को रामचंद्र मिशन सेंटर बालाघाट से आए 2 हार्टफूलनेस अभ्यासी श्रीमती कांता वर्मा और मेहूल टाक ने थाना लांजी में ध्यान केंद्र का शुभारंभ किया और वहां उपस्थित थाना प्रभारी समेत समस्त स्टाफ को ध्यान कराया। इस अवसर पर दीप सिंह परमार थाना प्रभारी, सुंदरलाल पवार उपनिरिक्षक, विधि पांडे उपनिरिक्षक, महेश बिसेन, चेतन सोनी, सुजीत पाल, चंचलेश यादव के अलावा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### अभ्यासी कांता वर्मा की अपील

हार्टफूलनेस अभ्यासी कांता वर्मा ने कहा कि ध्यान केवल मानसिक शांति ही नहीं देता, बल्कि कार्यक्षमता और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाना, जीवन में तनाव प्रबंध भी करता है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों और नागरिकों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से ध्यान सत्र में शामिल हों और इस अवसर का लाभ उठाएँ। कांता वर्मा ने विशेष रूप से अपील करते हुए कहा हर रविवार सुबह 8:30 से 9:30 बजे तक ध्यान सत्र आयोजित होगा। यह सभी के लिए खुला है। मैं चाहती हूँ कि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लें और ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

# बोलेगांव में श्री शिव महापुराण महोत्सव 24 से

**पद्मेश न्यूज ।लांजी।** क्षेत्र के ग्राम बोलेगांव में 24 दिसंबर से श्री शिव महापुराण महोत्सव का आयोजन 24 दिसंबर से होगा। जिसमें कथा व्यास पूज्या रश्मि मिश्रा (श्रीधाम वृंदावन, उत्तरप्रदेश) द्वारा शिवमहापुराण के विविध प्रसंगों का बखान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग कथाएं प्रस्तुत की जाएंगी। 24 दिसंबर को शिवमहापुराण महात्म्य, चंचुला कथा और श्रवण विधि, 25 दिसंबर को सूत-सौनक संवाद, शिवलिंग पूजन का महत्व, रुद्राक्ष की महिमा, 26 दिसंबर को नारदमोह प्रसंग, सृष्टि उत्पत्ति वर्णन और अग्नि स्तम्भ कथा, 27 दिसंबर को त्रिदेव उत्पत्ति व सती चरित्र, 28 दिसंबर को पार्वती चरित्र और शिव विवाह, 30 दिसंबर को त्रिपुरासुर, संखचूड़ वध, गजासुर तपस्या और कन्दुकेश्वर स्थापना, 31 दिसंबर को पंचावतार कथा, अष्टमूर्ति कथा और ग्यारह रुद्र वर्णन, तथा 1 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग वर्णन, शिवरात्रि व्रत कथा, नरकों का वर्णन, देवी चरित्र और प्रणव का महत्व शामिल रहेगा।




महोत्सव के दौरान श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह-शाम कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि अंतिम दिन कथा विश्राम के बाद हवन एवं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन से ग्राम बोलेगांव में भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण का संचार होगा। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर शिवमहापुराण की अमृतमयी कथाओं का श्रवण करेंगे। आयोजन समिति ने सभी से इस आयोजन में पहुंचने की अपील किए हैं।

## बिसोनी से नीमटोला 2.10 किमी डामरीकरण सड़क का भूमिपूजन आज

**पद्मेश न्यूज ।लांजी।** लांजी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल रही है। विधायक राजकुमार कर्राहे की अनुशंसा पर बिसोनी से नीमटोला लांजी (वार्ड क्रमांक 14 व 15) तक भिलाई रोड पर 2.10 किलोमीटर लंबी डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य मध्य प्रदेश शासन के बजट 2024-25 में स्वीकृत किया गया है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना की लागत 219 लाख रुपये है। उक्त सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह आज 22 दिसंबर दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल नीमटोला बिसोनी मार्ग पर (श्री दशरूलाल बेलघैया के मकान के पास), वार्ड क्रमांक 14, नीमटोला लांजी रहेगा। उक्त भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजकुमार कर्राहे उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत लांजी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले करेंगी।



विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक रमेश भटेरे, दुलिचंद राजनिरे जिला पं. सदस्य, योगेश रामटेक्कर पूर्व मंडल अध्यक्ष, हिराचंदजी आसटकर पूर्व जि.पं. सदस्य, आलोक चौरसिया मंडल अध्यक्ष भाजपा लांजी, श्रीमति सुशिला दुग्गड़, श्रीमति वर्षा विजय वारे सरपंच बिसोनी, पवन कश्यप उपसरपंच बिसोनी, बारेलाल बड़घैया, रामकृष्ण कर्राहे, देवेश येडे मंडल, कैलाश गोस्वामी, राकेश रामटेक्कर, अविनाश रैच, सोहन उपराड़े, श्रीमति उषा पशीने, विजय मस्करे, श्रीमति मोना कौर, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर , सभापति दिनेश कचवाहे, श्रीमति कस्तुरा सेवकराम वाकड़े, विजय गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, श्रीमति शिखा गोस्वामी, पार्षद संजय सैयाम, सौरभ (मोनू) पशीने, श्रीमति पूनम आसटकर, श्रीमति प्रेमलता खोब्रागड़े, श्रीमति कल्पना डोलस, श्रीमति विभा तिवारी, श्रीमति तेजेश्वरी गोदुले, मुकेश रणदिवे आदि प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

## रमाई बुद्ध विहार कोतरी मे धम्म संगोष्ठी 24 को



**पदमेश न्यूज। किरनापुर।** भारतीय बौद्ध महासभा सर्कल शाखा निमदेवाड़ा के तत्वाधान में माता रमाई बुद्ध विहार आदर्श ग्राम कोतरी आमगांव में दिनांक 24.12.2025 दिन बुधवार को दिन में 12 बजे से पूज्य भदंत धम्म शिखर महाथेरो के सानिध्य में धम्म संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की कड़ी मे दिनांक 24.12.2025 दिन बुधवार भंते जी के आगमन पर दोपहर 12 बजे शांति मशाल धम्म यात्रा, महाबोधी महाविहार मुक्ति के लिए दोपहर 1 बजे से, माल्यार्पण, पूजा वंदना, धम्म देसना दोप.2 बजे से एवं भोजनदान शाम 5 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर रमाई बुद्ध विहार आदर्श ग्राम शाखा कोतरी आमगांव के सदस्यों ने समस्त धम्म अनुयायियों से आयोजित कार्यक्रमों मे उपस्थिति की अपील की है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# गावों को आत्मनिर्भर और आदर्श बनाने में पिछड़े कलेक्टर

## -दो माह में नहीं कर पाए 75 विधानसभा क्षेत्रों में अब भी वृंदावन ग्रामों का चयन

भोपाल। इस साल जुलाई में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक मेंकई बड़े निर्णय लिए गए थे। जिसमें से एक था प्रत्येक विधानसभा (230) में एक वृंदावन ग्राम विकसित किया जाएगा। जिसके 27 मानक होंगे। इस संदर्भ में सीएम डॉ. मोहन यादव ने अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र से एक गांव को चयनित कर उसे वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए सभी कलेक्टरों को एक महीने के भीतर गांवों का चयन सुनिश्चित करने को कहा गया था। लेकिन गावों को आत्मनिर्भर और आदर्श बनाने की इस योजना में कलेक्टरों ने विशेष रूचि नहीं दिखाई है। इसका परिणाम यह हुआ है कि 75 विधानसभा क्षेत्रों में अब भी वृंदावन ग्रामों का चयन नहीं हो पाया है।



जानकारी के अनुसार, प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर और आदर्श बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना की रफ्तार फिलहाल धीमी नजर आ रही है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने गत 7-8 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट निर्देश दिए थे कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र से एक गांव को चयनित कर उसे वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए सभी कलेक्टरों को एक महीने के भीतर गांवों का चयन सुनिश्चित करने को कहा गया था। सरकार का मानना है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के सभी ग्रामों के लिए उदाहरण बनें और अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और समग्र विकास की ओर अग्रसर हों।

### केवल 155 विधानसभा क्षेत्रों में ही वृंदावन ग्रामों का चयन

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देशों को दो महीने से अधिक का समय हो चुका है, लेकिन अब तक प्रदेश के 230 विधानसभा क्षेत्रों में से केवल 155 विधानसभा क्षेत्रों में ही वृंदावन ग्रामों का चयन किया जा सका है। इस तरह 75 विधानसभा क्षेत्रों में अब भी वृंदावन ग्रामों का चयन किया जाना बाकी है। मुख्यमंत्री द्वारा तय समय सीमा के बावजूद अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में वृंदावन ग्राम का चयन नहीं हो पाना प्रशासनिक उदासीनता की ओर इशारा करता है। सूत्रों का कहना है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर समन्वय की कमी के कारण वृंदावन ग्रामों के चयन की प्रक्रिया अटकी हुई है। वृंदावन ग्राम के चयन के लिए निर्धारित मापदंडों के आधार पर कुछ विधानसभा क्षेत्रो में एक से ज्यादा गांव ऐसे सामने आए हैं, जिन्हें वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित किया जा सकता है, लेकिन इनमें से किसी एक का चयन करना अफसरों को मुश्किल हो रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी अपनी पसंद के गांव को वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित करने को लेकर अफसरों पर दबाव है।

### दो हजार से अधिक जनसंख्या वाले गावों का चयन

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाना है, जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो और गौवंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित वृंदावन ग्राम में अधोसरंचना के लिए गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, सर्व सुविधायुक्त आजीविका भवन, पशु चिकित्सालय, ग्राम तक कनेक्टिविटी, ग्रामीण परिवारों का रोजगार /स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण, आंतरिक सडकें / नाली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं गोडाउन, हर घर जल, ग्रामीण उद्योग आधारित आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर, बायोगैस सयंत्र, शांतिधाम निर्माण, गौ-समाधि स्थल, जल निकासी के लिए नाली, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र, ग्राम में सौर ऊर्जा एवं गैर परंपरागत ऊर्जा क्षेत्र में विकास, सार्वजनिक उद्यान, सार्वजनिक शौचालय, सिंचाई स्रोत विकास एवं ड्रिप एरीगेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### मुख्यमंत्री के अन्य निर्देशों का भी पालन नहीं

कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे कि कलेक्टर, सीईओ एवं अन्य अधिकारी अनिवार्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करें। प्रदेश में शायद ही अब तक किसी अधिकारी ने गांव में रात रुककर ग्रामीणों की समस्याएं जानी हो। इससे पूर्व मुख्यमंत्री मंत्रियों को भी प्रभार के जिले के गांवों में रात्रि विश्राम के निर्देश दे चुके हैं, पर किसी ने इसका पालन नहीं किया। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 28 नवंबर को सभी कलेक्टरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए चर्चा कर कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर कलेक्टरों को जरूरी निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन को लेकर गंभीरता से काम करें। हर महीने कॉन्फ्रेंस के निर्देशों के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा की जाएगी।

**मप्र के 7 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत**

# जारी रहेगी 5-डे वर्किंग की व्यवस्था

भोपाल। प्रदेश के सात लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के लिए सप्ताह में पांच दिन ही कार्य दिवस रहेंगे। कोरोना महामारी के दौरान लागू इस व्यवस्था में परिवर्तन की अटकलें लंबे समय से लगाई जा रही थीं लेकिन फिलहाल इसे यथावत रखने का निर्णय किया गया है। केंद्रीय कार्यालयों में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था पहले से ही लागू है। प्रदेश में अभी शनिवार और रविवार का शासकीय अवकाश रहता है। वर्ष 2020 से पहले दूसरे और तीसरे शनिवार को कार्यालय खुले रहते थे। पहले और चौथे शनिवार को अवकाश रहता था। कोरोना महामारी के समय संक्रमण को नियंत्रित रखने के लिए सप्ताह में पांच कार्य दिवस की व्यवस्था बनाई गई थी। यह अभी जारी है। छुट्टियों पर पुनर्विचार के लिए सामान्य प्रशासन, वित्त, गृह और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई गई। इसका उद्देश्य स्वैच्छिक सहित जो कर्मचारियों को प्रति वर्ष मिलने वाले अन्य अवकाश पर पुनर्विचार करना है। उधर, वर्ष 2026 के लिए अवकाश घोषित करने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। समय-समय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिन विशेष पर ऐच्छिक अवकाश की जो घोषणा की है, उन्हें शामिल करते हुए अंतिम रूप दे दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि इसमें पांच के स्थान पर छह कार्य दिवस की व्यवस्था बहाली शामिल नहीं है।

### बदलाव के पक्ष में नहीं कर्मचारी

कर्मचारी इसके पक्ष में नहीं हैं। सभी का कहना है कि अब जो व्यवस्था बन गई है, उसमें कर्मचारी रच-बस गए हैं इसलिए परिवर्तन का अधिक औचित्य भी नहीं है। दशहरा के एक दिन पहले अवकाश के प्रस्ताव को नहीं मिली थी स्वीकृति दशहरा के एक दिन पहले भोपाल में सरकारी छुट्टी के जिला प्रशासन का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग ने आगे बढ़ाया था लेकिन मुख्य सचिव की हरी झंडी नहीं मिली। दरअसल, अक्टूबर में अवकाश अधिक थे। शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसलिए प्रस्ताव लौटा दिया गया।

### अवकाश नियमों में भी किया गया है संशोधन

राज्य में मध्य प्रदेश सिविल सेवा (अवकाश) नियम 1977 लागू था। इसमें वर्तमान स्थितियों को देखते हुए परिवर्तन किए गए हैं, जो एक जनवरी 2026 से लागू होंगे। संतान पालन अवकाश (चाइल्ड केयर लीव) प्रथम 365 दिन पूर्ण वेतन के साथ मिलेगी, जबकि दूसरी बार में 80 प्रतिशत वेतन का भुगतान होगा।

# पेपरलेस और डिजिटल होगी मप्र विधानसभा

## -विधानसभा में बजट सत्र से पहले लागू होगी नेशनल ई-विधान परियोजना

भोपाल । नए साल में मध्य प्रदेश विधानसभा पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस होगी। विधानसभा के बजट सत्र में डिजिटल व्यवस्था देखने को मिलेगी। विधायकों को टैबलेट दिए जाएंगे, उनके प्रश्नों के उत्तर भी डिजिटल ही प्राप्त होंगे। मप्र का बजट उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा टैबलेट पर ही पढ़ेंगे। सदन के अंदर विधायकों की टेबल पर एक-एक टैबलेट लगाया जाएगा। बजट सत्र से पहले नेशनल ई-विधान परियोजना लागू की जाएगी। इसके लिए 23 दिसंबर को मंत्री व विधायकों को विधानसभा के मानसरोवर सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञ देंगे। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विधायकों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इस संबंध में विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के निर्देश पर सभी विधायकों को पत्र जारी किया है। बता दें कि अब तक 23 प्रदेशों के 25 सदनों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित ई-विधान परियोजना लागू करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। देश के 14 से अधिक प्रदेशों के सदनों में यह परियोजना लागू की जा चुकी है।

### यह है ई-विधान योजना

नेशनल ई-विधान परियोजना



(नेवा) भारत सरकार की एक ई-गवर्नेस पहल है, जिसका लक्ष्य देश की सभी विधानसभाओं को पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस बनाना है, ताकि विधायी कार्य (जैसे प्रश्नोत्तर, विधेयक, रिपोर्ट) एक साझा डिजिटल प्लेटफार्म पर हों, जिससे पारदर्शिता और दक्षता बढ़े। इसे एक राष्ट्र, एक एप्लीकेशन के सिद्धांत पर बनाया गया है। यह डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का हिस्सा है। इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय को नोडल विभाग बनाया गया है। कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अंश केंद्र सरकार और 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करेगी।

### जिलों में एनआईसी सेंटर को बनाया नोडल ट्रेनिंग एजेंसी

ई-विधान परियोजना में एनआईसी का जिला स्तर तक सहयोग लिया जाएगा। इस परियोजना को लागू करने के लिए विधायकों की समिति भी बनाई गई थी। समिति ने उन राज्यों का दौरा भी किया जहां इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। ई-विधान परियोजना के लिए साइबर सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। टैबलेट, नेटवर्क और ई-लर्निंग एवं ई-फेसिलिटी एनआइसी सेंटर पर विकसित किया जाएगा। विधायकों की सुविधा के लिए एनआइसी सेंटर को नोडल ट्रेनिंग एजेंसी के तौर पर रखा जाएगा। इससे विधायक सुविधाजनक तरीके से इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

# मनरेगा का नाम बदलने पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा

## - मिंटो हॉल में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने किया धरना प्रदर्शन
## - नाम, स्वरूप से छेड़छाड़ करना, गरीबों के रोजगार के अधिकार को कमजोर करना है

भोपाल। भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)के नाम एवं स्वरूप में किए जा रहे बदलाव के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त नेतृत्व में गांधी जी की प्रतिमा, मिंटो हॉल में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। कॉग्रेंस नेताओ ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नाम, स्वरूप से छेड़छाड़ करना, गरीबों के रोजगार के अधिकार को कमजोर करने का आरोप लगाया है। प्रदर्शन में भोपाल कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, जेपी धनोपिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना एवं जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल ग्रामीण अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी के नाम, उनके आदर्शों और गरीब-मजदूरों के अधिकारों पर लगातार प्रहार कर रही है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना के नाम और स्वरूप से छेड़छाड़ कर सरकार गरीबों के रोजगार के अधिकार को कमजोर करना चाहती है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी।

### - नाम बदलने से बेहतर है सुधार करें

कॉग्रेंस का आरोप है कि आज भी लोगों को मनरेगा स्कीम के तहत पैसा नहीं मिल पा रहा है, नाम बदलने के स्थान पर सरकार को इस दिशा में सोचना चाहिए। वहीं कॉग्रेंस के सीनियर लीडर जेपी धनोपिया ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) साल 2005 से लगातार पिछले 20 वर्षों से देश के ग्रामीण इलाकों में गरीबों, आदिवासियों और मजदूर वर्ग को रोजगार देने का काम कर रहा है। यह योजना सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। भाजपा ने 11 सालो तक इस योजना का उपयोग किया। इसके बावजूद अचानक इसका नाम बदलने का फैसला लिया गया।




उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार संसद में कहा था कि मनरेगा कांग्रेस के शासनकाल का एक स्मारक है। अगर ऐसा है, तो फिर सवाल उठता है कि इस स्मारक को मिटाने की जरूरत क्यों महसूस हुई।

### - भगवान राम हमारे आस्था के केंद्र
### - लेकिन यह फैसला राजनीतिक संकीर्णता से प्रेरित

जेपी धनोपिया ने आगे कहा की भगवान राम हमारे आस्था के केंद्र हैं, लेकिन उनके नाम पर महात्मा गांधी के योगदान को मिटाना न तो उचित है और न ही स्वीकार्य। कांग्रेस पार्टी मानती है, कि यह फैसला राजनीतिक संकीर्णता से प्रेरित है। कांग्रेस इस निर्णय का विरोध करते हुए मनरेगा के मूल स्वरूप व उसकी पहचान को बनाए रखने की मांग करती है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और योजना के स्वरूप से खिलवाड़ करने का फैसला वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन को और तेज करेगी। विरोध प्रदर्शन में सेवा दल के प्रदेश मुख्य संघटक अवनीश भार्गव, प्रदेश सचिव योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, प्रदेश सचिव राजकुमार सिंह, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# भोपाल में आईएएस सर्विस मीट का तीसरा दिन

भोपाल। राजधानी भोपाल में 19 दिसंबर से शुरू हुए आईएएस सर्विस मीट का आज आखिरी दिन है। दिन की शुरुआत 18 किमी के साइक्लोथॉन साइकिलिंग इवेंट से हुई, जिसमें प्रशासनिक अफसरों के साथ उनके परिजन भी शामिल हुए। साइकिलिंग रैली अरेरा क्लब से शुरू होकर सीएम हाउस, वन विहार नेशनल पार्क और सैर सपाटा होते हुए वापस आयोजन स्थल पर आकर संपन्न हुई।

इस साइक्लोथॉन में अफसरों सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सबसे कम उम्र की प्रतिभागी 11 वर्षीय अरण्य चौहान रहीं, जिनकी भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया। प्रतियोगिता में पारीकी पांडला अक्षर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 38 मिनट में रेस पूरी कर पहला स्थान हासिल किया।

अफसरों ने पुशअप्स लगाए

यह इस वर्ष के आईएएस सर्विस मीट साइकिलिंग इवेंट का सर्वश्रेष्ठ समय भी रहा। उनकी जीत का जश्न साथियों और अन्य अफसरों ने सम्मानस्वरूप पुश-अप्स लगाकर मनाया।

# पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से

## -5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी

भोपाल। मध्य प्रदेश बोर्ड के सरकारी व निजी स्कूलों की पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं 20 फरवरी से होनी हैं। प्रत्येक विषय में 60 अंक का प्रश्न पत्र और 20 अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा। वहीं, 20 अंक छमाही और तिमाही के प्राप्तांक के अधिभार पर दिए जाएंगे। स्कूलों को यह कार्य जनवरी तक पूरा करना होगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने समय-सारिणी जारी कर दी है। इसके अनुसार पांचवीं की परीक्षा 20 से 26 फरवरी तक और आठवीं की 20 से 28 फरवरी तक चलेंगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं दोपहर दो बजे से 4.30 बजे तक एक ही पाली में होंगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने स्कूलों को जनवरी तक पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए हैं।

सरकारी स्कूलों में ये परीक्षाएं एससीईआरटी पाठ्यक्रम के आधार पर कराई जाएंगी। जबकि, जिन निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित भाषा की पाठ्य पुस्तकें लागू हैं, उन विद्यार्थियों के प्रथम, द्वितीय, तृतीय भाषा की परीक्षा एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित होंगी। निजी स्कूलों को भाषा के प्रश्न पत्र के लिए एनसीईआरटी और एससीईआरटी का विकल्प चयन करना है। शिक्षकों को आंतरिक मूल्यांकन के अंक पांच फरवरी तक ऑनलाइन करने हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने करीब 12 हजार केंद्र बनाए हैं। सभी में फर्नीचर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र के मूल्यांकन अधिकारी ब्रजेश सक्सेना का कहना है कि 5वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा केंद्र चिह्नित किए जा रहे हैं। सभी केंद्रों पर फर्नीचर की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं।

### प्रदेश के करीब 67 हजार स्कूलों में फर्नीचर उपलब्ध नहीं

सभी जिले के जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी केंद्र पर टाटपट्टी पर बैठाकर बच्चों की परीक्षा नहीं ली जाए। हर केंद्र पर फर्नीचर की व्यवस्था होना आवश्यक है। हालांकि, प्रदेश के करीब 67 हजार शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में फर्नीचर उपलब्ध नहीं हैं। निर्देशित किया गया है कि उन्हीं स्कूलों में केंद्र बनाएं, जहां टेबल-कुर्सी की पर्याप्त व्यवस्था हो। ताकि बच्चों को जमीन पर बैठकर परीक्षा नहीं देना पड़े। केंद्रों में बिजली, पानी और शौचालय की व्यवस्था भी जरूरी है।

# सीबीआई ने भोपाल-इंदौर सहित कई शहरों में दर्जनभर ठिकानों पर मारी रेड

## नोटों का कागज बनाने वाली सिक्योरिटी पेपर मिल में मेडिकल क्लेम घोटाला

भोपाल। भारतीय मुद्रा के कागज का निर्माण करने वाली संवेदनशील इकाई सिक्योरिटी पेपर मिल में मेडिकल क्लेम घोटाले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले में सीबीआई ने शनिवार को देश के कई शहरो में दर्जन भर ठिकानो पर एक साथ छापामार कार्रवाई की है। रेड के दौरान जांच एजेंसी ने अहम दस्तावेज जप्त करने के साथ ही घोटाले में शामिल संदेहियो से भी घंटों तक पूछताछ भी की। जानकारी के अनुसार सीबीआई की जॉच का दायरा एमपी से लेकर महाराष्ट्र तक रहा। एजेंसी की अलग-अलग टीमों ने भोपाल, इंदौर, देवास और नर्मदापुरम के साथ-साथ महाराष्ट्र के नासिक में एक साथ संदिग्ध ठिकानों छापेमारी की। पड़ताल के दौरान फाइलों, बिलों तथा डिजिटल रिकॉर्ड को खंगाला गया। सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान टीमो ने अनेक जरुरी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जप्त किये हैं। सूत्रो का कहना है कि घोटाले में सिक्योरिटी पेपर मिल से जुड़े कई अधिकारी और कर्मचारी जांच एजेंसी की राडार पर हैं। इनके अलावा थोक दवा सप्लायर, निजी केमिस्ट और मेडिकल क्लेम से जुड़े फील्ड स्टाफ की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है।

### - यह है मामला

जानकारी के मुताबिक मेडिकल क्लेम से जुड़ा यह पूरा मामला वित्तीय वर्ष 2022-23 का है। आरोप है कि इस समयकाल में चिकित्सा दावों के नाम पर बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गईं। मिल के कुछ कर्मचारियों ने एक पूर्व संविदा चिकित्सा अधिकारी और निजी दवा विक्रेताओं के साथ मिलीभगत कर फर्जी और बढ़ा-चढ़ाकर मेडिकल बिल तैयार किए। शुरुआती जांच में बिना ठोस चिकित्सीय आवश्यकता के महंगी दवाएं लिखने के साथ ही अन दवाओ को केवल चयनित किये गये केमिस्टों के जरिये से मंहगी कीमत पर बिल बनाए गए और उन्हें मेडिकल क्लेम के तहत पास कराया गया। इस प्रक्रियो में नियमों को दरकिनार कर भुगतान स्वीकृत किए जाने से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।




### - आंतरिक सतर्कता (विजिलेंस) जॉच में गड़बड़ी हुई थी उजागर

सूत्र बताते है की यह फर्जीवाड़े पहले आंतरिक सतर्कता यानी विजिलेंस जांच में पकड़ा गया था। रिपोर्ट सामने आने के बाद मामला सीबीआई मुख्यालय तक पहुंचा। इसके बाद भोपाल यूनिट ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक पड़ताल में बड़े स्तर पर गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद एजेंसी ने छापेमारी का फैसला किया। छानबीन के दौरान बैंक ट्रांजेक्शन, मेडिकल बिलिंग पैटर्न और क्लेम अप्रूवल प्रक्रिया की पड़ताल की जा रही है। आगे की जॉच के आधार पर सीबीआई दोषियो के खिलाफ शिंकजा कसने की तैयारी कर रही है।

# 50 हजार से ज्यादा नियमित पदों पर भर्ती स्वीकृत

## -ऊर्जा मंत्री ने अपने विभाग की गिनाई उपलब्धियां, कहा

भोपाल। मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव सरकार के दो साल पूरा होने के बाद मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड पेश करने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में रविवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दो साल की उपलब्धि गिनाई और आगामी कार्ययोजना का भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर एक फायदे का सौदा है। मंत्री परिषद ने बिजली कंपनियों में 50 हजार से ज्यादा नियमित पदों पर भर्ती स्वीकृति की हैं। एमपी सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने विभाग की 2 साल की उपलब्धि बताई। उन्होंने बताया कि 12 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश के इतिहास में 19,113 मेगावाट की सर्वाधिक मांग बिना किसी कटौती के बिजली दी गई। अतिरिक्त हर वर्ष विद्युत की खपत में वृद्धि भी इसका सशक्त प्रमाण है। राज्य सरकार की समयबद्ध कार्य योजना का परिणाम है। वर्तमान में कुल अनुबंधित क्षमता 25081 मेगावाट है, जो हमे सरप्लस राज्य बनाते है। प्रदेश की विद्युत कंपनियों में साल 2011 से नवीन नियुक्तियों न होने कठिनाई हो रही है। पूरा भार संविदा और आउटसोर्स पर आ गया है। आम जनता की ओर से व्यवस्था की लगातार शिकायतें की जा रही थी। मंत्री परिषद ने बिजली कंपनियों में 50 हजार से ज्यादा नियमित पदों पर भर्ती स्वीकृति की है। स्मार्ट मीटर की देकर उपभोक्ताओं को समय पर ही सही बिजली का बिल भी दिए जाने का प्रयास है।

### स्मार्ट मीटर को लेकर कही ये बात

मंत्री ने बताया कि हर वितरण केंद्र स्तर के प्रभारी की ओर से प्रतिदिन पांच भक्तों से टेलीफोन पर चर्चा की जाती है। स्मार्ट मीटर के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार सुबह 9ः00 से 5ः00 की अवधि में प्राप्त हो रही सस्ती बिजली का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने सुबह 9 से 5 तक की अवधि में की गई बिजली खपत की गणना कर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर एक फायदा का सौदा है। राज्य सरकार अलग-अलग कैटेगरी के उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी दे रही है।

### इन्हें निश्शुल्क बिजली

प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हर माह लगभग एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं का प्रथम 100 यूनिट की खपत पर मात्र 100 रुपये लिए जा रहे है। किसानों को मात्र 7त्न राशि का भुगतान दो किस्तों में करना होता है। अनुसूचित जाति जनजाति के एक हेक्टर तक पांच एचपी पंप वाले किसानों को निशुल्क बिजली की जा रही है।

# गांधी सागर अभयारण्य में चीतों के लिए माकूल माहौल

भोपाल। गांधी सागर अभयारण्य में जल्द ही नए अफ्रीकन चीते पहुंचने वाले हैं। दो चीते यहां पहले से मौजूद हैं। अफ्रीका के बोत्सवाना से आए दल ने गांधी सागर अभ्यारण्य को चीतों के लिए उपयुक्त माना है। नए मेहमानों के आमद की तैयारी शुरू हो गई है। मध्य प्रदेश के वन अभयारण्यों में अब अफ्रीकन चीतों की संख्या और बढने वाली है। वन विभाग कूनो में अफ्रीकन चीतों की सुरक्षित जिंदगी बसर होने के बाद नौरादेही और गांधी सागर में इनकी संख्या बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

नए साल में नौरादेही और गांधी सागर अभयारण्य में अफ्रीकन चीते आने वाले हैं। उनकी आमद से पहले बोत्सवाना के दल ने गांधी सागर अभयारण्य पहुंचकर चीतों की बसाहट की जानकारी ली। अफ्रीका से 3 सदस्यीय दल यहां पहुंचा और वन अमले के साथ दो दिन तक भ्रमण किया। गांधी सागर अभयारण्य में पहले भी अफ्रीका से चीते लाए गए हैं। अगले साल मार्च और अप्रैल के बीच अफ्रीकन चीते यहां लाए जा सकते हैं। प्रवास और प्रभास नामक चीतों के यहां स्वस्थ और खुशहाल रहने के कारण यह अभयारण्य अफ्रीकन चीतों के लिए सबसे उपयुक्त माना जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज सीरीज में 3-0 की बढ़त हासिल की

एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया ने यहां खेले गये तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल करने के साथ ही सीरीज अपने पास बरकरार रखी है। मैच के अंतिम दिन छह विकेट पर 207 रनों से आगे खेलते हुए इंग्लैंड टीम अपनी दूसरी पारी में 352 रनों पर ही आउट हो गयी जबकि उसे जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य मिला था। इस प्रकार मेहमान टीम इंग्लैंड को 82 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ही इंग्लैंड का सीरीज में बराबरी का सपना भी टूट गया।

लक्ष्य का पीछ करते हुए इंग्लैंड की टीम के बल्लेबाज उम्मीद के अनुरुप नहीं खेल पाये। बल्लेबाज जैक क्राउली ने सबसे अधिक 85 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज बढ़ी पारी नहीं खेल पाये। जेमी स्मिथ 60 के बाद विल जैक्स ने 47 रन और इसके बाद ब्रायडन कार्स ने 39 रन बनाये पर अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये।

अंतिम दिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने काफी प्रयास किये जिससे ऑस्ट्रेलियाई टीम को भी काफी पसीना बहाना पड़ा। जेमी स्मिथ एक छोड़ पर जमे हुए थे जिससे मेहमान टीम की उम्मीदें बनी हुई थीं। स्मिथ ने विल जैक्स के साथ मिलकर 91 रन बनाये। इस जोड़ी के टूटने के बाद जैक्स ने ब्रायडन के साथ मिलकर इंग्लैंड की उम्मीदों को बनाये रखा। जैक्स 47 रनों पर आउट हो गए। उनके आउट होते ही फिर इंग्लैंड की पारी ढ़ह गयी। जैक्स और ब्रायडन के बीच 52 रनों की साझेदारी हुई थी।

जैक्स का विकेट गिरने के बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने जोफ्रा आर्चर और जोश टंग का विकेट लेकर मैच जीत लिया। ब्रायडन 39 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क के अलावा नाथन लायन ने तीन-तीन विकेट लिए। इसके अलावा स्कॉट बोलेंड ने एक विकेट लिया।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत में एलेक्स कैरी और ट्रेविस हेड की अहम भूमिका रही। कैरी ने पहली जबकि हेड ने दूसरी पारी में शतक लगाकर अपनी टीम को बढ़त दिलायी।



इससे टीम ने पहली पारी में 371 रन बनाये। वहीं इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए जबकि ब्रायडन कार्स और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए वहीं जोश टंग को एक विकेट मिला। वहीं इंग्लैंड की टीम अपनी अपनी पहली पारी में पारी में 286 रन ही बना पाई। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया को 85 रनों की बढ़त मिली। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 349 रन बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य दिया था।

# सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी बीडब्लयूएफ विश्व टूर के सेमीफाइनल में हारी



हांगझू। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल्स से बाहर हो गई है। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम जीता था पर इसके बाद वह अपनी लया बनाये नहीं रख पायी और एक घंटे तीन मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में 21-10, 17-21 13-21 से हार गयी। सात्विक और चिराग की जोड़ी को ग्रुप चरण में इस चीनी जोड़ी के खिलाफ जीत मिली थी पर सेमीफाइनल में वह इस सिलसिले को बरकारार नहीं रख पाये। चीनी जोड़ी इस बार भारतीय जोड़ी पर भारी पड़ी। मैच के बाद शेट्टी ने कहा, "मुझे लगता है कि हमने पहले गेम में काफी अच्छी शुरुआत की पर उसे बनाये नहीं रख पाये। । वहीं इससे पहले

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मेलेशियाई जोड़ी के खिलाफ जीत के साथ ही बीडब्लयूएफ विश्वटूर के सेमीफाइनल में पहुंची थी। भारतीय टीम ने मलेशिया की आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी को एक घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। इस जीत के साथ ही सात्विक-चिराग सत्र के अंतिम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बन गई है। इस मैच में पहले गेम में हार के बाद भी इस जोड़ी ने जबरदस्त प्रदर्शन कर वापसी की। अब सेमीफाइनल में इस जोड़ी का मुकाबला चीन के लियांग वेइ केंग और वांग चांग से होगा। गौरतलब है कि बीडब्लयूएफ विश्वटूर फाइनल्स साल का सबसे बड़ा बैडमिंटन टूर्नामेंट है, जिसमें हर वर्ग में विश्व के शीर्ष 8 खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसमें ग्रुप स्तर के बाद सेमीफाइनल और फाइनल खेले जाते हैं।

# पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को 191 रनों से हराकर खिताब जीता



दुबई । पाकिस्तान ने दुबई में खेले गए अंडर-19 एशिया कप 2025 का खिताब जीत लिया है। यहां हुए फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने भारतीय टीम को 191 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पाक टीम ने लीग मुकाबले के दौरान भारतीय टीम के हाथों मिली हार का हिसाब भी बराबर कर दिया। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पाक टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। पाक ने समीर मिन्हास के शानदार शतक से आठ विकेट पर 347 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 348 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ढ़ह गयी और 26.2 ओवर में 156 रनों पर ही सिमट गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान आयुष म्हात्रे 2, जबकि आरोन जॉर्ज 16, वैभव सूर्यवंशी 26, विहान मल्होत्रा 7 और अभिज्ञान कुंडू 13 रनों पर ही आउट हो गये । इसके बाद सभी बल्लेबाज दो अंकों में भी नहीं पहुंच पाये। पाकिस्तान की ओर से अली राजा ने 4 विकेट लिए जबकि मोहम्मद सैयम ने 2 विकेट लिए। अब्दुल सुभन ने 2 विकेट और हुजाईफा अहसान ने भी इतने ही विकेट लिए वहीं पहले बल्लेबाजी करते हए पाक टीम ने शुरुआत से आक्रामक रुख अपनाया और भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। समीर ने गेंदबाज किशन सिंह और दीपेश देवेंद्रन के खिलाफ तेजी से शॉट खेले।

समीर ने 113 गेंदों पर 17 चौके और 9 छक्के लगाकर 172 रन बनाए । समीर के अलावा अहमद हुसैन ने 72 गेंदों पर 56 रन बनाये। भारत की तरफ से दीपेश देवेन्द्रन ने 3 जबकि हेनिल पटेल और खिलान पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाक के हमजा जहूर 18 रन पर आउट हुए। जहूर के आउट होने के बाद उस्मान खान 35 उतरे और मिन्हास के साथ मिलकर 92 रन की भागीदारी करके स्कोर 123 रन तक पहुचाया। टूर्नामेंट में एक शतक और एक अर्धशतक जड़कर अच्छी फॉर्म में चल रहे बाएं हाथ के अहमद हुसैन ने 56 रन की पारी खेली पर बाएं हाथ के स्पिनर खिलन पटेल 44 रन देकर दो विकेट ने मध्यक्रम के इस बल्लेबाज को स्वीप शॉट खेलने के लिए ललचाया जिससे वह मिड-विकेट पर कैच आउट हो गए। उनके और मिन्हास के बीच 137 रन की भागीदारी ने पाकिस्तान को बड़े स्कोर तक पहुंचने में अहम भूमिका अदा की।

# भारतीय टीम अब नये साल में ही मैदान में उतरेगी

## रोहित, विराट भी खेलते दिखेंगे

मुम्बई । भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत के साथ ही साल की अपनी अंतिम सीरीज का सफल समापन किया है। अब भारतीय टीम को आगामी टी20 विश्वकप से पहले न्यूजीलेंड से एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। न्यूजीलैंड के भारत दौरे की शुरुआत 11 जनवरी से तीन मैच की एकदिवसीयसीरीज के साथ होग। इस सीरीज में एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट जैसे दिग्गजों को प्रशंसक बल्लेबाजी करते देख सकेंगे। इन दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। फरवरी में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम रहेगी। इसके बाद टीम टी20 विश्वकप मे उतरेगी।



जिस प्रकार का प्रदर्शन भारतीय टीम को इस साल रहा है वैसा ही वह नये साल में भी करना चाहेगी।

इस साल भारतीय टीम एक भी सीरीज नहीं हारी है। अब कीवी टीम के खिलाफ सिरीज में भारतीय टीम प्रबंधन का लक्ष्य विश्वकप से पहले खिलाड़ियों को आजमान रहेगा।

### भारत -न्यूजीलैड सीरीज

पहला एकदिवसीय: 11 जनवरी, 2026 (रविवार) - कोटंबी स्टेडियम, वडोदरा - दोपहर 1:30 बजे

दूसरा एकदिवसीय: 14 जनवरी, 2026 (बुधवार) - निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट - दोपहर 1:30 बजे

तीसरा एकदिवसीय: 18 जनवरी, 2026 (रविवार) - होलकर क्रिकेट स्टेडियम, इंदौर - दोपहर 1:30 बजे

### टी20 सीरीज

पहला टी20 मैच- 21 जनवरी को नागपुर में, शाम 7 बजे से

दूसरा टी20द्ध मैच- 23 जनवरी को रायपुर में, शाम 7 बजे से

तीसरा टी20द्ध मैच- 25 जनवरी को गुवाहाटी में, शाम 7 बजे से

चौथा टी20द्ध मैच- 28 जनवरी को विशाखापत्तनम में, शाम 7 बजे से

पांचवां और आखिरी टी20द्ध मैच- 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में, शाम 7 बजे से

# जितेश को टी20 विश्वकप के लिए शामिल नहीं किये जाने पर आरसीबी हैरान

नई दिल्ली। आईपीएल फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगुलरु (आरसीबी) ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किये जाने पर हैरानी जतायी है। इसके बाद से ही जितेश को टीम से बाहर किये जाने पर सवाल उठ रहे हैं। जितेश की जगह पर इशान किशन को अवसर मिला है। ईशान को बैकअप विकेटकीपर-बल्लेबाज के शामिल किया गया गहै। ईशान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में सबसे अधिक रन बनाने के साथ ही अपनी कप्तानी में झारखंड को खिताबी जीत भी दिलायी। माना जा रहा है कि इसी कारण दो साल बाद इशान की टीम मे वापसी हुई है। वहीं जितेश का चयन तय माना जा रहा था पर अंतिम समय पर उन्हें बाहर कर दिया गया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कहना है कि जितेश ने कुछ गलत नहीं किया पर टीम संयोजन को देखते हुए उन्हें जगह नहीं मिल पायी। इशान किशान को विकेटकीपिंग के साथ ही बेहतर बल्लेबाज होने के कारण जगह दी गयी। अगरकर के अनुसार हमें ऐसा विकेटकीपर चाहिये था जो जारी की शुरुआत भी कर सके।



जितेश को टीम में जगह न मिलने के बाद उनकी आईपीएल टीम ने एक पोस्ट भी साझा कर उनका हौंसला बढ़ाया है। साथ ही कहा कि हम आईपीएल में उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं।

आरसीबी ने निलामी में जितेश को 11 करोड़ रुपये में खरीदा था और इस सत्र में भी उन्हें बरकार रखा है। जितेश ने टीम के पहले आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने 15 मैचों की 11 पारियों में 261 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 176.35 रहा था।

# रोहित ने साहा को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक बताया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने विकेटकीपर बल्लेबाज विद्धिमान साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिये था। रोहित का मानना है कि साहा देश के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि उनका तकनीकी कौशल अच्छा है। वह तेज और विविधता भरी गेंदबाजी के खिलाफ एक बेहतरीन विकेटकीपर रहे हैं। उनकी विकेट के पीछे कैच पकड़ने और स्टंपिंग की क्षमता जबरदस्त रही है। साहा ने रविन्द्र जडेजा और आर अश्विन की गेंदबाजी के सामने भी काफी कठिन कैच लिए हैं। इससे वह भारत का सबसे कुशल विकेटकीपर बनाता है।



रोहित न साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें भारत में ऐसा विकेटकीपर कभी नहीं देखा। टेस्ट मैच में गेंद अक्सर घूमती और नीची रहती है पर साहा कभी गलती नहीं करते थे। जडेजा और अश्विन जैसी स्पिनरों के सामने सभी वह आसानी से विकेटकीपिंग करते थे। को सहजता से इससे बाद भी उनकी काफी कम तारीफ हुई है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में साहा ने महेन्द्र सिंह धोनी और ऋषभ पंत की तरह से काम किया है हालांकि साहा की शैली और तकनीक पारंपरिक रही है। साहा ने 40 टेस्ट मैचों में 104 शिकार किये हैं। जिनमें 92 कैच और 12 स्टंपिंग्स शामिल हैं। वहीं बल्लेबाजी में उन्होंने 1,353 रन बनाए, जिनमें 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 9 एकदिवसीय ही खेले हैं। जहां धोनी तेज से कीपिंग करते थे वहीं साहा शैली में धीमे से अपना कौशल दिखाते हैं।

# ईपीएल:हॉलैंड के गोली से मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया

लंदन। एर्लिंग हॉलैंड के अच्छे प्रदर्शन से मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को 3-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में अपना पांचवां मुकाबला जीता। इस मैच में किये दो गोल से हॉलैंड अब ईपीएल में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे हॉलैंड ने अब ईपीएल में सबसे अधिक गोल करने वाले पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकार्ड तोड़ दिा है। हॉलैंड के प्रीमियर लीग में 104 गोल हो गए जबकि रोनाल्डो 103 हैं।

मैनचेस्टर सिटी को इस जीत से तीन अंक मिले हालांकि आर्सनल अब भी लीग में शीर्ष पर बनी हुई है। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल से एवर्टन को 1-0 से हराया। इससे अब तय है कि आर्सेनल अब लीग में पांचवीं बार शीर्ष पर बना रहेगा।

वहीं मैनचेस्टर सिटी आर्सेनल से केवल दो अंक पीछे होने के कारण दूसरे नंबर पर है। हॉलैंड ने दोनों हाफ में एक-एक गोल करके इस सत्र के17 मैचों में कुल 19 गोल दागे हैं। इस प्रकार वह प्रीमियर लीग में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में रोनाल्डो से आगे हो गये हैं।

# स्टेन ने हार्दिक को सुपरहीरो और सेलिब्रिटी खिलाड़ी बताया

अहमदाबाद। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने आक्रामक पारी खेलने वाले भारतीय टीम के ऑलराउडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें सुपरहीरो कहा है।। स्टेन ने कहा कि पांड्या मानसिक रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं और उनकी चमक खेल में नजर आती है। पांड्या ने पांचवे टी20 में तेजी से अर्धशतक लगाते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

स्टेन ने कहा, "हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। वह एक खिलाड़ी से आगे निकलकर से सेलिब्रिटी बन गये हैं। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो जैसे हो गये हैं जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता।" उन्होंने कहा, "इसमें कोई गलती जैसे बात नहीं है, ये अपनी धाक जमाने जैसी बात है। यह एक ऐसा प्रभाव है जिसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। आप इसे उनकी भाव भंगिमा में देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर हैं। इस प्रकार वह अन्य खिलाड़ियों से आगे है।"

स्टेन ने कहा कि उनके तेज गेंदबाजों का रुख सतर्क नहीं रहा। जिससे उनकी टीम को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, "भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रभाव अलग ही है। अगर आप उन्हें हावी होने का अवसर देते हैं तो ये नुकसानदेह रहेगा। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने उनके सामने सतर्क रुख अपना नुकसान उठाया।"

# अब विजय हजारे ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे शमी

नई दिल्ली। पिछले काफी समय से भारतीय टीम के बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब बंगाल की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। शमी ने इस बार घरेलू सत्र में शानदार गेंदबाजी करते हुए 36 विकेट लेकर अपने फॉर्म को और फिटनेस को दिखाया है। साबित करने का काम किया शमी को इसके बाद भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक भी प्रारुप में जगह नहीं मिली थी। ऐसे में वह अपना गुस्सा विजय हजारे ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर निकालेंगे।

चैम्पयंस ट्रॉफी के बाद से ही से ही शमी राष्ट्रीय टीम से बाहर है। इसके पीछे उनके फिट नहीं होने का कारण बताया गया है। वहीं शमी ने घरेलू मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर दिखाया है कि अभी उनमें काफी क्रिकेट शेष है। लाल गेंद से शमी ने सत्र में चार रणजी मैचों में 20 विकेट लिए, जिसमें उनका औसत 18.60 रहा। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शमी का बेहतरीन फॉर्म जारी रखी और सात मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। इस दौरान उनका औसत 14.93 का रहा।

विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। उनका सहयोग आकाश दीप और मुकेश कुमार करेंगे। बंगाल की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन के पास है। टीम को एलीट ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे अपना पहला मैच 24 दिसंबर को राजकोट में विदर्भ के खिलाफ खेलना है। इस ग्रुप में असम, बड़ौदा, जम्मू-कश्मीर, हैदराबाद, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीमें भी शामिल हैं। टूर्नामेंट अहमदाबाद (ग्रुप ए), राजकोट (ग्रुप बी), जयपुर (ग्रुप सी) और अलूर (ग्रुप डी) में खेला जाएगा, जबकि नॉकआउट मैच 12 से 18 जनवरी तक बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होंगे.

बंगाल टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप कुमार घरामी, सुमंत गुप्ता, सुमित नाग (विकेटकीपर), चंद्रहास दाश, शाहबाज अहमद, करण लाल, मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार, सयान घोष, रवि कुमार, आमिर गनी, विशाल भाटी, अंकित मिश्रा.

# चुनावी बॉन्ड बंद होते ही इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिए बरसा करोड़ों का चंदा, नौ ट्रस्टों ने 3,811 करोड़ रुपये किए दान

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड के जरिए सरकार की गुमनाम राजनीतिक फंडिंग योजना को समाप्त किए जाने के बाद, पहले वित्तीय वर्ष (2024-2025) में नौ इलेक्टोरल ट्रस्टों ने राजनीतिक दलों को कुल 3,811 करोड़ रुपये दान किए। इसमें केंद्र की सत्ताधारी पार्टी, भाजपा को 3,112 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो ट्रस्टों द्वारा दिए गए कुल फंड के 82 प्रतिशत (चार-पांचवें हिस्से) से भी अधिक है। भारत निर्वाचन आयोग को विभिन्न ट्रस्टों द्वारा सौंपी गई कंट्रीब्यूशन रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस को कुल दान का लगभग 8 प्रतिशत यानी 299 करोड़ रुपये मिले। शेष सभी दलों को मिलाकर बचा हुआ 10 प्रतिशत या लगभग 400 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। हालांकि, राजनीतिक दलों को मिलने वाला कुल दान इससे कहीं अधिक है, क्योंकि इलेक्टोरल ट्रस्ट फंडिंग का केवल एक माध्यम है, भले ही यह एक बड़ा जरिया हो।

चुनाव आयोग के पास 20 दिसंबर तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में पंजीकृत 19 इलेक्टोरल ट्रस्टों में से 13 की रिपोर्ट चुनाव आयोग के पास उपलब्ध थी। इनमें से नौ ट्रस्टों ने कुल 3,811 करोड़ रुपये के योगदान की घोषणा की है। यह वित्तीय वर्ष 2023-2024 में ट्रस्टों द्वारा दिए गए 1,218 करोड़ रुपये के मुकाबले 200 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि है। वहीं, चार ट्रस्टों (जनहित, परिवर्तन, जयहिंद और जयभारत) ने इस वर्ष कोई योगदान नहीं देने की घोषणा की है।

### प्रूडेंट और प्रोग्रेसिव ट्रस्ट का दबदबा

प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट भाजपा को चंदा देने वाला प्रमुख डोनर बनकर उभरा है, जिसने पार्टी को कुल 2,180.07 करोड़ रुपये दिए। इस ट्रस्ट को मुख्य रूप से जिंदल स्टील एंड पावर, मेघा इंजीनियरिंग, भारती एयरटेल, ऑरोबिंदो फार्मा और टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स जैसी कंपनियों से फंड मिला था। प्रूडेंट ने कांग्रेस, टीएमसी, आप और टीडीपी को भी दान दिया, लेकिन इसके कुल 2,668 करोड़ रुपये के फंड का लगभग 82 प्रतिशत हिस्सा अकेले भाजपाको गया। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने कांग्रेस, टीएमसी, आप और टीडीपी और दूसरी पार्टियों को डोनेशन दिया, लेकिन 2024-2025 में उसके कुल 2,668 करोड़ रुपये के डोनेशन का बड़ा हिस्सा भाजपाको गया। इसी तरह, प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विभिन्न कंपनियों से 917 करोड़ रुपये जुटाए, जिसमें से 914.97 करोड़ रुपये दान किए गए। इस राशि का भी 80.82 प्रतिशत हिस्सा भाजपाके खाते में गया। इस ट्रस्ट में मुख्य योगदान टाटा समूह की कंपनियों जैसे टाटा संस, टीसीएस, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स और टाटा पावर का रहा।

### अन्य ट्रस्टों का योगदान

मुंबई स्थित केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड, जनप्रगति इलेक्टोरल ट्रस्ट को दान देने वाली एकमात्र फर्म रही। ट्रस्ट को मिले कुल 1.02 करोड़ रुपये में से 1 करोड़ रुपये शिवसेना (यूबीटी) को दान किए गए। हार्मनी इलेक्टोरल ट्रस्ट को 35.65 करोड़ रुपये मिले, जिसमें से उसने 30.15 करोड़ रुपये भाजपाको दिए। इसमें भारत फोर्ज (22 करोड़) और कल्याणी स्टील जैसी कंपनियों का मुख्य योगदान रहा। न्यू डेमोक्रेटिक इलेक्टोरल ट्रस्ट को महिंद्रा समूह की कंपनियों से कुल 160 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जिसमें से 150 करोड़ रुपये भाजपाको दिए गए। ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट को मिले 25 करोड़ रुपये में से 21 करोड़ रुपये भाजपाको मिले, जिसमें छत्र पावर का सर्वाधिक योगदान था। वहीं, जनकल्याण ट्रस्ट को मिले कुल 19 लाख रुपये को भाजपाऔर कांग्रेस के बीच बराबर (9.5 लाख प्रत्येक) बांट दिया गया।

### बदली हुई व्यवस्था

उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) में भाजपाको कुल 3,967.14 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक योगदान मिला था, जिसमें 43 प्रतिशत हिस्सा इलेक्टोरल बॉन्ड का था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बॉन्ड योजना को असंवैधानिक घोषित किए जाने के बाद, अब कंपनियां चेक, डीडी या यूपीआई ट्रांसफर के जरिए सीधे या इलेक्टोरल ट्रस्ट के माध्यम से दान करती हैं, जिसकी जानकारी चुनाव आयोग को देना अनिवार्य है।

# अब एमएसपी से कम दर पर धान खरीदी पर होगी कार्रवाई

### धान के समर्थन मूल्य को लेकर अन्नदाता किसान संगठन की जीत

पद्मेश न्यूज ।बालाघाट। अन्नदाता किसान संगठन के पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि बीते कुछ वर्ष पूर्व उन्होंने न्यायालय में एक याचिका दायर की थी, जिसमें धान की खरीदी केवल समर्थन मूल्य पर ही किए जाने की मांग की गई थी। संगठन के अनुसार न्यायालय से उन्हें इस मामले में सफलता मिली है। अब यदि किसी भी




शासकीय अथवा अन्य संस्था द्वारा किसानों से धान की खरीदी की जाती है, तो वह केवल निर्धारित समर्थन मूल्य के आधार पर ही की जाएगी। पदाधिकारियों ने बताया कि यदि कोई संस्था समर्थन मूल्य से कम दर पर धान खरीदती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई के प्रावधान भी तय किए गए हैं। इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा और शोषण पर रोक लगेगी।

जिले सहित प्रदेश में किसानों को धान का उचित समर्थन मूल्य दिलाने के लिए विभिन्न किसान संगठन लगातार प्रयास कर रहे हैं। सभी संगठनों का उद्देश्य यह है कि किसानों द्वारा उत्पादित धान को अधिकतम समर्थन मूल्य मिल सके। सरकार बनने से पहले भाजपा सरकार द्वारा किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रूपये प्रति क्विंटल दिए जाने की घोषणा की गई थी, जिसे चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाने की बात कही जा रही है। इसी बीच अन्नदाता किसान संगठन ने किसानों के हित में बीते कुछ वर्ष पूर्व धान की खरीदी को लेकर न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका का उद्देश्य था कि किसानों से धान की खरीदी केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर ही की जाए। इस संबंध में 21 दिसंबर को अन्नदाता किसान संगठन द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली मनोहर श्रीवास्तव, अरविंद चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य सामान्य धान के लिए 2369 रूपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान के लिए 2389 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद पूर्व में ग्रामीण क्षेत्रों, मंडियों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा किसानों से धान की खरीदी समर्थन मूल्य से कम दर पर की जा रही थी। संगठन ने इसी अनियमितता के खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की थी। उनका तर्क था कि जब सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है, तो किसानों से इससे कम दर पर धान खरीदी जाना अनुचित है। यदि बोली की प्रक्रिया भी होती है, तो उसकी शुरुआत न्यूनतम समर्थन मूल्य से ही की जानी चाहिए। अन्नदाता किसान संगठन ने बताया कि अब न्यायालय का फैसला किसानों के पक्ष में आया है। इसके तहत यदि कोई भी शासकीय , अन्य अधिकृत संस्था किसानों से धान की खरीदी करती है, तो उसे निर्धारित समर्थन मूल्य पर ही करनी होगी। यदि कोई संस्था समर्थन मूल्य से कम दर पर धान खरीदती है और किसान इस पर आपत्ति दर्ज कराता है, तो संबंधित संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रावधान भी तय किए गए हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025 को दे दी अपनी मंजूरी,

# नाम ही नहीं, नियम भी बदले मनरेगा बना वीबी-जी राम जी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम दी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

बता दें, इस बिल पर देत रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था। लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना आनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि जब भी कांग्रेस सत्ता में आएगी, तो वो इसका फिर नाम बदलेंगे। इन सब हंगामों के बीच इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। हालांकि संसद में विपक्ष ने इस बिल का पुरजोर विरोध किया था। इतना ही नहीं, इसके बाद विपक्ष ने संविधान सदन के बाहर पूरी रात धरना भी दिया था। इस कानून के मुताबिक अब पात्र ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन तक मजदूरी आधारित काम उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी होगी। इसका सीधा उद्देश्य गांवों में रहने वाले श्रमिकों, किसानों और भूमिहीन परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक सुरक्षा देना है। सरकार का कहना है कि इससे गांवों में गरीबी कम होगी और लोगों को अपने ही क्षेत्र में काम मिलेगा।

### सशक्तिकरण और समावेशी विकास पर जोर

सरकार का कहना है कि नए कानून का मकसद केवल रोजगार देना नहीं है, बल्कि ग्रामीण समाज का समग्र सशक्तिकरण करना भी है। वीबी-जी राम जी के तहत समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सरकार का दावा है कि यह कानून महिलाओं, कमजोर वर्गों और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलेगी। सरकार चाहती है कि ग्रामीण इलाकों में चल रही योजनाएं एक-दूसरे से जुडक़र ज्यादा प्रभावी परिणाम दें। सडक़ों, जल संरक्षण, सिंचाई, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कामों को रोजगार से जोडक़र गांवों की तस्वीर बदलने की योजना है। इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गति दोनों बढ़ेंगी। वीबी-जी राम जी कानून में संतृप्ति आधारित डिलीवरी को खास महत्व दिया गया है। इसका मतलब यह है कि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार का कहना है कि अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और आजीविका का लाभ पहुंचाना इस कानून का मूल उद्देश्य है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता कम होगी और विकास का लाभ सभी तक पहुंचेगा। सरकार का मानना है कि यह कानून समृद्ध, मजबूत और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत की नींव को और पुख्ता करेगा। रोजगार बढने से गांवों में आय के साधन मजबूत होंगे और शहरों की ओर पलायन पर भी रोक लगेगी। वीबी-जी राम जी को ग्रामीण भारत के भविष्य के लिए निर्णायक कदम माना जा रहा है, जो लंबे समय तक देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा।

# कोहरे में छिपा ताजमहल, कड़ाके की ठंड जारी, कई जगह विजिबिलिटी शून्य

लखनऊ, । यूपी में कड़ाके की ठंड और भीषण कोहरे का कहर जारी है। यहां सीजन में पहली बार पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया। पिछले 24 घंटे में सुल्तानपुर 4.7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा रहा। बाराबंकी में पारा 4.8, अयोध्या में 5, बरेली में 5.1डिग्री सेल्सियस और शाहजहांपुर में पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार सुबह 28 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच गई। ज्यादातर शहरों में धूप नहीं निकली। सर्द हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ीं। कुछ जगह सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

बता दें शनिवार को प्रदेश के 17 जिलों में शिमला 11.8 और नैनीताल 9डिग्री सेल्सियस से ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। जालौन में शीतलहर को देखते हुए गौशालाओं में हीटर लगवाए गए। इस बीच मौसम विभाग ने लखनऊ, सीतापुर समेत पूरे अवध क्षेत्र के लिए अगले 2 दिन भीषण ठंड और घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। अधिकतर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

कोहरे की वजह लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली समेत तमाम रेलवे स्टेशनों पर 70 से ज्यादा ट्रेनें लेट चल रही हैं। एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट्स लेट हैं। ठंड की वजह से पिछले दिनों से 11 शहरों में स्कूल बंद हैं। लखनऊ समेत 10 जिलों में स्कूलों की टाइमिंग भी बदली गई है। सरकार भी अलर्ट मोड पर है। लोगों से अपील की है कि बेवजह घर से बाहर न निकलें। हाईवे पर गाड़ियों की स्पीड लिमिट 60 से 80 के बीच कर दी गई है। किसानों का कहना है कि कोहरा गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद है, लेकिन आलू, दलहन और मटर के लिए नुकसानदायक है।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले—

# एसआईआर का विरोध करने वाले हैं खुद कंफ्यूज

जोधपुर। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को मुंबई से जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने गोवा में आयोजित हालिया कला उत्सव की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी यह अनूठा कला उत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उत्सव में प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया और कला प्रेमियों को भावविभोर कर दिया।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। शेखावत ने कहा कि जो लोग आज एसआईआर का विरोध कर रहे हैं, वे ही कुछ समय पहले इसकी मांग कर रहे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि विरोध करने वालों को खुद यह स्पष्ट नहीं है कि वे किस बात का विरोध कर रहे हैं। केवल विपक्ष में होने के कारण विरोध करना ही उन्होंने अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी समझ ली है।



केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, कुछ ऐसे लोग भी हैं जो थोड़े दिन पहले तक एसआईआर लागू करने की मांग कर रहे थे और अब उसी प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। यह दर्शाता है कि वे खुद कंफ्यूज हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार और चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैं और हर कदम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

संसद में विपक्ष के लगातार विरोध और हंगामे को लेकर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है, जहां जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को धरातल पर उतारने को लेकर सार्थक चर्चा होनी चाहिए। दुर्भाग्य से कुछ लोग संसद को चर्चा का मंच बनाने के बजाय अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का अखाड़ा बना देते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह रवैया न तो लोकतंत्र के हित में है और न ही जनता के। सरकार की प्राथमिकता देश के विकास और आम नागरिकों के हितों को आगे बढ़ाने की है, जबकि चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है।

# एच-1बी वीजा संकट- अमेरिका की नई नीति से भारत में फंसे हजारों आईटी पेशेवर

नई दिल्ली। दिसंबर के महीने में वर्क परमिट के नवीनीकरण और छुट्टियों के लिए भारत आए हजारों एच-1बी वीजा धारक इस समय एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों द्वारा अचानक और बिना किसी पूर्व सूचना के वीजा अपॉइंटमेंट रद्द किए जाने के कारण भारी संख्या में भारतीय पेशेवर देश में ही फंस गए हैं। जिन लोगों के साक्षात्कार 15 से 26 दिसंबर के बीच तय थे, उन्हें अब कई महीनों बाद की नई तारीखें दी जा रही हैं। इस अप्रत्याशित देरी ने न केवल कर्मचारियों के करियर पर सवालिया निशान लगा दिया है, बल्कि अमेरिकी तकनीकी कंपनियों के संचालन को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

इस अनिश्चितता के बीच दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी गूगल ने अपने कर्मचारियों के लिए एक आंतरिक मेमो जारी कर स्थिति की गंभीरता को उजागर किया है। कंपनी ने अपने एच-1बी वीजा धारक कर्मचारियों को सख्त सलाह दी है कि वे वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचें। गूगल का मानना है कि लंबे समय तक अमेरिका से बाहर फंसे रहने का जोखिम अब काफी बढ़ गया है। यह पहली बार नहीं है जब गूगल ने ऐसी सावधानी बरतने को कहा है; इससे पहले भी कंपनी अपने कर्मचारियों को देश के भीतर रहने की सलाह दे चुकी है। उल्लेखनीय है कि गूगल प्रतिवर्ष लगभग एक हजार एच-1बी पेशेवरों को नियुक्त करता है, और इस प्रक्रिया में देरी से कंपनी के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर असर पड़ सकता है।जानकारों और आव्रजन विशेषज्ञों का मानना है कि अपॉइंटमेंट रद्द होने के पीछे अमेरिका की नई और सख्त वीजा-जांच नीति एक प्रमुख कारण है। इस नीति के तहत अब आवेदकों की सोशल मीडिया गतिविधियों और उनकी ऑनलाइन मौजूदगी की बेहद गहन समीक्षा की जा रही है। अमेरिकी अधिकारियों का तर्क है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर यह प्रक्रिया उन लोगों की पहचान करने के लिए अनिवार्य है जो भविष्य में जोखिम पैदा कर सकते हैं।

यह पूरा घटनाक्रम वर्तमान अमेरिकी प्रशासन की व्यापक आव्रजन-विरोधी नीतियों का हिस्सा माना जा रहा है। एच-1बी कार्यक्रम, जो कभी उच्च-कुशल विदेशी पेशेवरों के लिए अमेरिका के द्वार खोलता था, अब कड़े प्रतिबंधों के घेरे में है। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा प्राप्त करने वालों में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी भारतीयों की है।

# मध्यप्रदेश में कोहरे का कहर, ठंड ने तोड़े रिकॉर्ड

**- सीजन में पहली बार 3 डिग्री से नीचे पारा**

भोपाल। मध्यप्रदेश में सर्दी और घने कोहरे ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। हालात यह हैं कि रीवा में सुबह के वक्त 50 मीटर के आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा। रविवार को ग्वालियर समेत प्रदेश के 18 शहर घने कोहरे की गिरफ्त में रहे, जबकि कई इलाकों में मध्यम स्तर का कोहरा दर्ज किया गया। शनिवार को शहडोल जिले के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। प्रदेश में पहली बार पारा 3 डिग्री से नीचे पहुंचा है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार सुबह ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, उमरिया और कटनी में घना कोहरा छाया रहा। वहीं भोपाल, शाजापुर, देवास, सीहोर, रायसेन और विदिशा में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जहां दृश्यता 2 से 4 किलोमीटर तक सीमित रही।

# अरुणाचल में जासूसी का खुलासा, नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत, एजेंसियां अलर्ट

## आरोपी सेना की गतिविधियों और सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच स्थानीय लोगों ने एलएसी के पास चीनी सेना की मौजूदगी और संभावित घुसपैठ की जानकारी दी।

मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया है कि गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों और अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे। शुरुआती जांच में इस नेटवर्क के चीन से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। सुरक्षा विशेषज्ञ इसे 'हाइब्रिड वॉर' की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं, जिसमें जासूसी, घुसपैठ और सैन्य दबाव को एक साथ इस्तेमाल किया जाता है। राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने कहा है कि जासूसी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों का दावा है कि सितंबर 2024 से चीनी सेना ने अंजाव जिले के कपापु क्षेत्र में करीब 60 किमी अंदर तक शिविर बनाए हैं। उनका कहना है कि हालात 2022 जैसे हैं। हालांकि, सरकार की ओर से इसे 'ओवरलैपिंग पेट्रोलिंग' बताया जा रहा है। इस दौरान तिब्बत के ल्हुंजे एयरबेस पर चीन की गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है। यहां मैकमोहन लाइन से करीब 40किमी दूर 36 हार्डेंड एयरक्राफ्ट शेल्टर्स बनाए जाने और स्टेल्थ जेट्स की तैनाती की जानकारी सामने आई है।

जांच एजेंसियों के मुताबिक पकड़े गए संदिग्ध स्थानीय के साथ घुल-मिलकर स्लीपर सेल विकसित करने की कोशिश कर रहे थे। कुछ बांग्लादेशी युवकों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। वेस्ट सियांग के एसपी का कहना है कि यह मामला असम और अरुणाचल से जुड़े एक बड़े जासूसी मॉड्यूल का हिस्सा हो सकता है। एजेंसियां इसे ऐसी रणनीति से जोड़कर देख रही हैं, जिसमें पाकिस्तान प्रॉक्सी की भूमिका निभा सकता है।

11 दिसंबर को ईटानगर से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के नजीर अहमद मलिक और सबीर अहमद मीर को गिरफ्तार किया गया था। दोनों व्यापारी बनकर घूम रहे थे और एन्क्रिप्टेड टेलीग्राम चैनलों के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे। जांच के मुताबिक उन्हें अवैध घुसपैठ में मदद और हथियार तस्करी के लिए कूरियर बनने के निर्देश मिले थे। 13 दिसंबर को कश्मीर के दो अन्य युवक भी पकड़े गए थे। जांच में नेटवर्क के असम तक फैले होने के संकेत मिले हैं। तेजपुर से वायुसेना के एक रिटायर्ड अधिकारी कुलेंद्र शर्मा की गिरफ्तारी को भी इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है।

रक्षा विशेषज्ञ 1999 के करगिल युद्ध का हवाला देते हुए पूर्वोत्तर में संभावित 'टू-फ्रंट' दबाव की आशंका जता रहे हैं। उनके मुताबिक, भारत ने लद्दाख, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में करीब 1.20 लाख सैनिक तैनात किए हैं।

# शाजापुर में बनेगा मेडिकल कॉलेज, शुजालपुर को मिलेगा आयुर्वेदिक कॉलेज

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अपनेपन से कुछ और बेहतर करने की नई ऊर्जा मिलती है। शाजापुर जिले ने प्रदेश को विचारों की दिशा दी है। इसलिए विकास में पहला हक भी शाजापुर का है। हम शाजापुर जिले के विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे। मक्सी के साथ-साथ अब शाजापुर में भी बदलाव की बयार बह रही है। हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक विकसित और समृद्ध प्रदेश बनायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शाजापुर जिले के जनप्रतिनिधियों, उद्योग संघ, डाक्टर्स एसोशिएशन, कर्मचारी संघ, अधिवक्ता संघ, उद्योग भारती के गणमान्य जनों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पहारों के साथ अंगवस्त्रम ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री निवास पर अभिनन्दन कर आभार व्यक्त किया। बीते 2 साल के दौरान शाजापुर जिले को विकास की विभिन्न सौगातें देने के लिए आयोजित इस अभिनंदन समारोह में जिले के जनप्रतिनिधियों ने बीते दो साल की उपलब्धियों का हर्षित होकर जिक्र किया और समवेत् स्वर में 2 साल-बेमिसाल का उद्घोष किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 मेट्रोपोलिटन एरिया के बीच में शाजापुर सबसे अच्छी जगह है। शाजापुर 2 मेट्रोपोलिटन का केन्द्र बिन्दु है। शाजापुर में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा। वहीं शुजालपुर में भी आयुर्वेदिक कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है। मक्सी बहुत पहले औद्योगिक केन्द्र बन गया था लेकिन उसका विकास रूका हुआ था। अब मक्सी भी विकास की नई राह पर है। शाजापुर में भी विकास के कई काम हो रहे हैं। उन्होंने शाजापुर जिले के नागरिकों से कहा कि हम आपके लिए वो सब कुछ करेंगे, जो आप चाहेंगे। शाजापुर के विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश का गौरव हैं। दो साल की अल्प अवधि में भी मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश की काया पलट दी है। शाजापुर जिले को तो सबसे अधिक सौगातें मिली हैं। इसलिए यहां के नागरिक अभिभूत हैं। हम सब हमेशा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के ऋणी रहेंगे। विधायक भीमावद ने कहा कि इन्दौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन रीजन के प्रस्तावित क्षेत्र में शाजापुर जिले के अधिकांश हिस्सा को इस रीजन के दायरे में ले लिया गया है। इससे संपूर्ण जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है, क्योंकि अब इस क्षेत्र के विकास की नई गति मिलेगी। विधायक भीमावद ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर विधानसभा के मक्सी क्षेत्र में 8000 करोड़ रुपये निवेश वाली सोलर प्लेट बनाने वाले उद्योग की सौगात दी है। इसका भूमि-पूजन भी हो चुका है। इससे जिले के विकास को नये पंख मिल गये हैं। उन्होंने बताया कि शाजापुर जिला 2 महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं (पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना एवं नर्मदा-कालीसिंध परियोजना) से लाभान्वित हुआ। शाजापुर में मेडिकल कॉलेज की सौगात, आलू-प्याज की मंडी को मंजूरी, शाजापुर शहर का एबी रोज-4 लेन, मक्सी से मोहन बड़ौदिया बायपास निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इन सभी सौगातों से जिले के सभी नागरिक बेहद खुश और अभिभूत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## न्यूज गैलरी

### डेंजर रोड में ऑटो खाई में पलटी- एक व्यक्ति घायल



पदमेश न्यूज।बालाघाट। नगर समीप डेंजर रोड बाईपास पर ऑटो अनियंत्रित होकर रोड किनारे खाई में पलट गई। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार एक व्यक्ति घायल हो गया हर व्यक्ति मंगल पिता भंडारी बाहेश्वर 42 वर्ष ग्राम सुरवाही थाना भरवेली निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। इस दुर्घटना में अन्य लोगों को मामूली चोटे आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगल बाहेश्वर अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करते है, जिनकी बेटी की शादी ग्राम सतोना में तय हुई है और माह फरवरी में शादी है। 21 दिसंबर को मंगल बाहेश्वर अपने परिवार के साथ ऑटो में वारासिवनी शॉपिंग करने गए थे और वारासिवनी मे शॉपिंग करने के बाद सभी लोग ऑटो में वारासिवनी से अपने घर सुरवाही लौट रहे थे। शाम 5ः00 बजे करीब डेंजर रोड बाईपास से बालाघाट की आते समय आमघाट के आसपास ऑटो अनियंत्रित होकर के रोड किनारे खाई में पलट गई। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार मंगल बाहेश्वर घायल हो गए वहीं अन्य लोगों को मामूली चोट आई। अत्यधिक चोट लगने से घायल मंगल बाहेश्वर को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

### कृषक को सांप ने काटा



पदमेश न्यूज। बालाघाट। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खुटीया में इसी ग्राम के एक कृषक कुंवरलाल पिता चेतराम देवारे 60 वर्ष को कृषि कार्य के दौरान खेत में सांप ने काट दिया। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंवरलाल देवारे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 21 दिसंबर को 12ः00 बजे कुंवरलाल देवारे कृषि कार्य करने के लिए अपने खेत गए थे और अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उनके बाए पैर के पंजे में किसी सांप ने काट दिया। सांप काटने के बाद कुंवरलाल देवारे अपने घर पहुंचा। जिसे उनके बेटे चितेश देवारे ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# मनरेगा का नाम बदलना स्वीकार नहीं!!

## योजना का नाम बदलने के विरोध में कांग्रेस का गांधी प्रतिमा के समक्ष धरना-प्रदर्शन







पद्मेश न्यूज। बालाघाट। सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदले जाने के विरोध में रविवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय हनुमान चौक स्थित गांधी प्रतिमा के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने सरकार के इस फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार मनरेगा योजना के तहत आमजन को पूरा रोजगार उपलब्ध नहीं करा पा रही है, दूसरी ओर योजना का नाम बदलकर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण जनता की जीवनरेखा है और इसके नाम से जुड़ी पहचान को बदलना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह अपने फैसले को तत्काल वापस ले और योजना का नाम यथावत रखा जाए।

केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर वीबी जी राम जी किए जाने से कांग्रेस में भारी रोष व्याप्त है। भाजपा सरकार द्वारा योजना का नाम बदले जाने के बाद से ही कांग्रेस ने प्रदेश सहित विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में 21 दिसंबर को बालाघाट शहर के हनुमान चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने कांग्रेस ने धरना-प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। धरना कार्यक्रम में कांग्रेस के विधायक, पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा बदले गए योजना के नाम को यथावत रखने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना की पहचान उसके नाम से जुड़ी हुई है और इसे बदलना जनता की भावनाओं के साथ अन्याय है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत पर्याप्त कार्य भी नहीं दिए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन गंभीर समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय सरकार केवल योजनाओं के नाम बदलने में लगी हुई है, जो पूरी तरह गलत है। धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार योजना का नाम पुनः यथावत नहीं रखती, तब तक वे इसी तरह सड़कों पर उतरकर आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार कुछ नया करना चाहती है तो नई योजनाएं शुरू करे, न कि पुरानी और जनहितकारी योजनाओं के नाम बदले।

### लोगों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई थी

**- संजय उईके**



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय उईके ने विरोध प्रदर्शन के दौरान अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस द्वारा शुरू की गई इस योजना से ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई थी। ग्रामीणों को 100 दिनों का रोजगार मिला, किसानों के खेतों में मेड़ बंधान जैसे कार्य हुए। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्कूलों सहित अनेक बड़े कार्य कराए जाते थे। उन्होंने कहा कि आज इस योजना का नाम बदलना पूरी तरह गलत है। धरना-प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सरकार द्वारा किए गए वादों को याद दिलाते हुए कहा कि सरकार सिर्फ वादे करती है, लेकिन उन्हें पूरा नहीं करती।

### इन्होने भी सरकार पर साधा निशाना



वारासिवनी विधायक विक्की पटेल ने मंच से कहा कि वे इस प्रकार योजनाओं के नाम बदले जाने पर चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार कांग्रेस के नेताओं और उनके द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का अपमान कर रही है, जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब-जब इस तरह की घटनाएं होंगी, वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि योजनाओं के नाम बदलने से सरकार की छोटी मानसिकता उजागर होती है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी योग्यता साबित करने के लिए नए कार्य और नई योजनाएं शुरू करनी चाहिए, लेकिन इसके बजाय वह कांग्रेस शासनकाल की योजनाओं को बंद करने और उनके नाम बदलने में लगी हुई है, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने इस दौरान कई स्थानीय मुद्दों को लेकर नगर पालिका और भाजपा के स्थानीय नेताओं पर तीखा हमला बोला। लांजी पूर्व विधायक हिना कावरे एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्याम पंजवानी ने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल योजना का नाम ही नहीं बदला है, बल्कि इसके पूरे अस्तित्व को ही बदलकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि जब भी देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, तब इन सभी योजनाओं को उनके मूल उद्देश्य के साथ पूरी मजबूती से लागू किया जाएगा।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने कार्रवाई

# पौनी मोहगांव में अजय ट्रेडस से 112 बोरी धान जब्त

पद्मेश न्यूज।बालाघाट। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों के हितों की रक्षा एवं किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में धान व्यापारियों एवं राइस मिलर्स के प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। यह निरीक्षण राजस्व, खाद्य आपूर्ति तथा वेयरहाउसिंग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा किया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यापारी या बिचौलिया किसान के नाम पर धान का विक्रय न कर सके।




इसी क्रम में 20 दिसंबर को अधिकारियों की टीम द्वारा पौनी मोहगांव क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में धान का अवैध भंडारण पाया गया। जांच में अजय ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान से 112 बोरी धान बरामद की गई, जिसे तहसीलदार बिरसा के निर्देश पर जब्त कर सीलिंग की कार्रवाई की गई। समर्थन मूल्य पर उपार्जन की अवधि समाप्त होने तक जब्त की गई इस धान बिक्री पर रोक लगा दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में इस प्रकार की निरीक्षण एवं कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि किसानों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके और खरीदी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी बनी रहे।

### ऑटो की टक्कर से स्कूटी सवार एक महिला घायल

पदमेश न्यूज। बालाघाट। उपनगरी बूढ़ी शिव मंदिर के पास ऑटो ने पीछे से स्कूटी को ठोस मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी में सवार एक महिला घायल हो गई घायल। महिला मान्या पति महेंद्र अहिरवार 29 वर्ष 36 बटालियन कनकी थाना लालबर्रा निवासी है। जिनका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मान्या अहिरवार गृहणी है। जिनका पति महेंद्र अहिरवार 36 बटालियन कनकी में पदस्थ है। 21 दिसंबर को मान्या अहिरवार अपनी बेटी पुकार के साथ स्कूटी में सब्जी खरीदने के लिए बालाघाट आई थी और वह अपने दोस्त मेघा डहरवाल घर मिलने उसके घर बूढ़ी चले गए थे। जिसके बाद मान्या अहिरवार, मेघा डहरवाल और अपनी बेटी पुकार के साथ स्कूटी में सब्जी खरीदने के लिए गुजरी गए थे। गुजरी से सब्जी खरीदने के बाद 3 बजे करीब तीनों स्कूटी में मेघा डहरवाल के घर बूढ़ी जा रहे थे। तभी बूढ़ी में ही शंकर मंदिर के पास पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ऑटो ने स्कूटी को ठोस मार दी। ऑटो की ठोकर से स्कूटी में सवार तीनों स्कूटी सहित गिर गए। जिनमें मान्या अहिरवार को हाथ पैर में चोटे आने से वह घायल हो गई वहीं उनकी बेटी पुकार और मेघा डहरवाल को चोटे नहीं आई। मान्या अहिरवार का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने मान्या अहिरवार का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी।

**आवश्यकता है**

| पद | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| अकाउंटेंट | 1 | M com/Tally का ज्ञान आवश्यक |
| मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह | 1 | MBA मार्केटिंग |
| सेल्स एक्जीक्यूटिव | 1 | ऑनलाइन मार्केटिंग का अनुभव |
| वेल्डर | 1 | 2 वर्ष का कार्य अनुभव |
| स्टोरकीपर | 1 | ग्रेजुएट तथा MS एक्सल का ज्ञान |
| सुपरवाइजर | 3 | ग्रेजुएट |
| सिक्युरिटी गार्ड | 3 | बारहवीं पास |

कृपया अपने रिज्यूम व्हाट्स ऐप नंबर 7974104139 पर प्रेषित करें।
प्रबंधक
**रिभा टाइल्स**
मेन रोड, बालाघाट




**हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस में रिपोर्टर्स और डिप्टी एडिटर्स को अवसर**

संपादकीय टीम और
न्यूज रूम में
हम भर्ती कर रहे हैं !!
हमारी टीम में शामिल हों !!

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस को ऐसे उप-संपादकों, सिटी रिपोर्टरों (सिटी डेस्क) की तलाश है जो समाचारों के प्रति जुनूनी हों और बुनियादी बातों से आगे बढ़कर मूल्यवर्धन करना जानते हों । हिन्दी भाषा का ज्ञान हो, किताबों में रूचि हो और तथ्यों को खबरों में बदलना आता हो !! ना भी आता हो तो भी ! हद दर्जे का जिज्ञासु होना जरूरी है !!

**हम चाहते हैं-**
हिन्दी समाचार लेखन में दक्षता और अपने समाचारों के फोटो वीडियो बनाने की क्षमता
समाचार के मूल्य, शीर्षकों और प्रस्तुति की गहरी समझ
रिपोर्टिंग और डिज़ाइन टीमों के साथ सुचारू रूप से समन्वय करने की क्षमता
यदि आप एक रचनात्मक और जिम्मेदार पत्रकार हैं या पत्रकारिता में आना चाहते हैं और सार्थक शहरी कहानियों, खबरों, हलचलों,घटनाओं, को आकार देना चाहते हैं, तो हमें आपसे संपर्क करने में खुशी होगी।
**आप हमारी टीम का हिस्सा बन सकते हैं !**
**अपना रिज्यूमे इस पते पर भेजें**
**[balaghatexpress@gmail.com]**
स्थान-बालाघाट एक्सप्रेस, काली पुतली चौक,बालाघाट

**पार्ट टाइम जॉब**

**हिन्दी टाईपिस्ट की आवश्यकता है**

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय में सांय 6 से 11 बजे तक कार्य हेतु हिन्दी टाईपिस्ट की आवश्यकता है।
पार्ट टाइम जॉब को प्राथमिकता देने वाले तत्काल संपर्क करें।
**वेतन-योग्यतानुसार**
**सम्पर्क- कार्यालय दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस**
काली पुतली चौक, बालाघाट (मप्र)मो.9425138710
ईमेल :-balaghateepress@gmail.com




**पैसा ठीक होने के बाद देना**
**शादी से पहले एवं शादी के बाद**
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**,
**स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट